05 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 194



पहलगाम हमलाः पीएम के दौरे के वक्त हमला करने वाले थे आतंकी

### भारत ने कर दी है पाकिस्तान की चौतरफा घेराबंदी

# प्रधानमंत्री ने वायु सेना प्रमुख के साथ की बैठक

- मोदी शनिवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल से मिले
- डीआरडीओ ने स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफार्म की टेस्टिंग की
- अरब सागर के लिए नेविगेशन अलर्ट जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/जम्मू कश्मीर।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में यह अहम बैठक हुई। इससे पहले नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी और उन्हें अरब सागर में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराया था।

एयर चीफ मार्शल और नरेंद्र मोदी के बीच दिल्ली में लोक कल्याण मार्ग स्थित पीएम आवास पर हुई। इसके पहले एयर चीफ मार्शल की प्रधानमंत्री से पिछले सप्ताह बैठक में मुलाकात हुई थी। उस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए थे। इसके बाद रविवार को यह एयर चीफ मार्शल से अलग से यह दूसरी बैठक थी।



## सैटेलाइट और ड्रोन के बीच की कड़ी के रूप में करता है काम

डिफेंस रीसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) ने मध्य प्रदेश के श्योपुर ट्रायल साइट से स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफार्म की पहली उड़ान की सफल टेस्टिंग की। इसे 17 किमी की ऊंचाई तक ले जाया गया। स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफार्म एक ऐसी टेक्नोलॉजी है, जो पृथ्वी की सतह से लगभग 20 से 50 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित वायुमंडलीय परत स्ट्रैटोस्फियर में काम करती है। यह तकनीक सैटेलाइट और ड्रोन दोनों के बीच की कड़ी के रूप में काम करती है। इसमें हाई-रेजोल्यूशन कैमरे, रडार, कम्यूनिकेशन ट्रांसमीटर्स और सिग्नल इंटेलिजेंस सिस्टम लगे होते हैं, जो ऊपर से निगरानी करते हैं।

## समुद्री जहाजों को खतरे के बारे में सतर्क करेगा यह यंत्र

भारतीय नौसेना के अरब सागर में चल रहे अभ्यास के मद्देनजर भारत के समुद्री अधिकारियों ने वाणिज्यिक जहाजों के लिए नेविगेशन चेतावनी जारी की है। नेविगेशन वॉर्निंग अलर्ट भारत के नेशनल हाइड्रोग्राफिक ऑफिस ने जारी किया है, जो भारतीय नौसेना के अधीन काम करता है। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाणिज्यिक जहाजों को इस क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी गयी है। समुद्री यात्रा के दौरान जहाजों में नेविगेशन सिस्टम यात्रियों और चालक दल को किसी खतरे (जैसे तूफान, चट्टान, विमान के रास्ते में कोई वस्तु आदि) के बारे में सतर्क करता है। यही नेविगेशन अलर्ट कहलाता है।

# पाकिस्तान को एक और झटका भारत ने बागलीहार डैम बंद किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/जम्मू कश्मीर।** भारत ने रविवार को चिनाब नदी पर बने बागलीहार डैम का पानी पाकिस्तान के लिए रोक दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कश्मीर में किशनगंगा बांध के जरिये झेलम नदी का पानी रोकने की योजना चल रही है। सूत्रों ने बताया कि जम्मू के रामबन में बागलीहार और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा हाइड्रोपावर डैम के जरिये भारत अपनी तरफ से पानी छोड़ने के टाइम को रेगुलेट कर सकता है। इन बांधों के जरिए पाकिस्तान को पहुंचने वाले पानी को बिना किसी पूर्व चेतावनी के कम किया जा सकता है या फ्लो को बढ़ाया भी जा सकता है।

बताते चलें कि कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। इसमें 26 पर्यटक मारे गये थे। इसके बाद से भारत, पाकिस्तान के खिलाफ कई कूटनीतिक फैसले ले चुका है, जिनमें सिंधु जल संधि को निलंबित, पाक नागरिकों का वीजा रद्द, अटारी-वाघा बॉर्डर बंद, पाकिस्तानी न्यूज यू ट्यूब चैनलों को बंद, डाक-पार्सल पर रोक और पाक के जहाजों को भारतीय बंदरगाह पर आने पर पबांदी शामिल है।

**पंजाब में दो पाकिस्तानी जासूस पकड़े गये :** पंजाब की अमृतसर पुलिस ने रविवार को दो जासूसों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों सैन्य छावनी और एयरफोर्स बेस की संवेदनशील सूचनाओं और तस्वीरों को विदेश भेज रहे थे। इनकी पहचान पलक शेर मसीह और सूरज मसीह के तौर पर हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के संबंध आइएसआइ से जुड़े ऑपरेटिव से हैं। इनका पाकिस्तान में संपर्क हरप्रीत सिंह उर्फ पिट्ठू उर्फ हैप्पी के माध्यम से बना, जो इस समय अमृतसर सेंट्रल जेल में बंद है।

**इमरान और बिलावल का एक्स अकाउंट बैन:** भारत में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व मंत्री बिलावल भुट्टो का एक्स अकाउंट बैन कर दिया गया है। वहीं, पाकिस्तान के फेमस सेलेब्रिटिज फवाद खान, अतिफ असलम,मावरा होकेन और मशहूर सूफी गायिका आबिदा परवीन के इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिये गये हैं। इससे पहले माहिरा खान, हानिया आमिर, सनम सईद, अली जफर सहित 13 फिल्मी हस्तियों के अकाउंट बंद किये गये थे।



## बीएसएफ ने पाकिस्तानी रेंजर को हिरासत में लिया


राजस्थान में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर पाकिस्तानी रेंजर को हिरासत में लिया। रेंजर पर जासूसी करने का आरोप है। बीएसएफ और सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ करेंगी।

- किशनगंगा बांध बंद करने की योजना
- बीएसएफ ने राजस्थान बार्डर पर पाकिस्तानी रेंजर को हिरासत में लिया
- पंजाब में दो पाकिस्तानी जासूस पकड़े गये
- इमरान और बिलावल का एक्स अकाउंट बंद
- फवाद खान, आतिफ असलम के इंस्टा अकाउंट भी ब्लॉक









आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 मई, 2025
www.azadsipahi.in



## पहलगाम आतंकी हमले में बड़ा खुलासा

# पीएम के दौरे के वक्त हमला करने वाले थे आतंकी

### वंदे भारत का उद्घाटन टला तो पहलगाम को दहलाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जम्मू कश्मीर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद जांच में परत दर परत नये खुलासे हो रहे हैं। जांच में पता चला है कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर खुफिया एजेंसियों को जो इनपुट मिले थे, उसके अनुसार आतंकियों के निशाने पर वंदे भारत ट्रेन थी। देश की सर्वाधिक गति वाली ट्रेनों में से एक वंदे भारत के कश्मीर तक पहुंचने से वे बौखलाए हुए थे। वे इस ट्रेन के उद्घाटन के अवसर पर ही हमला करना चाहते थे। जब इसके उद्घाटन की तारीख टल गयी तो आतंकियों ने पहलगाम में पर्यटकों का नरसंहार कर दिया। सुरक्षा एजेंसियों को इनपुट मिले थे कि आतंकवादी कटरा से श्रीनगर के लिए पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देना चाहते हैं।

हालांकि कटरा क्षेत्र में तेज हवा चलने के पूर्वानुमानों के कारण प्रधानमंत्री की 19 अप्रैल को होने वाली यात्रा स्थगित कर दी गयी थी।

**चीनी कंपनी के सैटेलाइट फोन का किया गया इस्तेमाल :** पहलगाम आतंकी हमले की जांच के दौरान अहम खुलासा हुआ है कि हमले के वक्त बायसरन इलाके में प्रतिबंधित चीनी कंपनी हुवावे के सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल हुआ था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने आशंका जतायी कि फोन पाकिस्तान या किसी अन्य देश से तस्करी कर लाया गया था।

देश में चीनी दूरसंचार कंपनियां हुवावे और झोंगक्सिंग टेलीकम्युनिकेशन इक्विपमेंट (जेडटीइ) को 5जी नेटवर्क के लिए उपकरण बेचने की इजाजत नहीं है। हालांकि इन पर कोई स्पष्ट प्रतिबंध नहीं है, लेकिन भारतीय दूरसंचार कंपनियों ने हुवावे व जेडटीइ को 5जी रोलआउट से बाहर कर दिया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये कंपनियां केंद्र सरकार की ओर से तय किये गये विश्वसनीय स्रोत की शर्त को पूरा नहीं करती हैं।

चीनी उपकरणों से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं के चलते भारतीय दूरसंचार कंपनियां यूरोपीय उपकरण इस्तेमाल करने के लिए ज्यादा पैसे देने को भी तैयार हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड ने भी हुवावे को अपने 5जी नेटवर्क से प्रतिबंधित कर दिया था। ये चारों देश कनाडा के साथ फाइव आइज इंटेलिजेंस शेयरिंग गठबंधन के सदस्य देश हैं।



### लश्कर-ए-तैयबा के साथ आइएसआइ और पाकिस्तानी सेना ने की मिलीभगत

इससे पहले, एनआइए की जांच में पहलगाम आतंकी हमले में लश्कर-ए-तैयबा के साथ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ और वहां की सेना की मिलीभगत का खुलासा हुआ है। एनआइए ने कश्मीर घाटी के करीब 20 ओवरग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) की पहचान की है। इन पर हमलावर आतंकियों की मदद करने का आरोप है। एजेंसी इन सभी से पूछताछ कर रही है। जांच में पता चला कि लश्कर ने आइएसआइ और पाकिस्तानी सेना के साथ मिलकर पहलगाम के बायसरन में हुए आतंकी हमले की साजिश रची थी। दो हमलावर हाशमी मूसा उर्फ सुलेमान और अली भाई उर्फ तल्हा पाकिस्तानी नागरिक हैं। ये पाकिस्तान में बैठे अपने सरगनाओं के लगातार संपर्क में थे और उनसे निर्देश ले रहे थे।

### 2800 से अधिक लोगों से पूछताछ, 180 से अधिक हिरासत में

सूत्रों ने बताया कि एनआइए अब तक 2800 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है। इसके अलावा 180 से अधिक लोग अभी हिरासत में हैं। हिरासत में लिये गये संदिग्ध ओवर ग्राउंड वर्कर, जमात-ए-इस्लामी और हुर्रियत के विभिन्न गुटों से जुड़े लोग हैं। एजेंसी पहलगाम के आसपास के मार्गों और सार्वजनिक जगहों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

## पहलगाम हमलाः चार में से दो आतंकी कश्मीरी

### पर्यटकों से की दोस्ती फिर घटना वाली जगह ले जाकर गोली मारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/पहलगाम।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में गुस्से का माहौल है। इस हमले में 26 पर्यटकों की मौत हुई थी। आतंकियों ने पर्यटकों का धर्म पूछकर निशाना बनाया। इस हमले की जांच एनआइए कर रही है। इस बीच आतंकियों को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम हमले के चार आतंकवादियों में से दो जम्मू में कठुआ की तरफ से भारत में वापस आये और हमले से पहले पर्यटकों के साथ घुलमिल गये थे। इन आतंकियों ने पर्यटकों को एक फूड कोर्ट में इकट्ठा किया था।

**पर्यटकों के बीच घुल-मिल गये थे दो आतंकी:** सूत्रों के मुताबिक पहलगाम हमले के चार आतंकियों में से दो दक्षिण कश्मीर से थे। वे पहले अटारी बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान गये थे। लेकिन उनके भारत वापस आने का कोई रेकॉर्ड नहीं है। माना जा रहा है कि वे जम्मू में कठुआ की तरफ से भारत में वापस आये। ये आतंकी पर्यटकों के बीच घुल मिल गये। उन्हें फूड कोर्ट में इकट्ठा किया। इसके बाद अन्य दो आतंकियों ने पर्यटकों से धर्म पूछकर गोलियां चलायीं। गोली चलाने वाले आतंकी पाकिस्तान के थे।

### चार-पांच दिनों से बैसरन के आसपास थे आतंकी

एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादी 4-5 दिनों से बैसरन के आसपास ही थे। यह बिना स्थानीय लोगों की मदद के मुमकिन नहीं था। खुफिया जानकारी में वायरलेस चैट से भी पता चला था कि आतंकवादी उसी इलाके में हैं। लेकिन उनके संचार सेट अलग होने के कारण बातचीत को समझा नहीं जा सका। सरकार को इस बात की चिंता है कि हथियारबंद आतंकवादी खुलेआम घूम रहे हैं। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थलों से स्नाइपर राइफल, एम-सीरीज राइफल और कवच-भेदी गोलियां जैसे आधुनिक हथियार बरामद किये हैं। शक है कि ये अफगानिस्तान में नाटो सैनिकों के बचे हुए हथियार हैं।

# पाकिस्तान ने फिर दी परमाणु हमले की गीदड़भभकी

### पाकिस्तान के राजदूत ने रूस में कहा कि अगर भारत उस पर हमला करता है तो इस्लामाबाद अपने पूरे सैन्य शस्त्रागार का इस्तेमाल कर सकता है, जिसमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मॉस्को/इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान एक के बाद एक भारत के खिलाफ परमाणु हथियार के इस्तेमाल की धमकी दे रहा है। पाकिस्तान इसलिए बौखलाया हुआ है क्योंकि उसे पता है कि अगर भारत हमला करता है, तो उसका टिक पाना नामुमकिन है। इस बार पाकिस्तान ने भारत के दोस्त के घर से दिल्ली को धमकी देने की कोशिश की है। रूस में पाकिस्तान के राजदूत ने चेतावनी दी है कि अगर भारत ने उस पर हमला किया या अगर नयी दिल्ली ने पाकिस्तान की जल आपूर्ति बाधित की तो इस्लामाबाद अपने पूरे सैन्य शस्त्रागार का इस्तेमाल कर सकता है, जिसमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं।

शनिवार को रूसी ब्रॉडकास्टर आरटी को दिये गये एक इंटरव्यू में बोलते हुए मास्को में पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक मुहम्मद खालिद जमाली ने कहा, कि इस्लामाबाद के पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है जो बताती है कि भारत पाकिस्तानी क्षेत्र पर सैन्य हमले की योजना बना रहा है। मॉस्को में पाकिस्तान के राजदूत ने गीदड़भभकी देते हुए कहा कि कुछ दस्तावेज लीक हुए हैं जिनके मुताबिक पाकिस्तान के कुछ क्षेत्रों पर हमला करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि इसलिए हमें लगता है कि ऐसा होने वाला है और यह निश्चित है।



### पाकिस्तान की परमाणु बम गिराने की धमकी

पाकिस्तान की तरफ से अभी तक परमाणु धमकी देने वाले लोगों में नेता और रिटायर्ड अधिकारी शामिल रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों में ये पहली बार है जब किसी शीर्ष डिप्लोमेट की तरफ से परमाणु हमले की धमकी दी गयी है। उन्होंने कहा, हम पाकिस्तान में पारंपरिक और परमाणु, दोनों तरह की पूरी शक्ति का इस्तेमाल करेंगे। जमाली की यह धमकी 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आयी है, जिसमें 26 लोग मारे गये थे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को सस्पेंड कर दिया, जिससे आने वाले कुछ सालों में पाकिस्तान में जल संकट होने की आशंका बन गयी है। 1960 में किया गया सिंधु जल संधि एक ऐसा समझौता है, जिसे विश्व बैंक ने मध्यस्थता करके दोनों देशों के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के वितरण को नियंत्रित किया था। यह संधि भारत और पाकिस्तान के बीच कई युद्धों के बावजूद कायम रही और इसे लंबे समय तक तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों में एक दुर्लभ स्थिर व्यवस्था के रूप में देखा जाता रहा। जमाली ने भारत के फैसले को 'एक्ट ऑफ वॉर' कहा है। उन्होंने कहा, निचले तटवर्ती क्षेत्र के पानी को हड़पने, उसे रोकने या उसकी दिशा बदलने का कोई भी प्रयास पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई होगी और इसका जवाब पूरी ताकत से दिया जायेगा, जिसमें पूरी ताकत भी शामिल होगी।

## पाकिस्तानी हैकर्स पीडीएफ फाइल भेजकर साइबर अटैक कर रहे

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तानी हैकर्स ने अब साइबर हमलों के जरिए भारतीय यूजर्स को ऑनलाइन फ्रॉड के जाल में फंसाना शुरू कर दिया है। इन हमलों में यूजर्स के कंप्यूटर, लेपटॉप और मोबाइल को निशाना बनाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 'ट्रांसपेरेंट ट्राइब' पाकिस्तानी हैकिंग ग्रुप नामक मैलवेयर सॉफ्टवेयर को फैलाने की कोशिश कर रहा है। इनमें ऐसी पीडीएफ फाइल भेजी जा रही हैं, जो सरकारी फाइल्स जैसी दिखती हैं, लेकिन इनमें फिशिंग लिंक छिपे होते हैं।

## पाक सांसद बोले, युद्ध छिड़ा तो वह इंग्लैंड भाग जायेंगे

**इस्लामाबाद (आजाद सिपाही)।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के सदस्य शेर अफजल खान मरवत ने कहा कि अगर दोनों देशों के बीच युद्ध छिड़ता है तो वह इंग्लैंड भाग जायेंगे। दरअसल अफजल पत्रकार के सवालों का जवाब दे रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि अगर भारत के साथ युद्ध होता है तो क्या वह बंदूक लेकर सीमा पर जायेंगे? तो मरवत ने कहा कि अगर भारत के साथ युद्ध होता है तो मैं इंग्लैंड चला जाऊंगा।

# पहलगाम हमले पर राजनाथ सिंह की दो टूक- जैसा आप चाहते हैं, वैसा ही होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पहलगाम हमले को लेकर कहा कि रक्षा मंत्री के तौर पर मेरी जिम्मेदारी सशस्त्र बलों के साथ काम करना और भारत पर बुरी नजर रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना है। इसके साथ ही उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि आप हमारे प्रधानमंत्री को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं, उनकी कार्यशैली और दृढ़ संकल्प से परिचित हैं।

दिल्ली में आयोजित संस्कृति जागरण महोत्सव को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'राजनीति' शब्द दो शब्दों 'राज' और 'नीति' से मिलकर बना है... लेकिन विडंबना यह है कि राजनीति शब्द अपना अर्थ खो चुका है। मुझे पूज्य संतों का आशीर्वाद चाहिए... मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए ताकि हम इसे भारत की राजनीति में पुनः स्थापित कर सकें। राजनाथ सिंह ने कहा, एक राष्ट्र के रूप में हमारे वीर सैनिकों ने हमेशा भारत के भौतिक स्वरूप की रक्षा की है, जबकि दूसरी ओर हमारे ऋषियों और मनीषियों ने भारत के आध्यात्मिक स्वरूप की रक्षा की है। एक ओर जहां हमारे सैनिक रणभूमि पर लड़ते हैं, वहीं दूसरी ओर हमारे संत जीवनभूमि पर लड़ते हैं। एक रक्षा मंत्री के रूप में यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं अपने सैनिकों के साथ मिलकर देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करूं। हमारे देश पर हमला करने की हिम्मत करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना मेरी जिम्मेदारी है।




## असम में पाकिस्तान का समर्थन करने पर अब तक 39 लोग गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुवहाटी।** असम में पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान का समर्थन करने पर रविवार को दो लोगों को गिर्पतार किया गया। इन्हें मिलाकर असम में अब तक 39 लोग गिरफ्तार किये गये हैं। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि देशद्रोहियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, किसी को बख्शा नहीं जायेगा।



## कांग्रेस ने माना, ऑपरेशन ब्लू-स्टार गलती थी

# 80 के दशक में कांग्रेस से हुई गलतियों की मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूंः राहुल गांधी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बॉस्टन (अमेरिका)।** अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी से सिख युवक ने ऑपरेशन ब्लू स्टार पर सवाल किया था। इस पर राहुल गांधी ने माना कि 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार गलती थी। इस पर उन्होंने कहा- जो भी गलतियां 80 के दशक में कांग्रेस से हुईं, मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। इस कार्यक्रम का वीडियो रविवार को वायरल हुआ। इसके बाद, बीजेपी आइटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा- अब राहुल गांधी की आलोचना सिर्फ भारत में नहीं, बल्कि विदेशों में भी होने लगी है। पिछले महीने अप्रैल में राहुल गांधी ब्राउन यूनिवर्सिटी के एक ओपन इवेंट में पहुंचे थे। इस दौरान एक कार्यक्रम में सिख युवक ने राहुल गांधी से पुराने बयान का हवाला देते हुए कहा-आप सिखों की बात करते हैं, लेकिन आप सिखों के बीच डर पैदा करते हैं कि बीजेपी क्या करेगी। हमें अभिव्यक्ति की आजादी चाहिए, जो कांग्रेस के राज में नहीं थी।

युवक ने आगे कहा- आनंदपुर साहिब रेजोल्यूशन दलित अधिकारों की बात करता है, लेकिन कांग्रेस ने उसे अलगाववादी करार दिया। वहीं कोर्ट ने सज्जन कुमार को सजा दी, लेकिन कांग्रेस में आज भी कई सज्जन कुमार जैसे लोग हैं।

इस पर राहुल गांधी ने कहा- मुझे नहीं लगता कि सिख किसी चीज से डरते हैं। कांग्रेस की ये गलतियां तब की हैं, जब मैं वहां नहीं था, लेकिन कांग्रेस के इतिहास में जो कुछ भी गलत हुआ, मैं उसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं।



### सिख दंगों में 3 हजार से ज्यादा सिख मारे गये

1980 के दशक में इंदिरा गांधी सरकार ने पंजाब में उग्रवाद के खिलाफ ऑपरेशन ब्लू स्टार चलाया था। इसमें भिंडरांवाले की मौत हुई थी और अकाल तख्त को भारी नुकसान पहुंचा था। इसके बाद इंदिरा गांधी की हत्या हुई और देशभर में सिख विरोधी दंगे भड़के। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इन दंगों में 3,000 से ज्यादा सिख मारे गये थे।

# एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची गर्भवती महिला की हुई मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** एंबुलेंस के लाचार व्यवस्था के कारण एक आदिवासी गर्भवती महिला की मौत हो गयी। दुमका जिला के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के कुडंबा गांव के 30 वर्षीय गर्भवती महिला विनीता हेंब्रम (30) की इलाज के अभाव में मौत हो गयी। विनीता की मौत से उसके चार बच्चे अनाथ हो गये हैं। गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतका के पति सोम मुर्मू ने बताया कि पत्नी को बच्चा होने वाला था, इसके लिए रविवार सुबह करीब 10 बजे एंबुलेंस को फोन किया गया, लेकिन वह नहीं आयी। गांव की स्वास्थ्य सहिया द्वारा 11 बजे एंबुलेंस को फोन किया तब जाकर एंबुलेंस गांव पहुंची। तब तक विनीता की हालत बिगड़ चुकी थी। उसे गोपीकांदर सीएचसी में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिर प्राइवेट वाहन से शव घर लाये। सोम मुर्मू ने बताया कि घर तक वाहन नहीं जाता है, इसीलिए सड़क पर उतार दिया गया। जिसके बाद खाट से विनीता के शव को घर लेकर गया, मृतका के पति ने आरोप लगाया है कि यदि एंबुलेंस सही समय पर पहुंचता तो उसकी पत्नी और बच्चे की जान बच सकती थी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.5 °c | 19.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.18 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.13 बजे |



# संविधान बचाओ रैली में जातिगत जनगणना की सच्चाई बतायेगी कांग्रेस : केशव महतो कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 6 मई को रांची में प्रदेश कांग्रेस की ओर से संविधान बचाओ रैली आयोजित की जायेगी। रैली को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे संगठन महासचिव, केसी बेनू गोपाल, झारखंड के प्रभारी के राजू, श्रीबेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष, विधायक दल के नेता और प्रदेश के तमाम वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। इसके लिए पुराना विधानसभा स्थित ग्राउंड में तैयारी जारी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के मुताबिक, रैली के दौरान कांग्रेस जातिगत जनगणना की सच्चाई से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अवगत करायेगी ताकि आम लोगों तक पूरा सच सामने आ सके। जातिगत जनगणना की मांग का मोदी सरकार लंबे समय से मजाक उड़ाती रही और इसके विरोध में बातें करती थी लेकिन कांग्रेस के निरंतर दबाव और राहुल गांधी द्वारा मुखर होकर जातिगत जनगणना को सामाजिक न्याय के लिए आवश्यक बताकर लगातार संघर्ष करने के कारण केंद्र सरकार इस मांग को मानने को बाध्य हो गयी और जातिगत जनगणना करने की घोषणा की। कहा कि विगत दिनों कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद प्रस्ताव पारित कर विभिन्न मांग की गयी। इन मांगों में प्रमुख रूप से संविधान के अनुच्छेद 15 (5) को तत्काल लागू करना शामिल है ताकि दलित, आदिवासी, ओबीसी समुदाय को निजी शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण मिल सके। जातिगत जनगणना में देरी नहीं होनी चाहिए। जनगणना की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध होनी चाहिए जिसमें संसद में तत्काल बहस और बजट का प्रावधान हो। जाति जनगणना के आंकड़ों का उपयोग आरक्षण शिक्षा, रोजगार और कल्याण नीतियों की मजबूती के लिए किया जाये।

श्री कमलेश ने कहा कि संविधान बचाओ रैली में जातिगत जनगणना के संदर्भ में इन मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाया जायेगा। खासकर अनुच्छेद 15 (5) के अविलंब क्रियान्वयन की मांग को लेकर रैली में आने वाले लोगों को भाजपा के बहुजन विरोधी सोच जातिगत जनगणना के विरोध और सामाजिक न्याय को दबाने के प्रयासों को विस्तार से बताया जायेगा ताकि पंचायत स्तर तक के ग्रामीणों तक यह बात पहुंचे कि किस तरह भाजपा उनके संवैधानिक अधिकारों को लगातार कुचल रही है।

## संविधान विरोधी भाजपा के मंसूबे को पूरा नहीं होने देंगे : डॉ एम तौसीफ

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ एम तौसीफ ने कहा कि 6 तारीख को संविधान बचाओ रैली रांची के विधानसभा मैदान में ऐतिहासिक होने जा रही है। हजारों की संख्या में झारखंड के कोने-कोने से कांग्रेस के कार्यकर्ता और समर्थक रैली में शामिल होंगे। डॉ तौसीफ ने राज्य की जनता से अनुरोध किया है कि 6 तारीख को संविधान बचाओ रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लें और संविधान बचाने का संकल्प लें।

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली नौटंकी खुद 79 बार किया संशोधन : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' को लेकर कड़ा प्रहार किया है। पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बार-बार संविधान की मूल भावना से खिलवाड़ किया है और लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास किया है। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के 60 वर्षों के शासन में 79 बार संविधान संशोधित किया गया, जिनमें अधिकांश संशोधन सत्ता में बने रहने और तुष्टीकरण की राजनीति के लिए किये गये। उनका आरोप था कि कांग्रेस ने संविधान को घोषणापत्र की तरह इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि संविधान लागू होने के कुछ समय बाद ही पहला संशोधन पंडित नेहरू ने कराया, जिससे अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सीमित हुई और प्रेस की आजादी पर अंकुश लगाया गया।

मरांडी ने अनुच्छेद 35 ए को भी असंवैधानिक बताते हुए कहा कि इसे संसद के बजाय राष्ट्रपति के आदेश से लागू किया गया, जो प्रक्रिया का उल्लंघन था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सत्ता और संविधान दोनों को अपनी जागीर समझती रही है। कांग्रेस पर राष्ट्रपति शासन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि गैर-कांग्रेसी सरकारों को गिराने के लिए अनुच्छेद 356 का बार-बार दुरुपयोग हुआ। 1966 से 1977 के बीच 25 संशोधन इसका प्रमाण हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये गोलकनाथ केस के निर्णय को पलटने के लिए लाये गये 24वें संविधान संशोधन और केशवानंद भारती केस में सुप्रीम कोर्ट की 'बेसिक स्ट्रक्चर' अवधारणा को लेकर कांग्रेस की आलोचना की। कहा कि न्यायपालिका में दखल देने के लिए इंदिरा गांधी ने वरिष्ठ जजों को दरकिनार कर एएनरे को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया।

आपातकाल के दौरान किये गये 42वें संशोधन को मिनी संविधान बताते हुए उन्होंने कहा कि यह न्यायपालिका, संसद और मौलिक अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश थी। प्रस्तावना में समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष जैसे शब्द जोड़ने को उन्होंने जनमत के खिलाफ और तुष्टीकरण से प्रेरित बताया। राजीव गांधी सरकार पर हमला करते हुए मरांडी ने शाहबानो केस का ज़िक्र किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के फैसले को कानून बनाकर पलट दिया गया। इसे उन्होंने समानता के अधिकार (अनुच्छेद 14) का उल्लंघन बताया।

राहुल गांधी द्वारा संसद में कैबिनेट पेपर फाड़े जाने को मरांडी ने संसदीय गरिमा का अपमान करार दिया। साथ ही इडी और न्यायालय के खिलाफ कांग्रेस द्वारा दिये गये बयानों और प्रदर्शनों को संविधान का अपमान बताया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल शरीयत को संविधान से ऊपर रखने जैसे बयान देकर संवैधानिक व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। मुस्लिम आरक्षण को लेकर सच्चर और रंगनाथ मिश्रा आयोग की सिफारिशों को उन्होंने आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने की साज़िश बताया। मरांडी ने मांग की कि कांग्रेस अपने इतिहास के लिए देश की जनता से माफी मांगे। प्रेसवार्ता में पार्टी प्रवक्ता राफिया नाज और योगेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

# संविधान बचाओ रैली सिर्फ कार्यक्रम नहीं, एक संकल्प होगा : गुंजन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने रविवार कांग्रेस भवन, रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 6 मई को रांची में आयोजित होने जा रहे राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली सिर्फ कार्यक्रम नहीं एक स़ंकल्प होगा। संविधान बचाओ रैली स्वाभिमान की लड़ाई है, संविधान सिर्फ कागज और डायरी में बंद करने वाली चीज नहीं है, देश में संविधान है तो हम सब हैं, संविधान नहीं रहेगा तो हम सामाजिक न्याय का हिस्सा नहीं बन पायेंगे और न ही हम सुरक्षित रह पायेंगे। संविधान हमें बोलने, रहने और राष्ट्र हित में कुछ करने की आजादी देती है।

उन्होंने कहा कि संविधान बचाओ रैली में शिरकत करने आधी आबादी को अधिकार दिलवाने की बात कहने वाली नेत्री अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्षत अलका लांबा 05 मई को रांची पहुंच रही हैं। राज्य भर से महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता भारी संख्या में रैली में शामिल होंगी। रैली संबंधित सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। संवाददाता सम्मेलन में मुख्य रूप से पिंकी सिंह, पार्वती सिंह, नीतू देवी, शाहनाज खातून, सीमा साहू, अनिता सहाय आदि शामिल थीं।

### झारखंड में 'पाकिस्तानियों भारत छोड़ो' कार्यक्रम चलायेगी भाजपा

# भाजपा आज शहीद चौक से डीसी कार्यालय तक जुलूस निकालेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में रह रहे वैध एवं अवैध पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल भारत से निकालने की मांग को लेकर सोमवार को रांची में प्रदेश भाजपा की ओर से पाकिस्तानियों भारत छोड़ो कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। रांची महानगर,जिला, भाजपा की ओर से जिला स्कूल मैदान (शहीद चौक) से भाजपा, रांची महानगर जिला द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान झारखंड में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को चिह्नित कर अविलंब देश से बाहर निकालने की मांग की जायेगी। इसे लेकर 5 मई को जिला स्कूल मैदान से पाकिस्तानियों भारत छोड़ो कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के दौरान आक्रोश प्रदर्शन होगा और जिला स्कूल मैदान से उपायुक्त कार्यालय तक जुलूस निकलेगा। पाकिस्तानियों पर तत्काल कार्रवाई हेतु भाजपा के प्रतिनिधिमंडल द्वारा रांची उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा जायेगा। पार्टी ने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं और अन्य से शामिल होने की अपील की है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | नौकरी में आपसी मतभेद दूर होंगे, आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा। |
| वृष | कामों में व्यवधान आयेंगे.जहां तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें। |
| मिथुन | आज का दिन काफी कुछ शुभ फलदायी है, व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा। |
| कर्क | ग्रहयोग आज आपके पक्ष में नहीं है, परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी। |
| सिंह | अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है। |
| कन्या | आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार का कार्य तेजी से चलेगा। |
| तुला | आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा, किसी काम से आपको पैसा मिलेगा। |
| वृश्चिक | नौकरी में पदोन्नति, बेरोजगारों को जीविकोपार्जन का साधन उपलब्ध होगा। |
| धनु | विशिष्ट कार्य सिद्धि,यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा,अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो। |
| मकर | पत्नी-पुत्र का सुख मिलेगा, अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों से आप संबंध घनिष्ठ करने की चेष्टा करें। |
| कुंभ | अनिवार्य कामों में आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है। |
| मीन | आपने जिस पर भी आज तक भरोसा किया होगा, ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा। |

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

### कल्याण मंत्री ने किया आदिवासी कॉलेज छात्रावास का औचक निरीक्षण

# आदिवासी बच्चों के भविष्य के लिए हेमंत सरकार प्रतिबद्ध: चमरा लिंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** रविवार को कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने बुंडू स्थित आदिवासी कॉलेज छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की मूलभूत सुविधाओं, प्रबंधन व्यवस्था और विद्यार्थियों की स्थिति का मूल्यांकन किया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री चमरा ने छात्रावास में रह रहे छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। छात्रों ने भोजन, पढ़ाई, स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें सामने रखीं, जिन पर मंत्री ने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

**सभी आदिवासी छात्रावास में हो समुचित व्यवस्था :** श्री लिंडा ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी इस राज्य का भविष्य हैं। हमारी सरकार आपकी शिक्षा, सुरक्षा और सुविधा के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। मेरी प्राथमिकता है कि सभी छात्रावास में समुचित खानपान, पढ़ाई, पुस्तकालय, स्वच्छता और देखरेख की व्यवस्था सुनिश्चित हो।

मंत्री श्री चमरा लिंडा ने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विशेष बैठक कर आदिवासी छात्रावासों की स्थिति में व्यापक सुधार हेतु योजनाओं पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आने वाले समय में राज्य के हर आदिवासी छात्रावास में कुक, लाइब्रेरियन, वार्डन और सफाईकर्मी की स्थायी नियुक्ति की जायेगी। बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण भोजन भी उपलब्ध कराया जायेगा।

## भवन निर्माण में अनियमितता पर सख्ती

निरीक्षण के दौरान श्री लिंडा ने छात्रावास के नये भवन निर्माण कार्य में पायी जा रही अनियमितताओं पर नाराजगी जतायी। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य की गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## संघर्ष की प्रेरणादायक बातों से छात्रों को किया उत्साहित

कल्याण मंत्री ने अपने संघर्षों की कहानी साझा करते हुए छात्रों से कहा कि मैं भी आप लोगों की तरह एक साधारण आदिवासी परिवार से आया हूं। जो कुछ भी आज हासिल किया है, वह माता-पिता के त्याग और अपनी मेहनत का परिणाम है। आप सबको आगे बढ़ने के लिए सिर्फ अवसर चाहिए और वह अवसर सरकार उपलब्ध करा रही है। अब बारी आपकी है कि आप मेहनत से अपने और अपने समाज का भविष्य संवारें। इस मौके पर तमाड़ विधायक विकास मुंडा, विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, प्रबंधन समिति के सदस्य और कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### धर्मांतरण और विवाह पर वायरल एफिडेविट पर पूर्व मुख्यमंत्री ने साधा निशाना

# आदिवासी बेटियों को निशाना बना रहे लव जिहादी : चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम।** धनबाद की एक युवती का एफिडेविट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उसके मुस्लिम धर्म अपनाने और विवाह करने का उल्लेख है। इस प्रकरण को लेकर झारखंड की राजनीति में नया बवाल खड़ा हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस मुद्दे पर सोशल मीडिया एक्स के जरिए सरकार पर निशाना साधा है।

चंपाई सोरेन ने अपने पोस्ट में कहा कि झारखंड में एफिडेविट के आधार पर धर्म परिवर्तन अथवा विवाह वैध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह लव जिहाद का हिस्सा है और लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि नीमडीह की एक पूर्व घटना की तरह ही, इस बार भी युवती की उम्र 19 वर्ष बतायी जा रही है, जो संदेहास्पद प्रतीत होती है। एफिडेविट में न तो तस्वीर है, न ही किसी प्रकार का प्रमाण पत्र संलग्न है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने झारखंड धर्म स्वतंत्र अधिनियम (2017) का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में धर्म परिवर्तन से पूर्व संबंधित व्यक्ति को जिलाधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य है। नियमों के उल्लंघन पर सजा का प्रावधान होने के बावजूद, राज्य सरकार ऐसे मामलों में कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रही है।

उन्होंने यह भी उठाया कि जब युवक और युवती दोनों एक ही गांव के निवासी हैं, तो फिर धर्म परिवर्तन के लिए पश्चिम बंगाल के आसनसोल और विवाह प्रमाण पत्र के लिए वीरभूम का सहारा क्यों लिया गया? इससे यह संदेह और गहरा हो जाता है कि कहीं कोई सुनियोजित षड्यंत्र तो नहीं चल रहा है।

चंपाई सोरेन ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार इन मामलों में चुप्पी साधे बैठी है क्योंकि उसे समाज की सुरक्षा और बेटियों की चिंता से अधिक अपने वोट बैंक की फिक्र है। उन्होंने बोकारो में बीएसएल प्रबंधन द्वारा हाल ही में पकड़े गये बांग्लादेशी घुसपैठियों का जिक्र करते हुए पूछा कि ऐसे मामलों में भी सरकार की चुप्पी क्या दर्शाती है?

उन्होंने समाज से अपील की कि ऐसे मुद्दों पर सजग और जागरूक रहकर सख्त कदम उठाने होंगे, अन्यथा यह घटनाएं लगातार बढ़ती जायेंगी। प्रेम के नाम पर छलावा, जबरन धर्मांतरण और विवाह जैसे मामलों में आदिवासी बेटियों को निशाना बनाया जा रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

# लातेहार में नक्सलियों का तांडव, आठ वाहनों में लगायी आग

### खनिज सर्वे करने वाली कंपनी सीएमपीडीआइ की साइट पर धावा बोला

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** नक्सलियों ने शनिवार की रात जमकर उत्पात मचाया. नक्सलियों ने इस दौरान चंदवा थाना क्षेत्र के तोरीसोत गांव के पास खनिज सर्वे करने वाली कंपनी सीएमपीडीआइ की साइट पर धावा बोला और वहां खड़ी दो ड्रिलिंग मशीन समेत 8 गाड़ियों में आग लगा दी। नक्सलियों की ओर से फायरिंग की भी करने की सूचना मिल रही है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर बालूमाथ डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की।

दरअसल चंदवा थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत तोरीसोत गांव के पास खनिज सर्वे कंपनी का साइडिंग बनाया गया था। कंपनी के द्वारा क्षेत्र में कोयला का सर्वे किया जा रहा था। इसी बीच शनिवार देर रात हथियारबंद नक्सली साइट पर पहुंचे और वहां फायरिंग करते हुए गाड़ियों में आग लगा दी। नक्सलियों ने यहां दो ड्रिलिंग मशीन, दो कार, दो पिकअप और दो ट्रक में आग लगा दी। लगभग 1 घंटे तक हंगामा करने के बाद नक्सली वहां से चले गये। घटना की जानकारी मिलने के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर डीएसपी विनोद रवानी के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की।

'घटना के संबंध में मैं इतना कहना चाहूंगा कि मामले की जांच हो रही है, पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर सर्च अभियान चला रही है' **-विनोद रवानी, डीएसपी, बालूमाथ।**

## काफी सुदूर है इलाका

बता दें घटनास्थल काफी सुदूर इलाका है। यह इलाका लातेहार-चतरा और रांची का बॉर्डर इलाका है। काफी सुदूर इलाका होने के कारण इस इलाके में नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना मिलते रहती है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से यह इलाका पूरी तरह शांत था लेकिन नक्सलियों ने एक बार फिर से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच नीट परीक्षा हजारीबाग में संपन्न



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग में कड़ी सुरक्षा के बीच नीट परीक्षा संपन्न कराया गया। इस बार जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। प्रश्न पत्र निर्धारित लॉकर से कड़ी सुरक्षा के बीच विभिन्न परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया गया। सावधानी बरतते हुए छात्रों को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया गया। दरअसल पिछले वर्ष हजारीबाग से ही प्रश्न पत्र लीक हुआ था। इसके बाद विभिन्न जांच एजेंसी हजारीबाग पहुंची थी। इस कारण भी पूरे देश की नजर इस परीक्षा को लेकर हजारीबाग में टिकी हुई है। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने विभिन्न परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण इस दौरान किया। इन्होंने बताया कि सभी नियम का पालन करते हुए परीक्षा संपन्न कराया जा रहा है। पिछले दिनों सभी प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी, सेंटर सुपरिटेंडेंट व अन्य अधिकारियों को निर्देश भी जारी किया था। स्पष्ट किया था कि शांतिपूर्ण व सदाचार मुख्य परीक्षा संपन्न कराया जाये। हजारीबाग में कुल आठ परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। सीसीटीवी कैमरे से पूरी परीक्षा पर नजर रखी जा रही है हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि 200 से अधिक बल परीक्षा केंद्र में तैनात किये गये थे। स्ट्रांग रूम से प्रश्न पत्र विभिन्न केंद्र में कड़ी सुरक्षा के बीच में पहुंचाया गया। उन्होंने कहा सुरक्षा को लेकर वह सभी नियम का पालन किया गया है जो एसओपी में सुनिश्चित किया गया है।

## संविधान बचाव महारैली को लेकर कांग्रेस ने की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** आगामी 6 मई को रांची के धुर्वा मैदान में आयोजित संविधान बचाओं महारैली की तैयारी को लेकर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक रविवार को झारखंड कार्यालय में हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रभारी शारदा रंजन दुबे और असगर अली उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी एवं संचालन नारायण महतो ने किया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने महारैली की तैयारी को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में आयोजित महारैली को सफल करने को लेकर अलग-अलग पंचायत के लिए अलग-अलग प्रभारी और प्रखंड स्तर पर महारैली तैयारी समिति का गठन किया गया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई राष्ट्रीय नेता भाग लेंगे। भाजपा देश की संविधान को बदलना चाहती है जिसे बदलने नहीं दिया जायेगा। भारत में जातीय जनगणना कराने को लेकर कांग्रेस ने एक लंबी लड़ाई लड़ी, जिसके कारण भारत सरकार को जातीय जनगणना कराने की घोषणा करनी पड़ी। प्रभारी ने कहा कि जातीय जनगणना की घोषणा अखबार के हेडलाइन की जगह कहीं डेडलाइन में तब्दील न हो जाये, इसलिए आंदोलन करते रहना होगा। बैठक में मुख्य रूप से सुरेंद्र मिश्र, गुलाब राम, राम जन्म राय, मुखिया उत्तम महतो, इफरोज अंसारी, शिव लाहकार, कमरुल अंसारी, मोहम्मद आसिफ अंसारी, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, फिरोज अंसारी, दशमी कुमारी, त्रिवेणी मंडल, जाकिर हुसैन समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कोडरमा जेजेए जिला अध्यक्ष के निधन पर शोक





**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जेजेए (झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन) के कोडरमा जिलाध्यक्ष आलोक कुमार सिन्हा के आकस्मिक निधन पर हजारीबाग जेजेए जिला कमिटी और हजारीबाग प्रेस क्लब ने संयुक्त रूप से दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जेजेए जिला अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता ने कहा कि आलोक सिन्हा जैसे कर्मठ पत्रकार और जेजेए के स्तंभ के रूप में खड़े रहने वाले अब हमारे बीच नहीं है। वहीं उपस्थित अन्य पत्रकारों ने कहा कि आलोक सिन्हा सदा पत्रकारों के लिए खड़े रहते थे, ऐसे साथी के जाने से पत्रकार जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। शोक व्यक्त करने वालों में उपाध्यक्ष दीपक सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सुबोध मिश्रा, अरविंद राणा, गौरव प्रकाश, सीतेश तिवारी, अमरकांत, पीयूष मिश्रा, भावेश मिश्रा, सुशांत सोनी, रवि शर्मा, बबलू उपाध्याय, अनिल कुमार, आशीष यादव, सूरज कुमार, सुनील श्रीवास्तव समेत कई उपस्थित थे।

## आदिवासी खेत में बने चुआड़ से बुझाते हैं प्यास



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सरकार द्वारा हर घर जल के दावों के बीच हजारीबाग जिले के टाटीझरिया प्रखंड के घने जंगलों के बीच बसे पानिमाको गांव के आदिवासी आज भी स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं। खेत में बने डाडी चुआड़ का रिसता पानी उनकी जरूरत को पूरी कर रहा है, जो स्वच्छता मानक पर पीने योग्य नहीं है। इससे यहां के लोगों में अनेक तरह की बीमारियां होती रहती है। दो टोलों में बसे लगभग 55 घरों की आबादी करीब 400 की है। बड़की पानिमाको के लोग पूरे वर्ष खेत में बने डाडी चुआड़ के मटमैला, दूषित और दुर्गंध युक्त पानी के भरोसे अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन कर रहें हैं। गांव की सानी देवी बताती हैं कि वह डाडी का पानी पीती हैं, खाना बनाती है। बच्चों का तबियत खराब हो जाता है। मंजू टुडू कहती है कि डाडी का पानी पीने से सर्दी-खांसी हो जाता है। सीताराम टुडू कहते हैं कि बरसात में डाडी का पानी भर जाता है, उसी दूषित पानी को पीने से बीमार पड़ जाते हैं। जलमीनार लगा हुआ है, लेकिन काम नहीं करता है। शिबू टुडू ने बताया कि गंदा पानी पीने से बीमार पड़ जाते हैं। बता दें कि बड़की पानिमाको में तीन चापाकल हैं। दो बिल्कुल खराब पड़ा हुआ है। एक चापाकल से चार बाल्टी पानी गिरने के बाद बंद हो जाता है। इस संबंध में पेयजल विभाग के जेई दिनेश एक्का से दूरभाष पर पूछने पर बताया कि पानिमाको में पानी समस्या की जानकारी उन्हें मिली है। वह जल्द ही मिस्त्री भेजकर खराब पड़े चापाकल को दुरुस्त करवा देंगे। बड़की पानिमाको निवासी पंडरी देवी, दशमी देवी, बाबूलाल टुडू, दासो टुडू, जगदीश टुडू, छोटन टुडू, प्रमिला कुमारी, रंजनती कुमारी, टुला मांझी, दुरका मांझी, तुलसी मांझी, सुखदेव टुडू, सहदेव टुडू, महेंद्र टुडू, महादेव टुडू, जागेश्वर बास्के आदि कहते हैं कि यहां के गरीब, अनपढ़ आदिवासियों को दूषित पानी पीने से तरह-तरह की बीमारियां फैलती है। वह बरसात के दिनों में मटमैला दूषित पानी जहां पीने को विवश हैं। वहीं गर्मी के दिनों में एक डाडी चुआड़ के भरोसे वह अपनी प्यास बुझाते हैं।

# आरोग्यम अस्पताल में महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

## डॉक्टर और अस्पताल प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता





**हजारीबाग।** शहर के डिस्ट्रिक बोर्ड स्थित आरोग्यम अस्पताल में पथरी के इलाज के बाद एक महिला की मौत हो गयी। मौत के बाद महिला के परिजनो ने अस्पताल में हंगामा किया। मृत महिला बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बंडासिंघा गांव निवासी प्रयाग गोस्वामी की पत्नी चीना देवी है। मृतक चीना देवी के पुत्र पवन गोस्वामी ने अस्पताल मैनेजमेंट और डॉक्टर पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरी मां की मौत डॉक्टर के लापरवाही और गलत इलाज के कारण हुआ है। साथ ही मैनेजमेंट पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल मैनेजमेंट मनमानी करता है। पवन गोस्वामी ने बताया कि अपनी मां चीना देवी का आरोग्यम अस्पताल में पथरी का ऑपरेशन फरवरी माह में करवाया था, उसके बाद उसे लगातार समस्या आने लगी। पुनः इन्होंने अस्पताल से संपर्क स्थापित किया।

अस्पताल में दो दिन पूर्व फिर से ऑपरेशन किया गया, मगर महिला की मौत हो गयी। मौत के बाद घंटों तक परिजनों ने शव नहीं उठाया और लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने को आवेदन भी दिया। अस्पताल में मरीज की मौत के बाद उनके परिजनों ने जमकर बवाल काटा। अस्पताल प्रबंधक जया सिंह ने सभी आरोप को गलत बताया। कहा कि मरीज के परिजनों द्वारा लगाये जा रहे सभी आरोप गलत है। मरीज के आंत में समस्या आई थी। सीटी स्कैन करने के बाद मरीज के परिजनों को जानकारी दी गयी थी। परिजनों के इजाजत के बाद ऑपरेशन कि गयी थी। कोई भी चिकित्सक जानबूझ कर मरीज का गलत इलाज नहीं करता है।

## चलकुशा: सड़क दुर्घटना में दो की मौत

# परिजनों ने सड़क पर पति-पत्नी का शव रख किया विरोध प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**चलकुशा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रागडीह समीप ट्रेक्टर और टेंपू कि भिड़त में दो की मौत हो गयी। बता दें कि शुक्रवार की शाम तीव्र गति से बालू लोड करने जा रही ट्रेक्टर रागडीह समीप टेंपू को जोरदार टक्कर मार दी। इस बीच टेंपू में सवार एक ही परिवार के सात सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जैनुल मियां अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बरकट्ठा-चलकुशा का मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बीस सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी, मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, दशरथ यादव, बसंत पांडेय, पहुंचकर पीड़ित परिवार संग मिलकर वह भी धरना पर बैठ गये। बीस सूत्री अध्यक्ष समेत परिजनों ने कहा यह घटना का दुसरा दिन है पीड़ित परिवार को अभी तक प्रसासन के द्वारा अभी तक किसी प्रकार का संतावना नहीं मिला है। दो मृतक को दस दस लाख का मुआवजा दिया जाये। अभी परिवार के पांच सदस्य जिंदगी और मौत से जूझ रही है। इलाज के लिए पैसे नहीं हैं।

## 21 मई से 23 मई तक होगी पंचमुखी हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा

# तैयारियों को लेकर बैठक की



आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** श्री राम भक्त हनुमान के पंचमुखी रुप का दर्शन और पूजन करने का इंतजार की घड़ियां जल्द समाप्त होने वाली है। पंचमुखी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होने के साथ हीं यह अवसर श्रद्धालुओं को मिलना शुरू हो जायेगा। बाबा बालक नाथ मंदिर प्रांगण में रविवार को पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया सुरेश यादव और संचालन मुकेश चौधरी ललटू चौधरी ने किया। बैठक में टाटीझरिया में आगामी 21 मई से 23 मई 2025 तक आयोजित होने वाले श्री श्री पंचमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का ध्वजारोहण 11 मई 2025 को किये जाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में कहा गया कि अधिक से अधिक श्रद्धालु ग्रामीणों से संपर्क कर उन्हें इसमें सहभागी बनायें। बैठक में प्रचार-प्रसार, यज्ञ मंडप, कथा पंडाल, स्वागत सत्कार, सहयोग राशि आदि विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर अधीरचंद्र तिवारी, रजनीकांत चौधरी, राजकुमार दास, दीपक दास, प्रकाश गुप्ता, संतोष मिश्रा, सुशील चौधरी, पंकज चौधरी, शंभू साव, गौरव चौधरी, राजू यादव, सोनू पांडेय, रंजीत तिवारी, सनोज अगेरिया, छोटन साव, कुंदन सिंह, संतोष यादव आदि मौजूद रहे।

## हजारीबाग सांसद का कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पर किया भव्य स्वागत

# हर व्यक्ति को सनातनी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आगे आना होगा : मनीष जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** पंचबहिन मंदिर प्रांगण, बादम, बड़कागांव में आयोजित श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ के छठे दिन पहुंचकर माथा टेक कर इश्वर से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना किया। वहीं कीर्तन मंडली के साथ झाल बजाकर कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। साथ हीं साथ मौजूद श्रद्धालुओं के साथ जयघोष किया तथा पंचवाहिनी मंदिर परिसर की सुरक्षा को लेकर चारदीवारी निर्माण को लेकर पहल करने को कहा। आज प्रत्येक व्यक्ति को सनातनी व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर आगे आना होगा। इस बीच कार्यकताओं द्वारा बड़कागांव मुख्य चौक एंव बादम बस स्टैंड चौक पर सांसद मनीष जायसवाल



### महायज्ञ पहुंचकर टेका मत्था, क्षेत्र की खुशहाली का कामना की

**महायज्ञ के माध्यम से इस क्षेत्र में भक्ति की अनुपम बयार बह रही है। यज्ञ मंडप में भक्तजन और श्रद्धालुगण 24 घंटे की निर्बाध परिक्रमा का तप कर रहें हैं, सुबह- शाम आरती, भजन और सायंकाल भगवत कथा का आयोजन हो रहा है। अखंड- कीर्तन में बंगाल से पहुंचे विशेष नृत्य- संगीत जत्था आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पंचबहिन मंदिर प्रांगण, बादम, बड़कागांव में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ के छठे दिन पहुंचकर यज्ञ मंडप में माथा टेका और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र बना है, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का भी साधन बना है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ते हैं, आस्था को मजबूत करते हैं और संस्कृति की जड़ों को सींचते हैं। मौके पर लोकसभा प्रतिनिधि सत्येन्द्र नारायण सिंह, लोकसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, सह प्रतिनिधि कृष्णा राम,सांसद मण्डल प्रतिनिधि सह मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, बड़कागांव विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी,पूर्व प्रमुख सह पूर्व जिप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।**

# 18 मई को होगी संवेदकों की बैठक जल्द होगा संवेदक संघ का चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग संवेदक संघ की बैठक कनहरी रोड स्थित सिंह बैंक्वेट हॉल में रविवार को हुआ। बैठक में पुरानी कमिटी को भंग करने पर सहमति बनी। वहीं जल्द संवेदक संघ का चुनाव कराने की भी बात कही गयी। साथ ही संघ के कार्यालय को बंद कर दूसरे स्थान पर संघ का कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया। इस दौरान पिहले पाँच वर्ष का लेखा-जोखा भी मांगा गया। कार्यकारी अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव कराने को लेकर 27 सदस्यीय टीम का गठन किया गया। टीम को जिम्मा दिया गया कि आगामी 18 मई को एक बड़े स्तर पर बैठक करायेगी। जिसके बाद संघ का पुर्नगठन सर्वसम्मति या वोटिंग से किया जायेगा। साथ ही निर्णय लिया गया कि जब तक चुनाव नहीं हो जाता तब तक पुरानी कमिटी को भंग किया गया है। वहीं संरक्षक दीपक कुमार ने कहा कि संघ मजबूत रहे यही हम सबों का एक मात्र उद्देश्य है। संघ हर एक संवेदक के सुख दुख में बराबर का साथी रहेगा। साथ ही कहा कि जल्द फिर से संवेदक संघ का चुनाव कराया जायेगा। इसी के साथ पुरानी कमिटी को भी भंग किया जा रहा है। वहीं अन्य संवेदकों ने कहा कि चुनाव हुए कई वर्ष बीत गए थे। इसलिए फिर से संघ चुनाव करवाने जा रहा है। बैठक में संरक्षक दीपक कुमार, सचिव मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष पंकज सिंह, संजय सिंह, अजय कुमार सिंह, आशीष सिंह, अनिकेत कुमार, मोहन कुमार मेहता, रविन्द्र गुप्ता, जेपी मेहता, प्रयाग मेहता, राजू मेहता, अभिषेक पांडे, दीनानाथ यादव, मुक्तिनाथ सिंह, गणेश यादव, प्रकाश यादव समेत कई संवेदक उपस्थित थे।

## किसी भी सरकारी योजना के लिए नहीं देना है पैसा: मुखिया

**इचाक (आजाद सिपाही)। डाढा. पंचायत की मुखिया सुनीता देवी सह प्रखंड सचिव मुखिया संघ इचाक सह जिला प्रवक्ता**



**मुखिया संघ हजारीबाग ने पंचायत के सभी लोगों से कहा की जिन्हें सरकार की कई प्रकार की महत्वाकांक्षी योजना जैसे अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मंईयां सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, चापानल, शौचालय निर्माण, आय, जाति आवासीय प्रमाण पत्र, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए यदि कोई व्यक्ति या पदाधिकारी रुपया पैसा मांग करता है तो हमें तुरंत सूचित करें। वैसे लोगों को एसीबी की टीम से पकड़वाकर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।21**

## अवैध ढिबरा का उत्खन्न मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र में अवैध ढिबरा का उत्खन्न कर चोरी छिपे अवैध तरीके से व्यापार के उद्देश्य से परिवहन करने के आरोप में कांड के प्रथमिकी अभियुक्त पप्पु मेहता, पिता स्व कार्तिक मेहता और पिंटु मेहता दोनो ग्राम बेहराडीह, थाना डोमचांच के विरूद्ध डोमचांच थाना कांड संख्या 5/22 दर्ज किया गया था। कांड में फरार चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निदेर्शानुसार डोमचांच थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। उक्त गठित टीम के द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर कांड के अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाने के लिए अग्रतर कार्रवाई की गयी है। वहीं पुलिस ने दोनों के पास से लगभग पांच टन ढिबरा लदा शक्तिमान ट्रक बरामद किया गया। छापामारी दल में डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश और सशस्त्र बल डोमचांच थाना की भूमिका रही।

## लंबित आवासों पर सख्त रुख, लाभुकों को दिये नोटिस

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं अबुआ आवास योजना के तहत लाभान्वित लाभुकों द्वारा आवास निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर जयनगर प्रखंड प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। उप विकास आयुक्त के निर्देश के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार के नेतृत्व में पंचायत करियावां क्षेत्र में स्थल निरीक्षण अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ द्वारा लाभुकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे तत्काल निर्माण कार्य में तेजी लाये और तय समय-सीमा के भीतर आवास निर्माण कार्य को पूर्ण करें। जिन लाभुकों को प्रथम और द्वितीय किस्त की राशि जारी किये 60 दिन से अधिक हो गए हैं और फिर भी निर्माण कार्य लंबित है ऐसे मामलों में लाभुकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण दल ने निमार्णाधीन आवासों की भौतिक प्रगति का अवलोकन किया और लाभुकों से सीधे संवाद स्थापित कर योजना की शर्तों और समयबद्धता के महत्व को समझाया। साथ ही तकनीकी गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। जिससे निर्माण कार्य टिकाऊ और मानक अनुसार हो। मौके पर प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव, पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य और अन्य संबंधित पदाधिकारीगण मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों ने टीम भावना से कार्य करते हुए यह सुनिश्चित किया कि कोई भी लाभुक योजना के लाभ से वंचित न रहे और योजना की विश्वसनीयता बनी रहे।

## सड़क निर्माण के लिए जमीन विवाद हुआ समाप्त


# लोगों को वर्षो के बाद पक्की सड़क नसीब होगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जयनगर।** प्रखंड के ककरचोली गांव से पहाड़पुर पावर ग्रीड तक आरईओ की ओर से नव निर्माण होने वाला सड़क निर्माण में जमीन विवाद शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी गौतम कुमार के पहल पर समाप्त हो गया। अब ककरचोली गांव के लोगों को कई वर्षों के बाद पक्की सड़क नसीब होगा। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने स्थल पर पहुंचकर पावर ग्रीड के अधिकारियों तथा ग्रामीणों के बीच आपसी सहमति बनाया और पावर ग्रीड के अधिकारियों से बातचीत कर सड़क निर्माण के लिए लगभग 30 फीट जमीन मुहैया करायी। इस दौरान अंचल अधिकारी ने पावर ग्रीड अधिकारियों,ग्रामीणों के समक्ष सड़क निर्माण करने वाले जमीन को मापी कर चिन्हित कराया, शीघ्र संवेदक और विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया। बता दे कि ककरचोली गांव के पंचायत का दर्जा मिलने के पश्चात भी उक्त गांव के लोगों को आने जाने का कोई सड़क नहीं है। गांव के एक और अक्तो नदी तो दूसरी और रेलवे लाइन है, जिससे गांव के लोगों को मुख्य सड़क और बाजार आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना हो गया था। गांव को मुख्य शहर और बाजार आने जाने के लिए वर्षों से सड़क की मांग कर रहे थे। वहीं सड़क का निर्माण नहीं होने पर ग्रामीणों ने पिछले विधानसभा चुनाव में लगभग दो घंटे तक वोट बहिष्कार किया था। बाद में जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन ने मतदान केंद्र पहुंचकर उपायुक्त तथा उप विकास आयुक्त के द्वारा सड़क निर्माण करने के आश्वासन पर पुनः दो घंटे बाद ककरचोली गांव के लोग मतदान करना शुरू किया था। इस दौरान ग्रामीण सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय प्रशासन के अलावा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। मौके पर प्रमुख अंजू देवी, अंचल निरीक्षक आलोक शर्मा, रामदेव हांसदा, जेई रूपमणि निराला, पावर ग्रिड के जेई अमितेश कुमार के अलावा ग्रामीणों में अर्जुन यादव, रंजीत राणा, विजय राणा, नारायण साव, संजय यादव, अरुण सिंह, राजेंद्र राणा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## खो-खो में महेश एकडमी को मिला प्रथम स्थान



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** खो-खो संघ के द्वारा आयोजित खो-खो खेल में प्रथम स्थान महेश एकडमी रहा। वहीं जीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन। जीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए रनर स्थान प्राप्त किया। एचबीपहला मैच में जीत हासिल कर फाइनल मुकाबले में पहुंचे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सह जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष राजकुमार मेहता, बीएड कॉलेज के डायरेक्टर हिमांशु कुमार, प्रेमांशु कुमार, जीएस पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर नितेश कुमार, उपनिदेशक नीरज कुमार, समाजसेवी पवन गोस्वामी, खो-खो संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह, सचिव भीम गोस्वामी, सोनू यादव, सरवन कुमार मेहता, रामू कुमार, राजू रंजन सिंह, आकाश मेहता, अनिता कुमारी, मुकुल कुमार, जयप्रकाश मेहता तथा अन्य व्यक्ति मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के द्वारा संबोधन में यह कहा गया कि शैलेंद्र सिंह के द्वारा इस तरह का जो कार्यक्रम डोमचांच ब्लॉक में कराया जा रहा है, वह सराहनीय है। इस तरह के कार्यक्रम में यदि किसी तरह की सहयोग की जरूरत हो तो हम हमेशा तैयार हैं। बच्चों से कहा कि हमें हमेशा

## उरीमारी चेक पोस्ट से तिलैया तक पीसीसी पथ का रोशन लाल ने किया शिलान्यास



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के उरीमारी चेक पोस्ट से तिलैया तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी ने अपने हाथों से नारियल फोड़कर व शिलापट का अनावरण कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि पीसीसी पथ निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग से कराया जाना है। ग्रामीण लंबे समय से सड़क निर्माण कार्य का मांग कर रहे थे। इस सड़क का कार्य होने से ग्रामीणों को आवागमन करने में सहुलियत होगी। आगे उन्होंने कहा कि पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में विकास करना हमारा लक्ष्य है। इस अवसर पर पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली, भाजपा उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, आजसू रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, अशोक पाठक, विक्रांत साहू , महेश गंझू,कजरु उरांव,छतरु मुंडा,चुंदा उरांव,मानकी मुंडा, विनोद सोरेन, विश्राम सोरेन, संजय सोरेन, बासुदेव गंझू,पुकेश्वर गंझू,बतीसा गंझू, विजय मांझी,चरकू गंझू, कार्तिक गंझू, सुरेश मुंडा,सोमर उरांव,चैता मुंडा, छोटेलाल उरांव, कामेश्वर गंझू,बिरबल सोरेन, राजेंद्र मुर्मू, तिलका मुर्मू,तलू सोरेन,पुषण मुर्मू,तलू मुर्मू,बिरसा सोरेन,फुलो देवी,शिला देवी, श्रीमती देवी, ललिता देवी,सूरजमुनी देवी,शालो देवी आदि कई लोग मौजूद थे।

## गोला पॉलिटेक्निक में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन




**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला पॉलिटेक्निक कॉलेज में एविवार को एमटी ऑटोक्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेड ने मैकेनिकल, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिकल डिप्लोमा इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में मैकेनिकल के ऋचा निरुपम, अमित कुमार, सूरज कुमार, प्रीतम कुमार साव, प्रियांशु कुशवाहा, अनिरुद्ध यादव और इलेक्ट्रिकल के गोपी पंडित, मनीष कुमार, नेहा कुमारी, मुस्कान कुमारी, विशाल महतो सहित ग्यारह छात्रों का चयन हुआ। इस ड्राइव के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ पंकज कुमार ने एमटी ऑटोक्राफ्ट के एचआर हेड अंजू सिंह और उनकी टीम को धन्यवाद दिया और सभी चयनित छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। मौके पर कॉलेज के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट पंकज दीप, मणि दीप, डॉ राजीव कांत, शंकर बेदिया, संतोष ठाकुर, राजू महतो, रोशन मुंडा आदि मौजूद थे।

## संयोजक मंडली की पहल पर पूर्व झामुमो अध्यक्ष शिवलाल हांसदा को मिला न्याय



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग एवं पेयजल स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो एवं दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा के निर्देश 4 मई रविवार को झामुमो जिला संयोजक मंडली एवं केन्द्रीय सदस्यों के उपस्थिति में रामगढ़ आरक्षित अधीक्षक डॉ अजय कुमार से मिल कर झामुमो पूर्व प्रखण्ड उपाध्यक्ष शिवलाल हंसदा पिता धनीराम मांझी चितरपुर प्रखण्ड अंतर्गत भूचूगडीह निवासी जिन्हें 30 अप्रैल को रजरप्पा थाना के पुलिस पदाधिकारी सतेन्द्र कुमार शर्मा ने पुलिस गश्ती के दौरान नेता के घर के सामने पुलिस अभद्र व्यवहार किया गाली गलौज किया तथा मारपीट किया गया था। इस घटना को केंद्रीय नेतृत्व संयोजक मंडली द्वारा गंभीरता से लेते हुए रामगढ़ एसपी से बातचीत किये। इस बाबत रामगढ़ एसपी ने मामला को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए रजरप्पा थाना में कार्यरत एएसआइ सतेन्द्र कुमार शर्मा को तत्काल लाइन हाजरी कर दिया गया है। साथ संयोजक मंडली के सदस्यगण के द्वारा शिवलाल हांसदा घर पहुंच कर उनके अनुपस्थित में उनकी धर्मपत्नी को रामगढ़ एसपी द्वारा सतेन्द्र कुमार शर्मा को लाइन हाजरी किये गये चिट्ठी को सौंप दिया गया। इस मौके पर राजकुमार महतो, चित्रगुप्त महतो, सोनाराम मांझी, विजय राम, श्रीमति पिंकी बेसरा, गीता विश्वास,गुलाब नवी,बरतु करमाली, साजिद आलम, एतवा बास्के, खुदीराम महतो,विनय मुन्ना, मुमताज अंसारी, कलाम अंसारी, सुशांत भारती, विमल करमाली, मनोवर अंसारी, अमित कुमार, सहित कई झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## माता सीता जन्मोत्सव कार्यक्रम 9 तक होगा




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद का युवतियों का संगठन दुर्गा वाहिनी के रामगढ़ जिला के तत्वाधान में जिले भर के सभी प्रखंडों में मां सीता जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत मां सीता की जीवनी के बारे जिले के सभी प्रखंडों के बस्तियों तक पहुंच कर माता सीता जन्मोत्सव का कार्यक्रम किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 3 मई से शुरू हुआ है जो 9 मई तक चलेगा, पूरे जिले भर में 100 स्थानों पर कार्यक्रम करने का लक्ष्य है।इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं को जागरूक भी किया जा रहा है। रविवार को रामगढ़ जिले के बरकाकाना, छोटकाकाना, मतकमा चौक, लादी के सहित अन्य प्रखंडों के दर्जनों बस्तियों में माता सीता जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ माता की चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव ने मां सीता जन्मोत्सव में उपस्थित महिलाओं और युवतियों को संबोधित करते कहा कि माता सीता सामाजिक समरसता की प्रतिमूर्ति थी, ग्रामीण और वनवासी के प्रति आदर मान रखते हुए मां सीता ने स्नेह-संबंध प्रगाढ़ किये, राजा रानी होते हुए भी सब के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

### बांग्लादेशी रोहिंग्या मुसलमान को झारखंड सहित देश से निकालने की मांग

# एचटीएफ ने निकाला मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** हिन्दू टाइगर फोर्स (एचटीएफ) के तत्वाधान में रविवार को बंगलादेशी और रोहिंग्या मुसलमानो को झारखंड सहित देश से बाहर निकालने की मांग को लेकर मार्च निकाला गया। मार्च छावनी फूटबॉल मैदान से शुरू होकर सुभाष चौक पहुंची। इस दौरान विरोध मार्च हिंदू टाइगर फोर्स के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी किया। मौके पर हिंदू टाइगर फोर्स के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी दीपक सिसोदिया ने कहा कि बीते दो दशक में बंगलादेशी और रोहिंग्या मुसलमानो के कारण संथाल-परगना समेत रामगढ़ और झारखंड के कई हिस्से की डेमोग्राफी बहुत तेजी से बदली है। कोर्ट में इस पर याचिका भी दायर हुई, ताकि घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें वापस भेजा जाये, हालांकि इस पर कुछ हुआ नहीं। ये लोग आने के बाद सबसे पहले पहचान पत्र बनाते हैं। दूसरा काम वे यह करते हैं कि यहां की मूल आबादी से जुड़ जाये।




**नब्बे के दशक में 17 हजार से ज्यादा बांग्लादेशियों की हुई पहचान**

**नब्बे की दशक के शुरूआत में 17 हजार से ज्यादा अवैध बांग्लादेशियों की पहचान यहीं हुई थी। उनके वोटिंग राइट तो निरस्त हो गए, लेकिन उन्हें वापस नहीं भेजा गया अब वे कहां हैं, ये किसी को नहीं पता और आज सिर्फ हमारे रामगढ़ जिले में लगभग 60 हजार से ज्यादा घुसपैठिए रह रहे है। ये लोग दामोदर नदी के किनारे सरकारी जामिनो पर रेलवे की जामिनो पर अवैध कब्जा किए हुए है और कुछ लोकल लोग इनका आधार कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड बनवा रहे है। झारखंड में शरण लेने का एक अन्य कारण और खतरनाक है ये चिकन्स नेक के करीब है, मतलब सिलीगुड़ी के पास लगभग 22 किलोमीटर का दायरा, जो पूर्वोत्तर को बाकी देश से जोड़ता है अगर ऐसे इलाके में अपनी पैठ बना ली जाये तो कई देशविरोधी काम अंजाम दिये जा सकेंगे।**

**जिला प्रशासन और राज्य सरकार इसे ले गंभीरता से :** श्री सिसोदिया ने कहा कि राज्य का बॉर्डर बांग्लादेश के पास है ये सीधे तो नहीं सटता, लेकिन बीच में पश्चिम बंगाल है, जो ब्रिज का काम करता है। कई बाहरी ताकतें यहां एक्टिव हैं, जो लोकल चरमपंथियों जैसे पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) के साथ मिलकर काम करती हैं। इन्हीं के जिम्मे फेक पहचान बनाने का काम है यहां बता दें कि पीएफआई को झारखंड सरकार ने 6 साल पहले ही बैन कर दिया दिया था। आरोप यही था एंटी-नेशनल एक्टिविटी। इसके बाद भी जमीन के भीतर-भीतर सुगबुगाहट सुनाई दे ही जाती है। जिला प्रशासन और राज्य सरकार इसको गंभीरता से ले वरना हिन्दू टाइगर फोर्स पूरे झारखंड में आंदोलन करेगी और न्यायलाय भी जायेगी।

मौके पर पंकज भारती, कमलेश पांडेय, हरीशंकर बेदिया, दीपक दस, रणधीर सिंह बिट्ठू, मनीष पासवान, मनीष, संदीप कुमार, धीरज बेदिया, राजेश बेदिया, सूरज बरनवाल, सूरज वर्मा, सूरज पाठक, विनीत पोद्दार,विवेक तिवारी, राहुल कश्यप, झलकू बेदिया, अशोक ठाकुर समेत कई शामिल थे।

## रामगढ़ पहुंचे कोयला राज्य मंत्री मनीष जयसवाल ने किया स्वागत

**साजिशकर्ता और घटना को अंजाम देने वालों को सात समुंदर पार जाकर भी मारेंगे : सतीश चंद्र दुबे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** भारत सरकार के कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दूबे का झारखंड प्रवास के दौरान रविवार को रामगढ़ पहुंचे। जहां पहले से ही उनके स्वागत में मौजूद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने सैनी होटल के समीप उनका अंग-वस्त्र भेंटकर और फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया। मौके पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि पहलगाम हमले मामले में प्रधानमंत्री गंभीर है।उन्होंने कहा है कि हमले का में जो भी साजिश करता और घटना को अंजाम देने वाले है उनको सात समुंदर पार भी जाकर मारेंगे। उन्होंने कहा कि रजरप्पा के भुचुनडीह गांव में लगी आग को बुझाने का काम तेजी से किया जा रहा है, जल्द ही आग पर नियंत्रण पा लिया जायेगा।

स्वागत करने वालो में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, हजारीबाग लोकसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत पांडे, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, वरिष्ठ नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, छोटन सिंह, सरदार अनमोल सिंह, प्रो संजय सिंह, सूर्यवंश श्रीवास्तव, ऋषिकेश सिंह, कुणाल दास, राजेश ठाकुर, मणिशंकर ठाकुर, मिथलेश मंडल आदि उपस्थित थे।

## मस्जिद बनने से मुसलमानों को नमाज अदा करने में होगी सुविधा : योगेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** रजरप्पा क्षेत्र से सटे महुआटांड थाना क्षेत्र अंतर्गत धवइयां पंचायत के हरदगड़ा गांव मे नया मस्जिद निर्माण हेतू ढलाई कार्य का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग एवं पेयजल स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए। मंत्री के पहुंचने पर हरदगड़ा अंजुमन कमेटी के सदर वारिस अंसारी एवं सेक्रेटरी जहांगीर अंसारी के द्वारा मंत्री को बुके देकर एवं माला पहनाकर भव्य रूप से स्वागत किया। मोमिनो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री योगेंद्र ने कहा कि मस्जिद मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए बहुत बड़ा आस्था का केंद्र है। मस्जिद के निर्माण में पास पड़ोस के मुस्लिम समाज के महिला पुरुष को सहयोग करने की आवश्यकता है। इस गांव में मस्जिद का निर्माण कार्य पूरा होने से मुस्लिम भाइयों को नमाज अदा अथवा नमाज पढ़ने में बेहतर सुविधा मिलेगी और समाज के लोगों का एक आस्था का केंद्र बन जायेगा। उन्होंने कहा कि इस गांव के मुसलमान द्वारा कब्रिस्तान का चहार दीवार निर्माण के लिए मांग की जा रही है जिसे जल्द से जल्द झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा कब्रिस्तान का चहार दीवारी निर्माण कार्य बहुत जल्दी प्रारंभ कर दिया जायेगा। इस मौके पर महुआटांड़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, नागेश्वर चौधरी उमेश महतो, अशरफ अंसारी, गोमिया उप प्रमुख गिरधारी महतो, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मदन महतो, धवैया पंचायत के मुखिया तेजलाल महतो, पंचायत समिति सदस्य सुनील मरांडी कई मुस्लिम समाज की महिला-पुरुष शामिल थे।



## 2.57 करोड़ की लागत से होगा समरमरवा तिरला सड़क का निर्माण

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दामोदर नदी से सटे महुआटांड थाना क्षेत्र अंतर्गत समरमरवा से तिरला चौक तक सुदूरवर्ती इलाका में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल मंत्री व गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो शामिल हुए। मंत्री ने सड़क निर्माण कार्य नारियल फोड़कर एवं शीला पट का अनावरण कर शिलान्यास किया। अपने समाधान में उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती इलाका में सड़क निर्माण हेतु ग्रामीणों की बरसों से मांग रखी गयी थी जिसे आज धरातल पर उतारा गया। इस सड़क निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद ग्रामीणों को आवागमन करने में बेहतर सुविधा मिलेगी, कालीकरण और पीएससी सड़क निर्माण कार्य 2 करोड़ 57 लाख की प्राकलित राशि की लागत से कराया जाना है, सड़क की लंबाई 2.4 किमी की होगी।

## अभाकाम के जिला सचिव अनिल कुमार सिन्हा की माता का हुआ देहावसान



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के रामगढ़ जिला सचिव सह गोला निवासी अनिल कुमार सिन्हा के माता जी एवं प्रसिद्ध समाजसेवी स्व प्रधान भुवनेश्वर प्रसाद उर्फ भून्ना बाबू की पत्नी प्रेमलता सिन्हा (उम्र 93 वर्ष) ने शनिवार को संध्या सवा 5 बजे अंतिम सांस ली। रविवार को उनका अंतिम यात्रा में समाज के कई लोग जुटे। वे अपने पीछे छः पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गयी। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र संजय कुमार सिन्हा ने दी। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने अनिल सिन्हा के माता जी के निधन पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आकस्मिक निधन से कायस्थ समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। हमने अपने परिवार के एक महत्पूर्ण स्तंभ को खो दिया है। इस दुख की घड़ी में कायस्थ महासभा शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़ी है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला के राष्ट्रीय, प्रांतीय और जिला के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्य ने भी शोक संवेदना प्रकट की। राष्ट्रीय मंत्री अमित कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय संगठन सचिव अरुण चंदन सिन्हा, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री डॉ शंभु प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिन्हा, वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, रणंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू, अशोक घायल सहित गोला श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार ने भी शोक जताया और कहा कि हमने परिवार के एक महत्वपूर्ण सदस्य को खो दिया है।

## लावालौंग में गड्ढा खोदो अभियान का शुभारंभ



**लावालौंग/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न पंचायतों में मनरेगा के तहत चल रही बिरसा हरित ग्राम योजना को गति देने के उद्देश्य से गढ़ा खोदो अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिसके तहत प्रखंड क्षेत्र के बांदू, मंधनिया और कोलकोले गांव में शनिवार को इस कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी विपिन भारती, मुखिया नेमन भारती और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निरंजन कुमार सिंह तथा रोजगार सेवक विवेक सिंह ने गढ़ा खोदकर किया और ग्रामीणों को इस कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली लाने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के उद्देश्य से किया जा रहा है। गड्ढा खोदो अभियान के अंतर्गत प्रत्येक लाभुको को पौधा रोपण के लिए गड्ढा खोदने का कार्य सौंपा जा रहा है। जिससे उन्हें मजदूरी के माध्यम से आय का स्रोत भी प्राप्त हो रहा है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि यह योजना न केवल पर्यावरण सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है बल्कि युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान कर रही है।

## वशिष्ठनगर थाना परिसर में लगा मध्यस्थता शिविर




आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/ चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में चतरा सचिव के निर्देश पर वशिष्ठनगर थाना परिसर में रविवार को मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के के माध्यम से कई छोटे मामले का निष्पादन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता और सब इंस्पेक्टर रमापति ने बताया कि थाना क्षेत्र के लेढ़ो, कैसुबा, करमा , बसरिया से आये ग्रामीणों ने मारपीट, गाली गलौज, जमीनी विवाद, घरेलू विवाद समेत कई मामलों में लोगों ने अपना - अपना पक्ष रखा । सभी पक्षों की बातों को सुनने के बाद मध्यस्थता कर सुलह के आधार पर कई मामले का निष्पादन किया गया।

## गर्मी में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना मानवीय कर्तव्य : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए मारवाड़ी मुहल्ला स्थित जैन मंदिर परिसर के बाहर एक प्याऊ का उद्घाटन किया गया। मारवाड़ी युवा मंच के संरक्षक जितेंद्र जैन ने अपने पिता स्वर्गीय बंशीधर जैन की 50 वीं पुण्यतिथि पर आम जनता को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से प्याऊ की व्यवस्था कराई है। प्याऊ का उद्घाटन जिले के उपायुक्त रमेश घोलप ने किया। उपायुक्त ने अपने संबोधन में इस सराहनीय पहल के लिए आयोजकों की प्रशंसा की। कहा कि जल ही जीवन है और गर्मी के मौसम में इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण मानवीय कर्तव्य है। उन्होंने आम जनता से भी इस प्याऊ का सदुपयोग करने और इसे स्वच्छ रखने में सहयोग करने की अपील की। प्याऊ की व्यवस्था करने वाले जितेंद्र जैन ने कहा कि यह प्याऊ वातानुकूलित है और इसमें पीने के पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। इसकी साफ-सफाई और रखरखाव के लिए एक टीम नियुक्त है। समाजसेवी संजय अग्रवाल ने कहा कि गर्मी में आम लोगों को ठंडा पानी मिलना बहुत मुश्किल होता था। अब इस प्याऊ से राहगीरों, मजदूरों, छात्रों और अन्य जरूरतमंद लोगों को तपती गर्मी में शीतल पेय जल से राहत मिलेगी। यह बढ़ती गर्मी के मौसम में एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील कदम है।



## पाकिस्तानी घुसपैठियों के वतन वापसी को लेकर भाजपा नेता उपायुक्त को आज सौंपेंगे ज्ञापन

**चतरा (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता के नेतृत्व में 5 मई को दिन 11 बजे पाकिस्तानी घुसपैठियों के वतन वापसी को लेकर चतरा उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपेंगे। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधायक जनार्दन पासवान तथा सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास के अलावा अन्य प्रदेश, जिला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। सुबह 10.30 बजे जतराहीबाग से पैदल चलकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे।

## राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुका है कराटे : मनीष जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के प्रांगण में रामगढ़ जिला कराटे चैंपियनशिप 2025 का समापन समारोह का आयोजन किया गया। महासंग्राम में 300 से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न भारवर्गों और आयु वर्गों में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन रामगढ़ जिला कराटे-डो एसोसिएशन द्वारा किया गया। जिसका नेतृत्व रेन्शी नरेन्द्र सिन्हा (अध्यक्ष), शिहान शशि पांडे (महासचिव), एवं सेंसई संजय सोनकर (अध्यक्ष, रेफरी कमीशन) ने किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि राजीव जायसवाल, प्रदीप कुमार रजक, सुशांत पांडे आदि थे। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि रामगढ़ में ऐसी प्रतिभाएं पल रही हैं, जिन्हें यदि सही मार्गदर्शन और संसाधन मिलें तो ये अंतरराष्ट्रीय पदकों की दावेदार बन सकती हैं। मैं यहां के बच्चों में भविष्य का सेंसई, भविष्य की चैंपियन देख रहा हूँ। कराटे आज सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुका है। मैं उन सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हुए हैं।

आयोजन को सफल बनाने में राहुल पांडे, चंद्रप्रकाश उपाध्याय, बिनय रंजन, कमल नायक, चंदन साहनी, बबलू महतो, बिपिन तिवारी, प्रदीप हंसदा, रवि सोरेन, जोगिंदर गंझू, मार्सेल टुडू रूपेश महतो आदि की भूमिका अहम रही। इन सभी कार्यकर्ताओं ने अपने समर्पण और टीमवर्क से इस आयोजन को राष्ट्रीय स्तर का रूप दिया।



**यह आयोजन आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय स्तर की नींव रखेगा : राजीव**

**मौके पर राजीव जायसवाल ने कहा कि हर एक खिलाड़ी की आंखों में सपना था देश का नाम रोशन करने का। इस आयोजन ने न केवल खेल भावना का प्रदर्शन किया, बल्कि पूरे जिले को प्रेरणा दी है। मेरा मानना है कि यह आयोजन आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय स्तर की नींव रखेगा।**

**प्रतियोगिता में ये बने विजेता**

**प्रतियोगिता में बिमल कुमार हांसदा (स्वर्ण पदक), अभिषेक कुमार पाठक (रजत पदक), आरव मिश्रा (कांस्य पदक), सुरभि कुमारी (40 किग्रा, स्वर्ण पदक), विद्या कुमारी (रजत पदक), खुशी कुमारी व अमृता कुमारी (संयुक्त कांस्य पदक) आदि विजेता बना।**

## 12 को बोंगावार में मनेगा मंडा पर्व

**कुजू (आजाद सिपाही)।** आगामी 12 मई को मंडा पर्व मनाने को लेकर प्राचीन शिव मंदिर परिसर, बोंगावार मंडा टांड़ में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रेमलाल महतो ने की। बैठक के दौरान पर्व को धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा करते हुए कमिटी गठित की गयी। जिसमें अध्यक्ष कमलनाथ पंडा, उपाध्यक्ष विश्वामित्र महतो, सचिव सुरेंद्र महतो, उपसचिव प्रेमलाल महतो, कोषाध्यक्ष प्यारेलाल महतो का मनोनयन किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में फुलेश्वर महतो, तेजनारायण कुशवाहा, वीरेंद्र साव, महेश महतो, संतोष करमाली, दिनेश कुशवाहा, अशोक करमाली, बसंत प्रजापति, तिलेश्वर कुशवाहा, अजय गिरी, लक्ष्मी पंडा है।

# अवैध नशा मुक्ति केंद्र

भारत में पिछले कुछ दशकों के दौरान विशेष रूप से युवाओं में नशे की लत में भारी वृद्धि होने के कारण उनके इलाज के लिए नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना की आवश्यकता बढ़ी है। इसका अनुचित लाभ उठाते हुए समाज विरोधी तत्वों ने अवैध नशा मुक्ति केंद्र खोल कर पीड़ितों का इलाज करने की बजाय उन्हें नशीली दवाएं आदि देकर ठगना शुरू कर रखा है और उनसे भारी-भरकम रकमें वसूल की जाती हैं। ऐसे अवैध नशा मुक्ति केंद्रों में नशे की तलब होने पर जब नशेड़ी तड़पते हैं, तो उनसे मारपीट तक की जाती है। कई बार उन्हें बांध कर भी रखा जाता है और दवा के नाम पर नशा दे दिया जाता है। अवैध नशा मुक्ति केंद्रों में इलाज के लिए लाये गये नशेड़ियों के उत्पीड़न के उदाहरण दर्ज हैं। 25 फरवरी को डबवाली (हरियाणा) के गांव लोहगढ़ में बिना मंजूरी और बिना डाक्टर के अवैध रूप से चलाये जा रहे एक नशा मुक्ति केंद्र पर छापा मार कर वहां नशा मुक्ति के नाम पर बंधक बनाकर रखे गए 30 युवकों को मुक्त करवाया गया। इनमें से 25 युवक पंजाब से संबंधित थे। 20 मार्च को बिजनौर (उत्तर प्रदेश) में एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती फैसल नामक नशेड़ी द्वारा रात के समय चीखने-चिल्लाने और शोर मचाने पर कपड़ा ठूंस कर उसका मुंह बंद करके मारपीट करने के बाद गमछे से गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी गयी। 27 मार्च को अधिकारियों ने बठिंडा (पंजाब) के गांव बुलाढ़ेवाला में चल रहे एक अवैध नशा मुक्ति केंद्र में छापेमारी करके 38 मरीजों को मुक्त करवाया। नशे के आदी मरीजों के साथ नशा मुक्ति केंद्र के संचालकों के बाऊंसर मारपीट करते थे और नींद न आने पर उन्हें नशे की गोलियां दी जाती थीं। 4 अप्रैल को फरीदकोट (पंजाब) में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक कोठी में चलाये जा रहे अवैध नशा मुक्ति केंद्र से छुड़वा कर 21 मरीजों को सरकारी नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवाया गया। यहां मरीजों के साथ अमानवीय व्यवहार करने की शिकायतें भी मिली थीं तथा यहां दाखिल रोगियों को भागने से रोकने के लिए कोठी की दीवारों पर फैंसिंग तारें भी लगायी गयी थीं। 4 अप्रैल को ही अधिकारियों ने बठिंडा (पंजाब) के गांव गुमटी कलां में एक अवैध नशा मुक्ति केंद्र का पर्दाफाश करके वहां से 10 मरीजों को मुक्त करवाया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी इस सेंटर पर छापा मार कर उसे बंद करवाया गया था, परंतु संचालक ने इसे फिर से खोल कर मरीज दाखिल करने का काम शुरू कर दिया था। जानकारों के अनुसार भारत में केवल 4000-4500 मनोचिकित्सक ही हैं और वे सभी नशा मुक्ति उपचार से जुड़े हुए भी नहीं हैं, जिससे स्पष्ट है कि देश में नशा पीड़ितों के उपचार के लिए विशेषज्ञों की कमी है। अतः जहां देश में सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में सुविधाएं बढ़ाने की आवश्यकता है।

**जानकारों के अनुसार भारत में केवल 4000-4500 मनोचिकित्सक ही हैं और वे सभी नशा मुक्ति उपचार से जुड़े हुए भी नहीं हैं, जिससे स्पष्ट है कि देश में नशा पीड़ितों के उपचार के लिए विशेषज्ञों की कमी है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पाकिस्तान नाम पंजाब, अफगानिस्तान, एनएफडब्ल्यूपी, कश्मीर, सिंध के पहले अक्षरों से और बलूचिस्तान के अंतिम अक्षरों तान शब्द से बना है। उच्चारण में आसानी के लिए बाद में एक प शब्द जोड़ा गया। इस नाम का उस पौराणिक कहावत से कोई लेना-देना नहीं है कि पाकिस्तान का मतलब पवित्र भूमि है। उक्त पुस्तिका में एक वाक्य था, जिसने किसी कट्टर साम्राज्यवादी का ध्यान खींचा होगा, क्योंकि यह इस तरह की इकाई के लिए रणनीतिक तर्क प्रदान करता था, उत्तर-पश्चिम भारत का यह मुस्लिम संघ किसी भी दिशा से विचारों या हथियारों के भारत पर आक्रमण के खिलाफ एक बफर राज्य की दीवार प्रदान करेगा।**

# पाकिस्तान : एक अंतिम खेल, जिसे भारत को खत्म ही करना होगा

**मनीष तिवारी**

पाकिस्तान का विचार गोरसी कबीले के एक मुस्लिम गुज्जर रहमत अली द्वारा तैयार किया गया था, जो बलाचौर से था जो मेरे तत्कालीन संसदीय क्षेत्र श्री आनंदपुर साहिब में आता है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में एक स्थायी छात्र के रूप में उन्होंने 36 वर्ष की आयु में एक पुस्तिका लिखी जिसका नाम था 'अब या कभी नहीं-हम हमेशा के लिए मर जायेंगे' जिसमें उन्होंने भारत के उत्तर-पश्चिम में एक मुस्लिम राज्य का बौद्धिक आधार प्रस्तुत किया।

पाकिस्तान नाम पंजाब, अफगानिस्तान, एनएफडब्ल्यूपी, कश्मीर, सिंध के पहले अक्षरों से और बलूचिस्तान के अंतिम अक्षरों तान शब्द से बना है। उच्चारण में आसानी के लिए बाद में एक प शब्द जोड़ा गया। इस नाम का उस पौराणिक कहावत से कोई लेना-देना नहीं है कि पाकिस्तान का मतलब पवित्र भूमि है। उक्त पुस्तिका में एक वाक्य था, जिसने किसी कट्टर साम्राज्यवादी का ध्यान खींचा होगा, क्योंकि यह इस तरह की इकाई के लिए रणनीतिक तर्क प्रदान करता था उत्तर-पश्चिम भारत का यह मुस्लिम संघ किसी भी दिशा से विचारों या हथियारों के भारत पर आक्रमण के खिलाफ एक बफ र राज्य की दीवार प्रदान करेगा। शुरू में इस मूर्खतापूर्ण योजना का कोई भी समर्थक नहीं था, लेकिन 1940 तक इसके शुरुआती समर्थकों में से एक ग्रेट ब्रिटेन के युद्धकालीन प्रधानमंत्री सर विंस्टन चर्चिल बन गये।

**पाकिस्तान शायद एकमात्र ऐसा देश है, जहां सेना के पास एक देश है, न कि एक ऐसा देश, जिसके पास सेना है।**

ब्रिटेन की लड़ाई समाप्त होने के ठीक बाद 1940 के अक्तूबर-नवंबर तक चर्चिल मंत्रिमंडल में अपने सहयोगियों के साथ इस विचार पर गंभीरता से चर्चा कर रहे थे, क्योंकि उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर बिल्कुल भरोसा नहीं था, जिसने अक्टूबर-नवंबर 1939 में तत्कालीन वायसराय विक्टर अलेक्जैंडर जॉन होप द्वितीय मार्कीस ऑफ लिनलिथगो के फैसले का विरोध करने के लिए सभी प्रांतीय मंत्रिमंडलों से इस्तीफा दे दिया था, तब तक 23 मार्च 1940 को पाकिस्तान प्रस्ताव पारित हो चुका था। 1947 में विपक्ष के नेता के रूप में चर्चिल ने ही जिन्ना को एक ऐसे पाकिस्तान को स्वीकार करने के लिए राजी किया, जिसे जिन्ना ने उपहासपूर्वक एक पतंगा खाया हुआ पाकिस्तान कहा था।

पश्चिमी पाकिस्तान विजयी एंग्लो-अमेरिकन गठबंधन की एक रणनीतिक परियोजना थी, क्योंकि शीत युद्ध 1945 में ही शुरू हो चुका था। पश्चिमी पाकिस्तान का भावी राज्य सोवियत प्रभाव को फैलने से रोकने के लिए बफर माना जाता था। इसलिए मित्र राष्ट्रों ने सफल होने के लिए पश्चिमी पाकिस्तान की स्थापना की। इसलिए उसे पश्चिमी पंजाब की समृद्ध सिंचित भूमि और लाहौर एवं कराची के समृद्ध व्यापारिक शहर मिले। इसके विपरीत पूर्वी पाकिस्तान का कोई रणनीतिक महत्व नहीं था, क्योंकि बर्मा में अंग्रेजों के पास पर्याप्त हिस्सेदारी थी, इसलिए इसे विफल होने के लिए स्थापित किया गया था और इसलिए यह ज्यादातर देहाती चरित्र का था।

पाकिस्तान शायद एकमात्र ऐसा देश है, जहां सेना के पास एक देश है, न कि एक ऐसा देश, जिसके पास सेना है। इसके पास परमाणु हथियार हैं, पहले हमले का सिद्धांत है। चीन के साथ ग्राहक-संरक्षक संबंध हैं और यह 1980-89 तक अफगान जिहाद में और फिर 2001-2021 तक आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में अमेरिका का अग्रिम पंक्ति का सहयोगी था। पाकिस्तानी सेना राज्य की कमान संभाल सकती है, लेकिन वह एक एकीकृत राष्ट्र की कमान नहीं संभाल सकती। देश का अस्तित्व सैन्य प्रभुत्व, विदेशी सहायता और धार्मिक पहचान की निर्मित भावना पर टिका हुआ है। ये सभी दीर्घावधि में स्वाभाविक रूप से नाजुक हैं। पाकिस्तान दो-राष्ट्र सिद्धांत से पैदा हुआ है, जो इस गलत धारणा पर आधारित है कि हिंदू और मुसलमान एक साथ नहीं रह सकते। फिर भी 70 साल से ज्यादा समय बाद पाकिस्तान की पहचान संकीर्ण रूप से परिभाषित और बहुत कमजोर बनी हुई है। सिर्फ धार्मिक पहचान पर बना एक राष्ट्र स्वाभाविक रूप से आंतरिक दरारों और अस्तित्वगत असुरक्षा से ग्रस्त है।

**क्या इस्लाम भी पाकिस्तान को एकजुट करता है :** अपने इस्लामी ढांचे के भीतर भी पाकिस्तान अपने मुस्लिम अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने में विफल रहा है। शिया, अहमदिया, हजारा, खोजा और अन्य को नियमित रूप से उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जिन्हें अक्सर विधर्मी करार दिया जाता है। सांप्रदायिक हिंसा आम बात है, खास कर पंजाब और बलूचिस्तान में जहां सिपाह-ए-सहाबा और लश्कर-ए-झांगवी जैसे चरमपंथी समूह पनपते हैं। ऐसी ताकतों पर लगाम लगाने में राज्य की अक्षमता या अनिच्छा एक खोखली वैचारिक कोर को उजागर करती है और कश्मीर में इसकी पवित्र भूमिका सहित मुस्लिम कारणों की रक्षा करने के इसके दावे को कमजोर करती है। पाकिस्तान के अति-केंद्रीकृत, सैन्य शासन ने विभिन्न जातीय और क्षेत्रीय समूहों को अलग-थलग कर दिया है। बलूचिस्तान उग्रवाद में उलझा हुआ है, जिसमें गायब होने और सैन्य दमन की विशेषता है। सिंध में विशेष रूप से शहरी मोहाजिर समुदाय के बीच पंजाबी-प्रभुत्व वाली स्थापना के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है। सत्ता एकात्मक संरचना में केंद्रित है, जिसमें सेना और नौकरशाही का प्रभुत्व है, जहां राजनीतिक दल केवल परिधीय भूमिका निभाते हैं। औपनिवेशिक शक्तियों द्वारा खींची गई 'डूरंड रेखा' एक फ्लैश प्वाइंट बनी हुई है, जिसे तालिबान सहित किसी भी अफगान शासन द्वारा मान्यता नहीं दी गई है।

दोनों पक्षों के पश्तून समुदाय इस कृत्रिम विभाजन को अस्वीकार करते हैं और पाकिस्तान की लंबे समय से चली आ रही महत्वाकांक्षा 'रणनीतिक गहराई' के लिए काबुल को नियंत्रित करने की है जो न केवल फिर से विफल हुई है, बल्कि असफल भी हुई है। पाकिस्तान के विघटन की संभावना अब अटकलों के दायरे तक सीमित नहीं है। इसके आंतरिक विरोधाभास, वैचारिक कठोरता, जातीय अशांति, आर्थिक नाजुकता और राजनीतिक शिथिलता इतनी गहरी हो गयी है कि राज्य का पतन अब अकल्पनीय नहीं है और समय की बात है। यह वह अंतिम खेल है, जिस पर भारत को इन विरोधाभासों को तेज करके ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जब तक पाकिस्तानी राज्य अपने वर्तमान स्वरूप में मौजूद है, तब तक इसका मूल व्यवहार नहीं बदलेगा।

**(लेखक : वकील, सांसद एवं पूर्व मंत्री हैं।)**



**अपने इस्लामी ढांचे के भीतर भी पाकिस्तान अपने मुस्लिम अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने में विफल रहा है। शिया, अहमदिया, हजारा, खोजा और अन्य को नियमित रूप से उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जिन्हें अक्सर विधर्मी करार दिया जाता है। सांप्रदायिक हिंसा आम बात है, खास कर पंजाब और बलूचिस्तान में जहां सिपाह-ए-सहाबा और लश्कर-ए-झांगवी जैसे चरमपंथी समूह पनपते हैं। ऐसी ताकतों पर लगाम लगाने में राज्य की अक्षमता या अनिच्छा एक खोखली वैचारिक कोर को उजागर करती है।**

## कोल्हान की खबरें

### ब्राह्मण गौरव सम्मान समारोह का आयोजन

# ब्राह्मण के शौर्य और वीरता से ही अखंड विश्व का कल्याण संभव : कमल किशोर

**ऋत्विक शांडिल्य सहित कई वयोवृद्ध सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति द्वारा बिस्टुपुर के माइकल जॉन ऑडिटोरियम में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 21 ब्राह्मण विप्रों द्वारा शंखनाद और स्वस्तिवाचन के साथ की गयी। इस अवसर पर न्यायिक सेवा में सफलता प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करने वाले ऋत्विक शांडिल्य को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। ऋत्विक के पिता मनोज ठाकुर वर्तमान में सीसीआर में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समाज के 80 वर्ष की आयु पार कर चुके 31 वरिष्ठ ब्राह्मणों को ब्राह्मण गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। मौके पर समिति के संयोजक कमलकिशोर ने कहा कि ब्राह्मण के शौर्य और वीरता से ही अखंड विश्व का कल्याण संभव है। ब्राह्मण गौरव सम्मान प्राप्त करने वालों में डीके मिश्र, सरोज मिश्रा, चंद्रेश्वर खान, गणेश चंद्र झा, उमाकांत झा, चंद्रशेखर मिश्रा शामिल रहे। मौके पर गायिका श्रद्धा दास व प्रेशा झा ने अपने भजनों से समां बांधी। मौके पर राजेश शुक्ला, अनिल तिवारी, सुधांशु ओझा, ओम प्रकाश उपाध्याय, अरुण शुक्ला, संतोष जोशी, बबुआ सिंह, अमिताभ चटर्जी, शालिनी पांडेय, ब्यूटी तिवारी, विनीता मिश्रा उपस्थित रहे।

### विधायक ने चार योजनाओं का किया शिलान्यास

# सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गांव-गांव तक पहुंच रही विकास की रोशनी : संजीव सरदार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड के तेंतला, नारदा, फोड़ा और धिरौल पंचायतों में चार महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को मुख्य अतिथि विधायक संजीव सरदार द्वारा जिला अनाबद निधि एवं आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत चारों योजनाओं का नारियल फोड़ कर विधिवत शिलान्यास किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्री सरदार ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंच रही है। विधायक ने कहा चुनाव के समय ग्रामीणों से जो वादे किये थे, उन्हें अब एक-एक कर पूरा किया जा रहा है। शिलान्यास की गयी योजनाएं में तेंतला पंचायत (भूरसाडीह) पीसीसी पथ निर्माण (22,39,400 रुपये), नारदा पंचायत (लेढ़ोकोचा) में धूमकुड़िया भवन निर्माण (33,15,200 रुपये), फोड़ा तेंतला पंचायत (हितबासा) में धूमकुड़िया भवन निर्माण (33,15,200 रुपये) और धिरौल पंचायत (एदलगाजाड़ तक) में पीसीसी पथ निर्माण (40,26,800 रुपये) शामिल है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद हीरामणी मुर्मू, मुखिया मीरु सरदार, ग्राम प्रधान श्याम चरण सरदार, वकील बास्के, नरसिंह सरदार, श्याम चरण हांसदा, उदय बास्के, बोरों हांसदा, बास्ता हेंब्रम, महेश्वर बास्के, प्रदीप सिंह, हिमांशु सिंह, विश्वनाथ सोरेन, चिन्मय गोप, कीनू हांसदा, राजाराम बास्के शामिल रहे।

## एमजीएम हादसे पर भाजपा का तीखा हमला कहा : मंत्री इरफान अंसारी माफी मांगें



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** एमजीएम अस्पताल में लापरवाही के कारण हुई तीन मरीजों की मौत के बाद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी की संवेदनहीन टिप्पणी पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। रविवार को जमशेदपुर महानगर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सह पूर्वी के विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के बयान को बेशर्मी और ओछी मानसिकता का प्रतीक बताया। श्री यादव ने कहा हादसा मंत्री की नाकामी और लापरवाही का नतीजा है। गुंजन यादव ने कहा जिस अस्पताल की आधारशिला भाजपा सरकार ने रखी थी, उसकी अधूरी इमारत का चुनाव पूर्व उद्घाटन कर सस्ती वाहवाही लूटी गयी, जबकि आज वहां ऑक्सीजन प्लांट, ब्लड बैंक और ऑपरेशन थिएटर तक नहीं है। उन्होंने मंत्री द्वारा विधायक पूर्णिमा साहू पर की गई अभद्र टिप्पणी को महिला विरोधी मानसिकता का उदाहरण बताते हुए तत्काल माफी देने और इसकी उच्चस्तरीय जांच के लिए मांग की। भाजपा ने सीएम हेमंत सोरेन से अपील की वे ऐसे अक्षम और बड़बोले मंत्री को मंत्रिमंडल से बाहर करें।

## कपाली में जमीन विवाद ने पकड़ा तूल, महिला ने भू-माफियाओं पर लगाये गंभीर आरोप



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला जिले के कपाली ओपी क्षेत्र में जमीन विवाद एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। जादूगोड़ा निवासी महिला पार्वती सिंह ने स्थानीय भू-माफिया के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए।महिला के अनुसार उनके पूर्वजों की संपत्ति कपाली के हांसाडुगरी क्षेत्र में है, जिस पर अब कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा। उन्होंने पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में बताया उन्हें बार-बार धमकाया जा रहा है और वैध दस्तावेज होने के बावजूद उनकी जमीन हड़पने की साजिश रची जा रही है। महिला के भतीजे जो असम राइफल्स में कार्यरत हैं।उन्होंने ने जब वह मामले को लेकर कपाली पहुंचे, तो भू-माफियाओ ने उन्हें गाली-गलौज कर भगा दिया। उन्होंने प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की।इस मामले में पूजा कुंभकार नामक महिला ने भी दावा किया जमीन उनकी है और वे बीते 40 वर्षों से उसका देखरेख कर रही हैं। पूजा का आरोप है पार्वती सिंह द्वारा फर्जी कागजात के माध्यम से उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है भू-माफिया के बढ़ते मनोबल से आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। वही कपाली पुलिस के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों पर निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

# एमजीएम हादसे को लेकर डालसा की टीम ने किया अस्पताल का दौरा

**घायलों और मृतक के परिजनों को हरसंभव सहायता का दिया आश्वासन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जमशेदपुर के मार्गदर्शन में डालसा की टीम ने एमजीएम अस्पताल का दौरा किया। रविवार को टीम ने एमजीएम अस्पताल में हादसे में घायल सुनील कुमार एवं टीएमएच में गंभीर रूप से घायल रेणुका देवी की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने घायल और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हरसंभव सहायता के लिए आश्वासन दिया। वहीं घटना में मौत हुई लुकास साइमन तिर्की, डेविड जॉनसन और श्रीचंद तांती की परिजनों की पहचान कर उन्हें विधिक सहायता एवं प्रक्रिया में सहयोग का आश्वासन दिए। मीडिया से वार्ता के दौरान बिमलेश कुमार सहाय ने कहा पीड़ितों को न्याय दिलाने और परिजनों को हरसंभव सहायता देने के लिए डालसा प्रतिबद्ध है। डालसा जमशेदपुर एवं सरायकेला की संयुक्त कोशिशों से सभी पीड़ितों के परिजनों से संपर्क स्थापित कर विधिक सहायता पहुंचायी जायेगी।

# झीमड़ी गांव धर्मांतरण विवाद पर दो समुदायों के बीच तनाव

### सांसद बिद्युत महतो ने पुलिस कार्रवाई पर उठाये सवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह थाना क्षेत्र स्थित झीमड़ी गांव में हिंदू युवती के कथित जबरन धर्मांतरण और विवाह के मुद्दे को लेकर दो समुदायों के बीच तनाव है। हालात की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने झीमड़ी और आसपास के गांवों में धारा 144 लागू कर दी। इस संदर्भ में भाजपा सांसद बिद्युत वरण महतो ने एकता मंच के बैनर तले मुरुगडीह गांव में एक जनसभा की। उन्होंने नीमडीह थाना प्रभारी की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि रात 9 बजे पुरुष पुलिस बल भेजकर एक ग्रामीण महिला को घर से उठाकर पीटना और जेल भेजना कौन से कानून के तहत होता है। क्या यही न्याय व्यवस्था है। सांसद ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए चेताया यदि ग्रामीणों पर अत्याचार और पक्षपात बंद नहीं हुआ तो भाजपा जन आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक साधु चरण महतो की धर्मपत्नी सारथी महतो ने जबरन धर्मांतरण और विवाह को सामाजिक न्याय के विरुद्ध बताया। ग्रामीणों ने भी पुलिस प्रशासन पर हिंदू पक्ष के साथ पक्षपात करने का आरोप लगाया, जिससे जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। बैठक में सांसद बिद्युत महतो के साथ भाजपा नेता नीरज सिंह, सारथी महतो, वीरेंद्र महतो, सुदर्शन महतो, मधु महतो, गौतम महतो, मुखिया सुलोचना देवी, चिंटू सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पद्मोलोचन महतो, मकर महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नक्सलवाद की जगह विकास की लकीर खींची जा रही है क्षेत्र में: एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़गड़।** बड़गड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बोडरी गांव स्थित आम बगीचा में शनिवार को सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि जिले के पुलिस कप्तान दीपक कुमार पाण्डेय सहित एएसपी राहुल देव बड़ाइक, रंका डीएसपी राहुल रंजन सिंह, इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्र उपस्थित थे। सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गढ़वा एसपी श्री पांडेय ने कहा की बड़गड़ जिले का सुदूरवर्ती थाना हैं यह क्षेत्र लंबें समय से नक्सलवाद की समस्या से ग्रसित था, लेकिन आज इस क्षेत्र का काला अध्याय समाप्त हो चुका है इस क्षेत्र से नक्सलवाद पुरी तरह समाप्त हो गया है। अब आपसी सहयोग से यहां की बेरोजगारी, पलायन, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होनें बाल विवाह, बाल श्रम जैसे गंभीर मुद्दों पर भी लोगों से अपील करते हुए कहा कि बाल विवाह बड़े अपराध की श्रेणी में आता है जो भी माता-पिता अपने लड़के या लड़कीयों की शादी बाल्य अवस्था में करते हैं वे सजा के भागीदार हैं।

सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत जिला पुलिस प्रशासन के द्वारा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव के स्कूली छात्र-छात्राओं को पठन पाठन सामग्री सहित युवा वर्ग के खिलाड़ियों को खेल सामग्री के रूप में फुटबॉल किट, वालीबॉल किट, क्रिकेट किट आदि सहित किसानों को कृषि उपकरण और गरीब एवं असहाय महिला, पुरुषों के बीच साड़ी एवं धोती का वितरण किया गया। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा बड़गड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार मोर्य, पुलिस पदाधिकारी राम सिंह गगराई, विजय कुमार राय, संतोष कुमार उपाध्याय, योगेन्द्र उरांव, मुखिया बिन्को टोप्पो, जंगलपती लकड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सोमा टोप्पो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मींज, विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश आदी सहित काफी संख्या में विभिन्न गांवों के ग्रामीण महिला-पुरूष उपस्थित थे।

# गढ़वा से रांची पहुंचे 100 से अधिक वकील, मुख्यमंत्री का जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राज्य के अधिवक्ताओं के लिए शुरू की गयी स्वास्थ्य बीमा योजना की सराहना करते हुए गढ़वा जिले के 100 से अधिक अधिवक्ता शनिवार को रांची पहुंचे। इन अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री से मिलकर इस ऐतिहासिक पहल के लिए उनका आभार जताया और उम्मीद जताई कि सरकार आगे भी अधिवक्ताओं के हित में ऐसे ही कदम उठाती रहेगी। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सरकारी वकील (गवर्नमेंट प्लीडर) परेश तिवारी ने किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह योजना राज्य के हजारों अधिवक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत लेकर आई है। अधिवक्ताओं को अब स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में आर्थिक मदद मिलेगी, जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा और वे निर्बाध रूप से न्याय व्यवस्था में अपनी भूमिका निभा सकेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत राज्य के पंजीकृत अधिवक्ताओं को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जायेगा। इस अवसर पर गढ़वा व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता परशु राम तिवारी को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से स्वास्थ्य बीमा योजना का प्रमाणपत्र भी सौंपा। रांची में आयोजित इस सम्मान समारोह के दौरान वकीलों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखा गया। परेश तिवारी ने कहा कि हम सभी अधिवक्ता मुख्यमंत्री के इस निर्णय से बेहद प्रसन्न हैं। वर्षों से हम ऐसी योजना की उम्मीद कर रहे थे जो हमारे स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी दे सके। इससे अधिवक्ताओं को न सिर्फ आर्थिक राहत मिलेगी, बल्कि न्याय प्रणाली में उनकी सहभागिता और अधिक प्रभावी होगी। इस कार्यक्रम में गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ के कई वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल हुए, जिन्होंने सरकार की इस पहल को मील का पत्थर बताते हुए राज्य के अन्य वर्गों के लिए भी ऐसी योजनाओं की अपेक्षा जताई। आभार करने पहुंचे अधिवक्ताओं में परशुराम तिवारी, परेश तिवारी के अलावा ओमप्रकाश उपाध्याय, धीरज कुमार दुबे, प्रत्यूष प्रतीक शांडिल्य, मंजूर अंसारी, दिग्विजय कुमार, पंचम सिंह, शशि भूषण तिवारी, संजय भारती, रवि शंकर दुबे सहित सैकड़ो अधिवक्ता शामिल थे।

### सरकारी स्कूलों में बच्चों का ठहराव पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला

# शिक्षकों के रचनात्मक प्रयास से सरकारी स्कूलों के बच्चे भी बनने लगेंगे आइपीएसः प्रखंड प्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेराल।** झारखंड शिक्षा परियोजना व समग्र शिक्षा के तहत प्रखंड स्तरीय रुआर कार्यशाला का आयोजन प्रमुख दीपमाला कुमारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, रुपू महतो के अलावा प्रखंड के दर्जनों स्कूलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यशाला में प्रखंड प्रमुख ने स्कूल से ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल से जोड़ने और उनके भविष्य को संवारने पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षकों के रचनात्मक प्रयास से सरकारी स्कूलों के बच्चे भी आइएएस और आइपीएस बनने लगेंगे। उन्होंने कहा कि मैं प्रखंड के कई स्कूलों का भ्रमण किया हूं, जिससे कह सकती हूं कि यहां शिक्षक अगर ईमानदारी से प्रयास करें तो प्राइवेट स्कूल की तरह सरकारी स्कूल में भी बच्चों का ठहराव होने लगेगा, बच्चे और बेहतर कर सकेंगे। बीईईओ ने स्कूल रुआर 2025 अभियान के उद्देश्यों को समझाते हुए कहा कि इस अभियान के तहत यह सुनिश्चित करना है कि शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन स्कूल में हो और ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए अभियान चलाना है। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, रुपू महतो, बीपीओ, कोऑर्डिनेटर आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सीआरपी धर्मेंद्र मिश्रा ने किया।

# वाहन के धक्के से बाईक पर सवार पति-पत्नी और पुत्र घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बनसानी मुख्य पथ स्थित बडका आहर के समीप शनिवार की रात अज्ञात वाहन के धक्के से बाईक पर सवार पति, पत्नी और उनका दो वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों में सुरेंद्र राम, उसकी पत्नी सोनी देवी 28 वर्ष और पुत्र सृष्टि कुमार 2 वर्ष का नाम शामिल है। उक्त सभी को स्थानीय युवक इंद्रजीत, कुमार, राहुल सिंह, बसंत पासवान, रितेश कुमार, सीताराम सिंह और रामलखन सिंह ने घटनास्थल से उठाकर 108 एम्बुलैंस से ईलाज के लिए सीएचसी भवनाथपुर लाया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु तीनों को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है, कि उक्त दंपति अपने बेटे के साथ बाईक पर बैठकर खरौंधी के चंदनी गांव से भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बरवाबांध गांव में अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे, तभी बनसानी बड़का आहर के समीप मुख्य पथ पर विपरीत दिशा से आ रही एक अज्ञात वाहन धक्का मारकर फरार हो गया।

### यादव महासभा की जिला इकाई की बैठक संपन्न

# नये पदाधिकारियों की हुई घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** गढ़वा शहर के चिनिया रोड स्थित इंजीनियर श्यामदास सिंह यादव के आवास पर रविवार को यादव महासभा जिला इकाई, गढ़वा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता यादव महासभा के जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला स्तर पर संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर था। सर्वसम्मति से जिला कमेटी का पुनर्गठन करते हुए विभिन्न पदों पर जिम्मेदारियां सौंपी गयी। कमेटी में बीरेंद्र प्रसाद यादव, राजकिशोर यादव और जगदीश यादव को उपाध्यक्ष बनाया गया। महासचिव पद की जिम्मेदारी रंजीत यादव को सौंपी गई, जबकि सुनील कुमार यादव को कोषाध्यक्ष और अशोक यादव, बालमुकुंद यादव एवं लक्ष्मण यादव को सचिव पद का दायित्व सौंपा गया। युवा मोर्चा की कमान सोनू कुमार यादव को दी गयी, वहीं महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षता रिंकी देवी को सौंपी गयी। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रामजी प्रसाद यादव, श्यामदेव यादव, कन्हाई यादव, रूपेश यादव, उमाकांत यादव, संजय यादव, युवराज यादव, गोपाल कुमार यादव, अरविंद यादव, सुनील प्रसाद यादव, संतोष प्रसाद यादव तथा सत्येंद्र प्रसाद यादव को शामिल किया गया। बैठक के दौरान सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा और सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव ने कहा कि सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारी संगठन के हित में ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान और एकजुटता के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

# अनंत प्रताप देव ने मृतक के घर पहुंचकर शोक यक्त की, आर्थिक सहयोग किये



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र में विगत दिनों घटित तीन अलग- अलग घटना की सूचना पर विधायक अनंत प्रताप देव मृतक के परिजनों के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ढढ़ास बढ़ाया। प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के चेचरिया झामुमो नेता परशु नारायण सिंह के पुत्र जितेंद्र सिंह की रिम्स में इलाज के दौरान मौत ,दूसरी घटना मुकुन्दपुर पंचायत के बेलावार गांव निवासी इमामुद्दीन अंसारी के पुत्र हसनैन अंसारी का सड़क दुर्घटना में मौत एवं तीसरी घटना विगत दिनों ट्रैक्टर चालक नावाडीह निवासी अशोक बैठा की ट्रैक्टर से ही दबने से मृत्यु हो गया था। इन सभी के घर विधायक पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट किया।

विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा इस तरह से जीवन की पहली पड़ाव में चले जाना दिल को झकझोर देता है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि सभी की आत्माओं को शांति प्रदान करें। वही विधायक के द्वारा परिजनों को आर्थिक सहयोग किया।मौके पर उपस्थित झामुमो नेता अमरनाथ पांडे, प्रदीप सिंह, विश्वनाथ पाल, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, पंचायत अध्यक्ष सुशील यादव, अवध यादव, रमेश गुप्ता, राजू बैठा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मुखिया ने विकास सभी योजनाओं की समीक्षा की



आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** पंचायत स्तर पर मुखिया के द्वारा सभी विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आहुत किया गया। इस बैठक में पिपरीकला एवं पतिहारी पंचायत के सभी कर्मी उपस्थित होकर अपने अपने विभाग के सभी योजना संबंधित स्टोल लगाकर बैठे हुए थे। इस दौरान उपायुक्त शेखर जमुआर ने दोनों पंचायत पिपरीकला एवं पतिहारी पंचायत का दौरा किया। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त शेखर जमुहार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, वीडियो राजेश कुमार समीक्षात्मक बैठक में उपस्थित हुए। बैठक में विभिन्न विभाग का अधिकारी जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पेय जल, आंगनबाड़ी केंद्र, आदि के पंचायत स्तरीय कर्मियों का विभागीय योजना का कार्यक्रमों का बारी-बारी से समीक्षा की गयी। इस मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर, जिला आपुर्ति पदाधिकारी, बीडिओ राजेश कुमार, सहित पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, प्रखंड कर्मी, पंचायत के सभी प्रधानाध्यापक पंचायत के सभी डीलर, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया, पंचायत के सभी वार्ड सदस्य, सभी रोजगार सेवक उपस्थित थे।

# बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय का इंजीनियरिंग, बीसीए और डिप्लोमा परीक्षा का परिणाम घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** तीन मई 2025 (शनिवार) को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय ने फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के विभिन्न परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया। बताते चलें कियह फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग की पहली परीक्षा थी। जिसमें शत प्रतिशत परीक्षार्थी सफल रहे हैं। बीसीए (सत्र 2024-27 )में सोनू कुमार पाल ने सबसे अधिक 8.50 एसजीपीए प्राप्त किए हैं और डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग (सत्र 2024-27) में 9.84 एसजीपीए लाकर अनुराग ठाकुर सबसे ऊपर रहे हैं ।बीटेक के सभी कोर्सों (सत्र 2024-27) में सबसे अधिक नंबर सुजय कुमार को मिला है, जिन्होंने 9.84 एसजीपीए लाये हैं। यह सारी परीक्षाएं फरवरी-मार्च 2025 में आयोजित की गयी थी। परीक्षा फल प्रकाशित होने के बाद बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने संकयाध्यक्ष पंकज कुमार और उस विभाग के सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षक को अच्छे परीक्षा फल के लिए बधाई दिया है। इस मौके पर इस विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो डॉ एमके सिंह ने भी सभी परीक्षाथ्रीयो को बधाई और सुनहरे भविष्य के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए बोले हैं।

### महर्षि वेद व्यास परिषद ने किया विधायक प्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन

# योजनाओं का लाभ दिलाकर समाज को करें सशक्तः डॉ कुलदेव

**अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी हो मछुआ आयोग का गठन हो : रामाशंकर चौधरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** महर्षि वेदव्यास परिषद जिला इकाई गढ़वा के तत्वाधान में विधायक प्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संगठन के माध्यम से मनोनीत विधायक प्रतिनिधियों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले और सरकारी सेवा में योगदान करने वालों को भी पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और उनका मनोबल बढ़ाया गया। मुख्य रूप से उपस्थित महर्षि वेदव्यास परिषद झारखंड के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि पूरे झारखंड में निषाद समाज से एक भी विधायक नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन खुशी इस बात की भी है कि कम से गढ़वा और विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से विजय हुए विधायकगणों ने अपना प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत किया है। विश्रामपुर विधानसभा से बसंत चौधरी और गढ़वा विधानसभा से दिनेश चौधरी को विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। इसके लिए संगठन की ओर से बहुत बहुत आभार व्यक्त करते हैं और आशा करते हैं कि निषाद समाज के विकास में आपका महत्वपूर्ण योगदान हो, ताकि लोग समान अधिकार के साथ अपना जीवन यापन कर सकें। इसके अलावा चुनाव के पश्चात पलामू लोकसभा के सांसद महोदय से वात्तार्लाप हुई थी, उम्मीद करते हैं कि बहुत जल्द सांसद प्रतिनिधि के रूप में भी घोषणा की जायेगी। परंतु इसके लिए समाज के भी गणमान्य लोगों के साथ-साथ सभी माताओं-बहनों, युवा साथियों को भी ईमानदारी के साथ मेहनत करना पड़ेगा, एक दूसरे से सामंजस्य बनाकर रणनीति के साथ कार्य करना होगा, तभी आने वाली पीढ़ी को हम सशक्त बना पायेंगे। मत्स्य विभाग के अंतर्गत मछली पालन, प्रशिक्षण रोजगार, सब्सिडी,आवास, बीमा आदि के बारे में भी बताने की जरुरत है। वहीं रामाशंकर चौधरी ने झारखंड सरकार से अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी मछुआ आयोग का गठन का मामला उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गढ़वा जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार एवं संचालन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर चौधरी ने किया। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमलाल चौधरी, विद्वत प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम चौधरी, चंद्रदेव चौधरी, पूर्व मुखिया नंदू चौधरी, लालमुनी चौधरी आदि उपस्थित थे।

### एसडीओ ने नशा उंमूलन को लेकर बच्चों और बुजुर्गों से किया संवाद

# शराब सड़क दुर्घटना और विधि व्यवस्था समस्याओं की बड़ी वजह है : एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जल्द ही सदर अनुमंडल क्षेत्र में अवैध शराब और ऐसे ही नशे के व्यापार के विरुद्ध सामाजिक प्रशासनिक एकजुटता से एक प्रभावी अभियान की शुरूआत होगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के कई गांव ऐसे हैं जहां पर लोगों ने अवैध शराब निर्माण को अपनी जीविका का साधन बना लिया है, ऐसे लोग इस व्यवसाय को भय या दंड की वजह से कुछ दिन के लिए कम कर देते हैं पर कुछ ही दिनों में फिर शुरू कर देते हैं। किंतु अगर उन्हें इस व्यवसाय से हमेशा के लिए दूर करना है तो उनके व्यवहार में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। इसको लेकर इसी सप्ताह सामाजिक प्रशासनिक सहभागिता से एक बड़े अभियान की शुरूआत की जायेगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग अपने कामकाजी परिजनों को इस व्यवसाय में तौबा करवाने के लिए अच्छे प्रेरक की भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे अपने माता-पिता को जितनी अच्छी तरह से समझा सकते हैं उतनी अच्छी तरह से और कोई नहीं समझा सकता है। वे उन्हें समझाएं कि अवैध शराब बनाने और बेचने का कार्य न केवल अपराध है बल्कि अनैतिक होने के कारण समाज में हेय दृष्टि से देखा जाता है। कुछ इसी प्रकार गांव के बुजुर्गों से भी संजय कुमार ने इस सामाजिक पहल में सहयोग का अनुरोध किया।वन विभाग, पुलिस विभाग, उत्पाद विभाग, पंचायती राज संस्थाएं, सामाजिक संस्थाएं, स्वयं सहायता समूह, मीडिया, सोशल मीडिया आदि की मदद से व्यवहारात्मक परिवर्तन हेतु एक अभियान इसी सप्ताह शुरू किया जायेगा। अक्सर नशेड़ी लोग लूटपाट, चोरी, रैश ड्राइविंग आदि गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं किंतु इसके पीड़ित भुक्त भोगी वे लोग हो जाते हैं जिनका नशे से कोई मतलब नहीं है। इसलिए समाज के हर व्यक्ति को नशा के विरुद्ध किसी भी अभियान में स्वैच्छिक रूप से शामिल होना चाहिए।

# जेल में निर्मित वस्तुओं को बेचें और प्राप्त राशि को बंदियों के खातों में स्थानांतरित करें : जस्टिस

**मंडलकारा का न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी ने किया निरीक्षण, बंदियों से की मुलाकात**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी ने लोहरदगा दौरे के दौरान मंडलकारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर में अनुशासन, स्वच्छता और सुधारात्मक गतिविधियों को देखकर उन्होंने जेल प्रशासन की सराहना न्यायाधीश ने किया। मंडलकारा परिसर में कक्षपालों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर न्यायाधीश को दिया। इसके बाद प्रभारी कारापाल सुबोध कुमार और प्रभारी अधीक्षक अमित कुमार ने न्यायमूर्ति और झालसा सचिव का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अधीक्षक कार्यालय में कारा पदाधिकारियों और कर्मियों से परिचय के बाद बंदियों की उपस्थिति, लंबित मामलों और जेल में दी जा रही सुविधाओं पर चर्चा की गयी। पुरुष एवं महिला बंदियों ने पारंपरिक नृत्य और संगीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। मंचीय कार्यक्रम में अधीक्षक अमित कुमार ने न्यायमूर्ति, झालसा सचिव सदस्य, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा तथा पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा को स्मृति चिह्न स्वरूप पौधा गमला भेंट किया। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति ने बंदियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रत्येक माह दो बार प्रेरणादायक और देशभक्ति पर आधारित फिल्मों के प्रदर्शन का प्रस्ताव दिया, जिससे बंदियों के मानसिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा मिल सके। पुरुष वार्ड के निरीक्षण के क्रम में सभी वार्डों के बाहर पौधारोपण के निर्देश दिये गये। महिला वार्ड में रह रहीं बंदियों और उनके साथ रह रहे बच्चों के लिए दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा किया। उन्होंने जेल प्रशासन के कार्यों की सराहना की। केसों से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर उन्होंने डालसा द्वारा प्रतिनियुक्त अधिवक्ताओं को न्यायसंगत और संवेदनशील सहायता देने के निर्देश दिये। कारा पुस्तकालय और बंदियों द्वारा निर्मित वस्तुओं का अवलोकन करते हुए न्यायमूर्ति ने बंदियों की रचनात्मकता की प्रशंसा किया। हस्तनिर्मित हैंडबैग खरीद कर बंदिओं को प्रोत्साहन दिया। कहा कि इन वस्तुओं को जेल परिसर के बाहर स्टॉल लगाकर बेचा जाये और प्राप्त राशि को बंदियों के खातों में स्थानांतरित किया जाये। इसके बाद जेल परिसर में न्यायमूर्ति, झालसा सचिव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कानूनी सहायता केंद्र पीएलएसी का निरीक्षण कर न्यायमूर्ति ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अरुण कुमार सिंह और एलएडीसीएस प्रभारी अधिवक्ता रवि कुमार को प्रभावी विधिक सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिये।

# दुर्जागीन मंदिर से चांदी की मुकुट चोरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र में चोरों की सक्रियता ने पुलिस की नींद उड़ा रखी है। थाना क्षेत्र में आये दिन हो रहे छोटी-बड़ी चोरी की वारदात के बीच अब एक बार फिर चोरों के द्वारा प्रखंड के प्रसिद्ध प्राचीन पहाड़ी मंदिर अंतर्गत दुर्जागीन मंदिर को अपना निशाना बनाया गया है। शनिवार की रात्रि चोरों ने दुर्जागीन मंदिर परिसर अंतर्गत डीहबार बाबा के चांदी की मुकुट की चोरी कर ली। घटना की जानकारी रविवार की सुबह मंदिर पूजा करने आने वाले लोगों को मंदिर परिसर में जाने के बाद मिली। जहां देखा गया की डीहबार बाबा का मुकुट गायब हैं और मुकुट चुराने में मूर्ति का कुछ हिस्सा टूट भी गया। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने मंदिर परिसर पहुंच कर घटना की पड़ताल की। मामले को लेकर थाना प्रभारी के विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी अभियान पूछताछ को लेकर कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही इस पूरे मामले का उद्भेदन कर दिया जायेगा।

## ब्राइट फ्यूचर स्कूल के हॉस्टल का उद्घाटन



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा में नगर गांव में नगर मंदिर के पीछे रविवार को ब्राइट फ्यूचर स्कूल के हॉस्टल का उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। उदघाटन के मौके पर अमित गुप्ता ने कहा कि नगर जैसे ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय सुविधा युक्त शैक्षणिक माहौल देना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस हॉस्टल का लाभ गरीब तबके के बच्चों को मिलेगा, वर्तमान समय में जीवन की मूल पूंजी शिक्षा ही है। शिक्षा ही आपके जीवन के स्तर को उठा सकता है। संचालक धीरज वर्मा ने बताया कि न्यूनतम शुल्क पर इस आवासीय परिसर में नेतरहाट नवोदय और इंदिरा गांधी आवासीय स्कूल के एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी करवायी जायेगी। अनुभवी शिक्षकों के बीच एक बेहतर माहौल में बच्चों को शिक्षा दी जायेगी। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रदीप ठाकुर ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मिथलेश कुमार ने किया। मौके पर प्रदीप पाठक, राजू पाठक, मदन साव, प्रेमनाथ साहू समेत बड़ी संख्या में बच्चों के परिजन मौजूद थे।

## स्वास्थ्य शिविर में 36 लोगों ने करायी जांच




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेवा भारती के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 151 वॉ सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 36 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि सेवा ही परमो धर्म है और हमें यहां आकर बहुत आनंद आता है और कहा की अपने स्वास्थ की जांच कराते रहना चाहिए सुखी जीवन स्वस्थ शरीर रहने से ही मिल सकता है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि स्वस्थ शरीर रहने पर ही जीवन जीने का आनंद है नहीं तो सभी चीजें व्यर्थ है। कहा कि डॉक्टर कुमुद अग्रवाल इस शिविर में लगातार अपना सेवा देते आ रहे हैं इनके द्वारा किये जा रहे सेवा कार्य की जितनी सराहना की जाये कम है। सह सचिव संजय चौधरी व सुबोध प्रसाद महतो ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ चेकअप करवा कर और अपने उक्त बीमारियों का यहां डॉक्टर से इलाज करवाते हुए उनकी सलाह से स्वस्थ हो रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगायी जाती हैं। शिविर में अंजलि सर्राफ, अमित बांका, अतुल सर्राफ, मुकेश कुमार गुप्ता, राजू कुमार सिंह, सोनी देवी, गोपाल महतो, श्याम सुंदर कुमार, शिमला देवी, अशोक साहू, डोमन चंद्राकर कर्मकार, दीपक श्रीवास्तव, राजेश अग्रवाल, उमाशंकर साहू, विजय चंद्रसिवर, संगीता आदि उपस्थित थे।

## अदलिया कमिटी ने चार मामलों का निपटारा किया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के अदलिया कमिटी द्वारा रविवार को अंजुमन कार्यालय में सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सेक्रेटरी शाहिद अहमद बेलू, नाइब सदर सैयद आरीफ हुसैन, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, सहसचिव अनवर अंसारी, ऑफिस सेक्रेटरी मौलवी अबुल कलाम तैगी, मोहम्मद यासीन कुरैशी, मो. दानिश अली एवं असगर तैगी की उपस्थिति में अदलिया में विभिन्न चार विवादों का निपटारा किया गया। पहले मामले में लोहरदगा न्यू रोड निवासी अमजद खान एवं उसकी पत्नी बालूमाथ (लातेहार) निवासी समीना खातून के बीच विवाद को सुलझाते हुए सभी लेन-देन क्लीयर कराया गया। दूसरा मामला लोहरदगा जिले के कुडू निवासी साबिर अंसारी एवं कुडू निवासी सफीक अंसारी के बीच जमीन को लेकर चली आ रही विवाद को आपसी सुलहनामे के साथ सुलझाये गये। उसी तरह तीसरा मामला लोहरदगा शहरी क्षेत्र निवासी साबिर खलीफा एवं अन्य के बीच चली आ रही विवाद को आपसी सहमति बनाकर विवाद का निपटारा किया गया। जबकि चौथा मामला लोहरदगा जिले अंतर्गत किस्को परहेपाट निवासी पति-पत्नी के बीच के विवाद को सुलझाते हुए निपटारा किया गया।

## इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के राधेश्याम प्रजापति प्रथम पुरस्कार से सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जनरल इंश्योरेंस में बेहतरीन और शानदार कार्य करने के लिए गुमला डिवीजन के लोहरदगा ब्रांच के बीपीएम अरया पोस्ट ऑफिस में कार्यरत राधेश्याम प्रजापति को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के प्रधान शाखा प्रबंधक द्वारा राधेश्याम प्रजापति को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और साल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान लोहरदगा पोस्ट पेमेंट बैंक के अधिकारियों ने राधेश्याम प्रजापति की कार्यशैली की शरण किया। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के जनकल्याणकारी योजनाओं को जन सामान्य तक पहुंचाने के लिए सराहना किया गया। राधेश्याम प्रजापति को वित्तीय वर्ष 2024-25 में शानदार कार्य और उपलब्धि के लिए सम्मान दिया गया। इस मौके पर राधेश्याम प्रजापति ने कहा कि, सम्मान से प्रोत्साहन मिली है। चालू वित्तीय वर्ष में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के जनरल इंश्योरेंस को लक्ष्य से ज्यादा हासिल किया जायेगा।

## विकास विरोधी गिरोह पर कड़ी कार्रवाई करे पुलिस : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने चंदवा प्रखंड के चकला पंचायत के तुरी सोत गांव में बीते रात असामाजिक तत्वों के द्वारा भूभर्ग सर्वेक्षण कार्य में लगे अनेक वाहनों को जला देने की घटना की कड़ी निंदा की है। प्रतुल ने कहा कि झारखंड पुलिस और लातेहार पुलिस अविलंब इन विकास विरोधी गिरोहों पर नकेल कसे।प्रतुल ने कहा कि जिस तरीके से एक सरकारी उपक्रम के वाहनों को इस गिरोह ने जलाया है, इनके खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज कर अभियान चलाना चाहिए। प्रतुल ने कहा अब ऐसे गिरोह सिर्फ अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए कायरतापूर्वक रात के अंधेरे में घटना को अंजाम देते हैं और भाग खड़े होते हैं।प्रतुल ने कहा अब उग्रवाद पूरे देश में अंतिम सांसें ले रहा है।लातेहार पुलिस ने भी सीआरपीएफ के सहयोग से पिछले कुछ समय में उग्रवाद के खिलाफ बड़ी सफलताएं अर्जित की हैं। इसलिए अभी इन गिरोहों को अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए ऐसे ही छिप कर घटना को अंजाम देने की जरूरत आ गयी है। प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार कृत संकल्पित है कि 31 मार्च, 2026 तक उग्रवाद का पूरे देश से सामूल नाश किया जायेगा।

## कांग्रेस की जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली स्थगित

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में आहूत की गयी। इस बैठक में आगामी 6 मई को रांची स्थित पुराना विधानसभा मैदान में संविधान बचाओ महारैली को लेकर समन्वय समिति के सदस्यों, प्रखंड अध्यक्षों, एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों से आवश्यक विचार विमर्श किया गया। उक्त महारैली में लोहरदगा जिला से हजारों कांग्रेसी भाग लेंगे। इसके लिए सभी को जिम्मेदारी सौंप दी गयी है। मौके पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि विगत दिनों केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा जाति जनगणना कराने का कैबिनेट से मंजूरी लिया गया यह कांग्रेस की बड़ी जीत है राहुल गांधी ने देशवासियों से वादा किया था कि हम जाति जनगणना करा कर ही रहेंगे और उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार को बाध्य किया।

## जातीय जनगणना सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगा: सूरज अग्रवाल


आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना के निर्णय का आजसू पार्टी के द्वारा स्वागत किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा कि पार्टी वर्षों से जातीय जनगणना की मांग करती आयी है। राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने से लेकर विभिन्न आंदोलनों तक, पार्टी ने जातीय जनगणना को लेकर निरंतर आवाज बुलंद की है। जातीय जनगणना से देश की सामाजिक संरचना को समझने का अवसर मिलेगा और इससे समाज के सभी वर्गों के लिए उपयुक्त नीतियां बनायी जा सकेंगी। यह महज एक प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव और न्याय का आधार है। सूरज अग्रवाल ने कहा कि कुछ दल केंद्र सरकार के इस निर्णय को अपने दबाव का परिणाम बता रहे हैं। जबकि वे स्वयं अपने राज्यों में इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा पाये। विशेष रूप से झारखंड सरकार के पास वंचित वर्गों के आंकड़े तक उपलब्ध नहीं हैं, और ट्रिपल टेस्ट की अनुपलब्धता के कारण स्थानीय निकाय चुनाव दो वर्षों से स्थगित हैं। केंद्रीय महासचिव अंजू देवी ने कहा कि जातीय जनगणना से महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक स्थिति के गहराई से मूल्यांकन का मार्ग खुलेगा, जिससे नीति निर्धारण में महिलाओं की भूमिका और भागीदारी सुनिश्चित की जा सकेगी। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने इसे समाज में समता, न्याय और समावेशी विकास के लिए क्रांतिकारी पहल बताया। केंद्रीय सदस्य जहांगीर आलम ने कहा कि जातीय जनगणना के अभाव में पिछड़े समुदायों के लिए प्रभावी नीतियां बनाना कठिन है। केंद्रीय सदस्य रामकुमार महतो ने इसे पार्टी की वर्षों की मांग और संघर्ष की सफलता बताया। जिला प्रवक्ता सागर कुमार वर्मा ने कहा कि यह निर्णय आजसू पार्टी की सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता और दीर्घकालिक संघर्ष का परिणाम है।

## विधायक प्रकाश राम पहुंचे मोंगर पंचायत, मौके पर ही लोगों की 75 फीसदी समस्याओं के समाधान किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय भाजपा विधायक प्रकाश राम अपने तीन दिवसीय लातेहार प्रवास के दूसरे दिन रविवार को दिन भर मोंगर पंचायत के विभिन्न गांव टोला का भ्रमण किया। इस दौरान विधायक ने आम ग्रामीणों से मुलाकात कर उनके विभिन्न जन समस्या से अवगत हुए। इस दौरान विभिन्न गांव टोला के ग्रामीणों ने विभिन्न समस्या से संबधित आवेदन विधायक को सौंपा। जिस पर त्वरित कारवाई करते हुए विधायक ने संबधित पदाधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान मौके पर ही कराया। जबकि कुछेक मामले से संबंधित समस्या से संबधित आवेदन को जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश संबधित पदाधिकारियों को दिया। इधर मौके पर विधायक राम ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस उद्देश्य से मुझे विधान सभा भेजा है। उनकी समस्या का निराकरण करना हमारा संकल्प है। क्षेत्र की जनता अपनी समस्या को बेधड़क मुझ तक पहुंचाने का कार्य करे। समाधान कराना मेरा कार्य है। मौके पर भाजपा नेता पवन कुमार ने रविवार की दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे बताया कि आज विधायक पंचायत भ्रमण के क्रम में मोंगर विशुनपुर केडू हरखा घुटुआ समेत विभिन्न गांव का भ्रमण किया। जहां मुख्य रूप से पीने का पानी पटवन के लिए सिंचाई की व्यवस्था सड़क नाली समेत विभिन्न जन समस्या से संबधित ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गया। उन्होंने बताया कि 75 फीसदी समस्या का समाधान मौके पर करा दिया गया। जबकि 25 फीसदी समस्या समाधान का संबधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## तिगरा में भाजपा ने चलाया जनसंपर्क



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के नेता पवन तिग्गा के नेतृत्व में आज तिगरा गांव (तिगरा पंचायत) में अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत एक व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और सामाजिक समरसता और न्याय की भावना को प्रोत्साहित करना था। पवन तिग्गा ने कहा कि कांग्रेस ने ऐतिहासिक रूप से डॉ अंबेडकर के योगदान की उपेक्षा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने संसद भवन में डॉ अंबेडकर का चित्र लगाने से भी इनकार किया था। उन्होंने यह भी कहा कि 1951 में कांग्रेस द्वारा हिंदू कोड बिल का विरोध किये जाने पर डॉ अंबेडकर को केंद्रीय कानून मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था, जो कांग्रेस की विचारधारा के प्रति उनके विरोध का स्पष्ट संकेत है। तिग्गा ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डॉ अंबेडकर के विचारों को सम्मान और क्रियान्वयन मिला है। मोदी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया, जो संविधान निमार्ता के प्रति सम्मान का प्रतीक है। साथ ही, स्टैंड अप इंडिया, पीएम आवास योजना जैसी योजनाएं बाबा साहब की समावेशी भारत की परिकल्पना को साकार करती हैं। कार्यक्रम में अनेक समुदायों और धर्मों के लोग शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से भिखू उरांव, संगीता उरांव, किशोर उरांव, शंकर उरांव, सोमराव उरांव, मोहम्मद अंसारी, याकूब अंसारी, विजय प्रजापति, लक्ष्मण प्रजापति और अंगद प्रजापति शामिल थे। कार्यक्रम का समापन डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लेकर किया गया।

## बरवाडीह में सड़क जाम से लोगों की परेशानी बढ़ी



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह शहर भी इन दिनों जाम से कराह रहा है। पुलिस-प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद भी इस समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। अंबेडकर चौक से आदर्शनगर रोड तक, एसबीआइ बैंक रोड और हार्डवेयर गली, मिडिल स्कूल गली 10 बजे के बाद से पूरे दिन जाम लगता रहता है। दोपहिया और चार पहिया वाहन खड़ा करके लोग मार्केट में खरीदारी करने निकल जाते हैं। इसके अलावे दुकान का बाहर सामान निकाले जाने से रोड की चोड़ाई कम हो जाती है। जिसके कारण जाम लगना आम बात हो जाती है। एसबीआइ गली और हार्डवेयर गली में काफी मशक्कत करने के बाद एंबुलेंस को छोड़कर कोई तिपहिया और चार पहिया वाहनों को नहीं जाने दिया जाता है। स्टेट बैंक की ओर दोपहिया वाहन के अलावा कोई वाहन नहीं गुजरने पाते हैं। लेकिन इस समस्या को दूर करने के लिए बड़े-बड़े वादे किये गये और बड़े-बड़े आदेश जारी किये गये, लेकिन जाम की समस्या दूर नहीं हो पायी। जिस कारण से आम लोगों के साथ साथ दुकानदारों को भी कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक जगह से दूसरी जगह आने जाने में ही घंटों का समय नष्ट हो जाता है। इस संबंध में अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि कहना है कि जल्द ही इस समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

## चेकिंग अभियान में एक दर्जन वाहन जब्त

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह में चेकिंग अभियान के दौरान, बरवाडीह थाना गेट के पास लगभग एक दर्जन दोपहिया वाहनों को पकड़ा गया। अभियान करीब दो से तीन घंटे तक चला और पकड़े गये वाहनों को लेकर जिला परिवहन विभाग को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया। इस संबंध में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि इस तरह के अभियान सुरक्षा के दृष्टिकोण से चलाए जाते हैं। साथ ही थाना प्रभारी ने अपील की है कि हमेशा हेलमेट पहनें। साइड मिरर सही स्थिति में रखें। साइड स्टैंड चेक करें। चलने से पहले पेट्रोल चेक करें। मुड़ने से पहले इंडिकेटर दें। सामान्य गति 40-50 और हाइवे पर 60-70 रखें। वही चेकिंग अभियान में एएसआइ पंचरत्न यादव समेत पुलिस जवान मौजूद रहे।

## जेएनवी में मेडिकल नीट की प्रवेश परीक्षा हुई



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मेडिकल में दाखिला को लेकर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारियां लोहरदगा जिला प्रशासन की ओर से पूर्व में ही पूर्ण कर ली गयी थी और निर्धारित तिथि के अनुसार 4 मई रविवार को 11 बजे पूर्वाह्न से प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों का परीक्षा प्रारंभ हो गया था। परीक्षा से पूर्व दंडाधिकारी व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा मेडिकल नीट के अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र व आवश्यक दस्तावेजों का जांच कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराया गया। वही जिला में मेडिकल नीट प्रवेश परीक्षा के लिये सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में बनाया गया था। वही परीक्षा आयोजित से पूर्व शनिवार शाम को जिला के उपायुक्त डॉ0 बाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के साथ मिलकर निरीक्षण किया गया था। साथ ही उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा कर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त परीक्षा का सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया था। आयोजित मेडिकल नीट 2025 की प्रवेश परीक्षा में 240 छात्र छात्राओं ने प्रखंड क्षेत्र स्थित पीएम श्री जवाहर विद्यालय जोगना में परीक्षा दिया। शांति पूर्वक कदाचारमुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। परीक्षा सेंटर में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात की गयी थी तथा परीक्षा केंद्र से 200 मीटर की दूरी तक निषेधाज्ञा लागू था।

## बेहतर कार्य करने वाले कार्यकर्ता को किया जायेगा पुरस्कृत : धीरज प्रसाद साहू

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बेतला पार्क सभागार में संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लातेहार जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी को जिला से लेकर पंचायत स्तर तक सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने हेतु कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह लातेहार जिला प्रभारी धीरज प्रसाद साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां की कार्यकर्ता संगठन की शक्ति होते हैं। आज हम प्रदेश में जहां भी चुनाव जीते हैं तो उसका श्रेय सर्वप्रथम हमारे पार्टी के कार्यकर्ताओं को जाता है इसलिए जिला से पंचायत स्तर तक संगठन की मजबूती निष्ठावान कार्यकर्ताओं पर निर्भर करती है। आने वाले समय में मैं खुद प्रखंड स्तर पर दौरा करूंगा और संगठन की मजबूती हेतु जो भी कार्यकर्ता अच्छा कार्य करेंगे उन्हें पार्टी की ओर से पुरस्कृत करूंगा।

## क्राइम मीटिंग में अपराध नियंत्रण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई

# चार साल से अधिक पुराने लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें : एसपी

**डायल 112 सेवा का उपयोग कैसे करें, इस पर दी जाएगी विस्तृत जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को क्राइम मीटिंग आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता एसपी रिष्मा रमेशन ने की। बैठक में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और थाना प्रभारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गयी। पलामू जिले में हत्या, लूट, डकैती, दहेज हत्या और साइबर क्राइम जैसे अपराधों की समीक्षा की गई। लगे हाथ संबंधित थाना प्रभारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के निर्देश दिया गया। एसपी ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि चार साल से अधिक पुराने सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा बढ़ते साइबर क्राइम पर रोकथाम के लिए विशेष टीम गठित करने और लोगों को जागरूक को लेकर चर्चा की गई। साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देने और त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश दिया गया।



पुलिस के आला अधिकारियों के साथ बैठक करती एसपी रिष्मा रमेशन।

### स्कूल-कॉलेज में चले जागरूकता अभियान

एसपीने जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों एवं कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिसमें महिला उत्पीड़न, महिलाओं से जुड़े कानून, साइबर फ्रॉड से बचाव और आपात स्थिति में डायल 112 सेवा का उपयोग कैसे करें, इस पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। पुलिस की ओर से आमजन को डायल 112 सेवा की महत्ता और त्वरित सहायता के लिए इसके प्रयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके अलाला मादक पदार्थ तस्करी को खत्म करने के लिए विशेष अभियान चलाने और संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने का निर्णय लिया गया। वहीं, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने और जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। एसपी ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए विशेष कदम उठाने पर जोर दिया।

### थाना स्तर पर दी गयी जवाबदेही

एसपी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाएं और लोगों का भरोसा जीतने के लिए नियमित जनसंपर्क अभियान चलाएं। वहीं, सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चल रहे सरकारी कंस्ट्रक्शन साइटों का निरीक्षण करें। वहां उपस्थित ठेकेदारों एवं मुंशियों के साथ बैठक करें और उन्हें हर संभव सुरक्षा प्रदान करें। आवश्यकता पड़ने पर, निर्माण स्थलों पर पुलिस बल की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव तैयार कर कार्रवाई की जाएगी।

## पासपोर्ट मामलों के 99 प्रतिशत निष्पादन को लेकर पलामू पुलिस की हुई प्रशंसा



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले की पासपोर्ट शाखा को राज्य स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया है। राज्य में पासपोर्ट से जुड़े मामलों के निष्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों में पलामू का नाम शामिल किया गया, जहां 99 प्रतिशत मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। इस उपलब्धि के लिए एसी द्वारा पासपोर्ट शाखा और उसमें कार्यरत कर्मियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिले की पुलिस टीम के कुशल कार्य, समर्पण और पारदर्शिता का प्रतीक है। एसपी ने कहा कि यह उपलब्धि पलामू पुलिस के लिए गर्व की बात है। पासपोर्ट मामलों में त्वरित कार्रवाई और नागरिकों को समयबद्ध सेवा देना हमारी प्राथमिकता रही है। पासपोर्ट शाखा ने इस दिशा में सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने आशा जताई कि आगे भी इसी तरह की प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए पलामू पुलिस नागरिकों की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी।

## संविधान बचाओ रैली की सफलता को लेकर कांग्रेस नेता ने किया क्षेत्र भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** कांग्रेस के पूर्व विस प्रत्यासी सुधीर चंद्रवंशी ने रविवार को विश्रामपुर प्रखंड के दर्जनों गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों से छह मई को रांची में आयोजित होने वाले कांग्रेस के संविधान बचाओ रैली में शामिल होने का आह्वान किया। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार संविधान विरोधी कार्य कर रही है। आम लोगों का हक मारकर पूंजीपतियों को दे रही है। कहा कि अब समय आ गया है कि सभी लोग जाती धर्म से ऊपर उठकर संविधान को बचाने की लड़ाई में शामिल हों। उन्होंने दावा किया कि संविधान बचाओ रैली में विश्रामपुर विस क्षेत्र से 10 हजार लोग शामिल होंगे। इस मौके पर कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता विवेक शुक्ला, रिंकू सिंह, हाफिज आलम, इरशाद अहमद, रीता देवी और अनीता देवी आदि मौजूद थे।



## फुसरो की सड़क पर चिपकाये पाकिस्तान के झंडे, पहलगाम के आतंकी हमले का विरोध



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** विगत 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में रविवार को युवा व्यवसायी संघ के उपाध्यक्ष मो जावेद खान के नेतृत्व में फुसरो बाजार के फुसरो-पुराना बीडीओ ऑफिस मुख्य सड़क पर कई स्थानों में पाकिस्तान का झंडा चिपकाया गया। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया। यहां युवा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष बैभव चौरसिया एवं उपाध्यक्ष मो जावेद खान ने कहा कि भारत अमन पसंद देश है। यहां सभी मजहब के लोग आपस में भाई की तरह मिलकर रहते हैं। कोई भी दूसरा देश हमारे देश की तरफ उंगली उठाना चाहेगा तो उसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह एक बगीचे में हर तरह के फूल होते हैं, उसी तरह हमारे हिंदुस्तान में हर मजहब के लोग आपसी भाईचारे के साथ रहते हैं। पाकिस्तान की यह कायाराना हरकत अब बर्दाश्त के बाहर है। पाकिस्तान ने अपने आतंकवादियों को काश्मीर भेज कर हमारे 27 भारतीय निर्दोष भाइयों की हत्या करवाई, जिससे पूरा देश गुस्से में है। आतंकवाद को लेकर सरकार के निर्णय में सारा देश साथ खड़ा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि जितना जल्द हो सके पाकिस्तान के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। जब तक पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, विरोध जारी रहेगा। इस मौके पर युवा व्यवसायी संघ के कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार, पूर्व वार्ड पार्षद भरत वर्मा, शंकर गोयल, जितेन्द्र सिंह, विवेक चौरसिया, कन्हाई कुमार, मिथलेश कुमार, गोपी डे, राहुल ठाकुर, संतोष भगत, कमलेश कुमार, रवि कुमार, प्रवीण कुमार, रेहान आलम आदि मौजूद थे।

## हुसैनाबाद में किशोरी लापता महिला की शिकायत पर जांच में जुटी पुलिस

**एक मई को कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली थी**

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत हुसैनाबाद थाने में किशोरी की मां ने आवेदकर बेटी के लापता होने की बात कही है। बताया कि विगत एक मई की सुबह नौ बजे उसकी बेटी घर से कॉलेज जाने की बात कहकर निकली थी। उसे कॉलेज के बाद कपड़ा सिलाई करने को देना था। इस बीच जपला से उसने फोन कर उसने बताया था कि वह घर लौट रही है। लेकिन घंटों बीत जाने से बाद भी वह नहीं लौटी। आशंका होने पर सभी संभावित जगह उसकी तलाश की गयी, लेकिन कहीं उसका कोई पता नहीं चला। आवेदन में महिला ने बताया कि उनकी बेटी रोहतास के एक लड़के के साथ फोन पर अक्सर बात किया करती थी। उसे कई बार ऐसा करने से मना भी किया गया था, लेकिन वह बात करना जारी रखी है। महिला ने आशंका व्यक्त की है कि उसकी बेटी को वही लड़का भगा कर ले गया होगा। उधर, हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। जिस लड़के का नाम पता बताया गया है उस बिंदु पर भी जांच की जा रही है। एक दो दिन में लड़की का पता लगा लिया जाएगा।

## 9 नौ को महाराणा प्रताप की जयंती मनाने का निर्णय

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद के वार्ड संख्या 22 के पूर्व पार्षद भरत वर्मा के बाटा गली स्थित आवासीय कार्यालय में स्वतंत्रता सेनानी महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती मनाने को लेकर रविवार को बैठक की। जिसमें सर्वसम्मनित से नौ मई को डॉ राजेंद्र प्रसाद स्मृति भवन में महाराणा प्रताप की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर दयानंद बरनवाल, संत सिंह, भाई प्रमोद सिंह, नवल किशोर सिंह, भरत वर्मा, वैभव चौरसिया, शंकर प्रसाद सिन्हा, विजय कुमार, एके पंडित आदि लोग मौजूद थे।

## पोकलेन मशीन में पूर्व कर्मचारी के आग लगाने की आशंका, थाने में प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत दमदमी सोहेया पहाड़ के समीप क्रशर प्लांट में खड़ी पोकलेन में आग लगाने के मामले में महादेवा उदय माइंस के मुंशी भोलू कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि घुंघरू सिंह नामक कर्मचारी पहले इस क्रशर पर काम करता था। आरोप है कि उसका पैसा बकाया है। घुंघरू कुमार सिंह ने विगत 25 अप्रैल को प्लांट में आकर एक लैपटॉप और पोकलेन मशीन की चाभी ले ली थी। हालांकि बाद में चाभी वापस भी कर दिया। थाना को दिए आवेदन में भोलू कुमार सिंह ने कहा कि उन्हें आशंका है कि दो मई की रात घुंघरू कुमार सिंह ने ही घटना को अंजाम दिया है। वहीं, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच तेज कर दी गई है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।





### क्या है मामला

महादेवा उदय माइंस क्रशर में दो मई की रात एक बाइक पर सवार होकर पहुंचे तीन अपराधियों ने पोकलेन मशीन में आग लगा दिया था। जिसकी करीब करीब 80 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना रात 11 बजे की बतायी जा रही है। रात में ही क्रशर प्लांट के मालिकों ने हुसैनाबाद थाना पुलिस एवं दमकल की गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया। घटना के संबंध में प्लांट पर मौजूद मुंशी ने बताया कि रात में अंधेरे की वजह से कुछ समझ नहीं आया। पर इतना दिखा कि एक बाइक पर सवार दो तीन लोग आए थे। उन्होंने पोकलेन पर तेल डाल कर आग लगा दी। प्लांट में मौजूद गार्ड ने जब शोर मचाया तो अपराधी फायरिंग करते हुए बाइक से फरार हो गये।

## जैनामोड़ में हुआ केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री का भव्य स्वागत

**बेरमो (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीशचंद्र दुबे का रांची से धनबाद जाने के क्रम में रविवार को जैनामोड़ में भव्य स्वागत किया गया। यहां सदस्यों ने सीसीएल के कोलियरी के वितारीकरण के वजह से विस्थापित हुए लोग की परेशानियों, श्रमिकों की ज्वलंत समस्याओं, क्षेत्र में इंजीनियरिंग कॉलेज, माइनिंग कॉलेज एवं उच्च स्तर की पढ़ाई की व्यवस्था, क्वार्टर के बदतर स्थिति, विस्थापितों के स्वास्थ्य की सुविधा, कोलियरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों एवं बच्चों की कोयले की धूल से कैंसर, टीवी एवं अन्य बीमारी की इलाज के लिए बेहतर अस्पताल की व्यवस्था आदि समस्याओं-जरूरतों से मंत्री जी को अवगत कराया गया। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक मिश्रा द्वारा इससे संबंधित विषयों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, विक्रम पांडेय, भाजपा जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार, प्रखंड अध्यक्ष मनोज ठाकुर, अशोक मिश्रा, भाजपा प्रखंड महामंत्री सुनील मंडल, अजय सिंह, बैजनाथ नायक, कमल किशोर सिंह, सुनील सिंह, राजेश सिंह, उत्तम मिश्रा, मोहन महतो, अश्विनी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



## मिशन समृद्धि संस्था अपने अभियानों के प्रति गंभीर है : शीला श्रीवास्तव

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मिशन समृद्धि संस्था के सदस्यों का समृद्धि की रोटी अभियान के प्रति गहरी निष्ठा है। संस्था की सदस्यों ने अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल और दातून बेचने वालों के बीच एवं शनि मंदिर परिसर में जरूरतमंदों के बीच रोटी, सब्जी एवं लड्डू का वितरण किया गया। यह संस्था लोगों से मिलने वाली रोटी एवं अन्य खाद्य पदार्थों को जरूरतमंदों तक पहुंचाती है। इसमें मीना गुप्ता, बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज, रंजीता, ममता, बेबी पाण्डेय आदि का सराहनीय योगदान है।



## बिजली विभाग की छापामारी, छह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, लगा 1.11 लाख का जुर्माना

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** वरीय अधिकारियों के निर्देश पर जपला अवर विद्युत प्रमंडल के अभियंताओं ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में बिजली चोरी को लेकर छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान छह लोगों को बिजली चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया। उनके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाने के साथ ही जुर्माना भी लगाया गया है। उनमें जवाहिर विश्वकर्मा पर 25000, विश्वनाथ पासवान पर 12000, सुरेश साव पर 25000, अंकित विश्वकर्मा पर 12000, ऊदल राम पर 12000 और सत्यनारायण पासवान पर 25000 रुपये का जुर्माना लगा है। सभी आरोपियों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में विद्युत अधिनियम के तहत सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने प्राथमिकी दर्ज करा दी है। वहीं, हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं, छापामारी दल में मानव दिवस कर्मी ओबैद अहमद, राजकुमार यादव, कमलेश कुमार सिंह, अशोक मेहता और दशरथ कुमार शामिल थे।



## चैटर प्वाइंट कम्प्यूटर कोचिंग संस्थान में पुरस्कार वितरण का आयोजन

# शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्रियां नहीं बल्कि ज्ञान देना है: नूरी सबा रिजवी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के देवरी रोड स्थित बालाजी कंपलेक्स दुर्गाबाड़ी के समीप चैटर पॉइंट कंप्यूटर एवं अंग्रेजी कोचिंग संस्थान में 22वां वार्षिक उत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। अपने संबोधन में संस्था के संस्थापक मिसम रिजवी ने बताया कि 4 मई 2003 को जपला में कोचिंग सेंटर की स्थापना की थी। क्षेत्र के हजारों छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर और अंग्रेजी शिक्षा के माध्यम से शिक्षित कर कामयाबी की राह पर आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। कहा कि आज लोग डिग्रियों के पीछे भाग रहे हैं, जबकि ज्ञान पीछे छूटता जा रहा है। शिक्षा का मुख्य उद्देश्य ज्ञान होता है। अगर बिना ज्ञान के केवल डिग्रियां मिलती रहे तो आने वाले समय में डिग्रीधारी तो बहुत मिलेंगे, लेकिन ज्ञानी मिलन मुश्किल हो जाएगा। वहीं, संस्था की निदेशिका नूरी सबा रिजवी ने छात्राओं को शिक्षा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया और अपने मार्गदर्शन में उचित ज्ञान देने का वादा किया। अंत में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। हिंदी, इंग्लिश टाइपिंग में रेशमा को प्रथम पुरस्कार, मुस्कान द्वितीय और यश को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं, टेस्ट परीक्षा में प्रथम पुरस्कार अकबर अली को दिया गया। वर्ष 2024 में सबसे अनुशासित छात्र का पुरस्कार पीयूष केसरी को दिया गया। इस मौके पर सुचित कुमार, अंकित कुमार, आदित्य रोशन अमन, कुंदन, फरहान, आसिफ सुप्रिया, सोनाली, संजू, मनिका, खुशबू, मानवी, सौरभ, अरमान, आमिल आलोक, बबलू, अमित आदि उपस्थित थे।





## युवा राजद की ओर से जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन





**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा के नेहरु रोड स्थित सेलिब्रेशन हाल में धनबाद जिला युवा राष्ट्रीय जनता दल की ओर से जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके शुभारंभ में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर कामना की गयी। उसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम पूरे राज्य में आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम के माध्यम से हम अपने कार्यकर्ताओं को राजद की स्थापना, उसके उद्देश्य, पार्टी के विचार एवं चुनाव चिन्ह लालटेन है के बारे में बताना है। वहीं, युवा राजद धनबाद जिलाध्यक्ष राजेश उर्फ बिट्टू मिश्रा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी के बारे में अच्छे से जानकारी ले। कहा कि यह कार्यशाला पूरे झारखंड के 24 जिलों में पहला कार्यक्रम है। इसमें सभी प्रखंड एवं नगर क्षेत्र से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत, पिता गंभीर



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के तीन सीमानी बोरांग मोड़ स्थिति बाइक के पेड़ में टकरा जाने से जम्टी नवाटोली निवासी संतोष उरांव 40 वर्ष की स्थिति गंभीर हो गयी जबकि उसके पुत्र अमृत उरांव 12 वर्ष की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। मृतक की मां ने बताया कि मेरे पति वह पुत्र रविवार को बनालात स्थित लगने वाला साप्ताहिक हाट गये थे। जहां से साग सब्जी खरीदने के बाद बाइक में सवार होकर वे दोनों लौट रहे थे तभी वे तीन तीन सिमानी बोरांग मोड पहुंचे जहां पर बाइक का संतुलन खराब हो गया और सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से जा टकराया जिससे मेरे पुत्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी राहगीरों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और उक्त दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया जहां अमृत उरांव को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। जबकि मृतक के पिता संतोष का प्राथमिक उपचार उपरांत बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# पारिवारिक विवाद को डायन बिसाही के मामले में कर दिया गया परिवर्तित

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बारीडीह पंचायत अंतर्गत कोएना गांव में डायन बिसाही जादू टोना जैसा एक मामला प्रकाश में आया। मामले की छानबीन के लिए एसडीओ चैनपुर ने उक्त गांव का दौरा किया। जांच के बाद पता चला कि यह मामला पारिवारिक विवाद का मामला है। और इस पारिवारिक विवाद को जादू-टोना से जोड़ दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी, चैनपुर द्वारा चैनपुर प्रखंड के बारीडीह पंचायत अंतर्गत कोएना गांव का दौरा किया गया। बीते 3 मई को यह सूचना मिली थी कि उक्त टोले में कुछ ग्रामीणों द्वारा कथित तौर पर टोले के ही किसी व्यक्ति पर जादू-टोना करने संबंध में शिकायत की गयी थी। इस मामले को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा उक्त टोले में जाकर मामले की छानबीन की। जिसके बाद यह ज्ञात हुआ कि यह पारिवारिक विवाद का मामला है और इस पारिवारिक विवाद को जादू-टोना से जोड़ दिया गया। इस मामले में एसडीओ, चैनपुर द्वारा सुबह ग्रामीणों के साथ बैठक की। वर्तमान में उक्त टोले में स्थिति सामान्य बतायी जा रही है।



**आधारभूत सुविधाएं से वंचित है यह गांव :** बैठक के उपरांत एसडीओ, चैनपुर ने उक्त टोले में भ्रमण कर वहां उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी भी ली। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उक्त टोले में बोरिंग खराब है जिसके कारण पेयजल की समस्या है। इसके साथ ही यहां बिजली की समस्या भी है। सोलर पैनल के जरिए बिजली उपलब्ध करायी गयी है, लेकिन वर्तमान में वह सोलर पैनल खराब है। इसके अतिरिक्त यहां अबूआ आवास की भी जानकारी ली गयी। बताया गया कि छूटे हुए लोगों का आवास हेतु सर्वे पूर्ण कर लिया गया है। भ्रमण उपरांत एसडीओ द्वारा पेयजल एवं बिजली की समस्या के लिए जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिए गए।

इस दौरान अंचल अधिकारी, एसआइ, कुरूमगढ़, मुखिया, महिला पर्यवेक्षिका एवं ग्रामीण वहां उपस्थित थे।

## डुमरी का युवक गुरदरी थाना क्षेत्र से लापता



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुरदरी थाना अंतर्गत रांगे गांव ईट बनाने आये डुमरी थाना क्षेत्र के उदनी पंचायत स्थित चड़ी पाठ गांव निवासी 40 वर्षीय राजेश केरकेट्टा पिछले 9 दिनों से लापता है। रागें निवासी दीलबर खेरवार बताते हैं कि वह मेरा ईट बनाने एक माह पूर्व मेरा आया था जहां वह ईट बनाने का काम कर रहा था। परंतु पिछले 26 अप्रैल को गांव में सरहुल पर्व का वासी तेवासी चल रहा था। इसी दौरान वह गांव के कुछ लोगों से निकाला और लौट कर नहीं आया ना ही अपने घर चड़ी पाठ पहुंचा। मेरे एवं उसके परिजन के द्वारा उसका काफी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है परंतु उसका कुछ भी पता नहीं चल रहा है जिसको लेकर गुरदरी थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया है। फिर भी उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। वह हल्का लाल टी-शर्ट एवं नीचे सोर्स पहना हुआ है अगर किसी को यह दिखाता है तो परिजन के मोबाइल नंबर 8987881607/ 7321932388 जानकारी देने का आग्रह किया है। जानकारी देने वालों को 1000 इनाम स्वरूप दिया जायेगा।

## मारवाड़ी समाज ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी समाज की बैठक अध्यक्ष पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में पोद्दार स्मृति भवन में हुई। राजकमल राजगढ़िया की माताजी शारदा देवी की आकस्मिक निधन पर उनके आत्मा की शांति के लिए 1 मिनट का मौन रखा गया। ततपश्चात राजगढ़िया के घर जाकर श्रद्धांजलि दी गयी साथ ही शोकाकुल परिवार को समाज द्वारा ढाढस बांधते हुए कहा गया कि माताजी बहुत धार्मिक विचार की थी। राज कुमार अग्रवाल, गोविंद खंडेलवाल, कृष्णा नरसरिया, बृज किशोर फोगला, दिनेश गाड़ोदीया, पवन उदयपुरिया, आदित्य कुमार नरसरिया, अमित कुमार साबू, संजय अग्रवाल, पवन कुमार शर्मा, संजय अग्रवाल, सुरेश फोगला, राजकुमार गाड़िया, अनिल कुमार अग्रवाल अमित गाड़िया, जगदीश मालानी, हरि मालानी, मनीष शर्मा, अमित अग्रवाल, शंकर लाल जाजोदिया, प्रमोद कुमार गाड़ोदिया बैठक में उपस्थित थे।

# पेंटिग प्रतियोगिता सह सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला में दो हजार लोगों ने लिया भाग

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** एसआइपी एबीएसीयूएस और सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा कक्षा 3 से कक्षा 7 तक के बच्चों के द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा थीम पर पेंटिंग करना था। गुमला के विभिन्न स्कूलों से आये परिभागी जिसमें डॉन बॉस्को स्कूल, डीएवी स्कूल, नेट्रोडम स्कूल, शिशु मंदिर स्कूल और अन्य स्कूलों के लगभग 2000 बच्चों के साथ उनके परिवार के अभिभावक भी आए थे जिनके लिए जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया था। सभी अभिभावक से सड़क सुरक्षा के थीम के विषय में बात की गई और पूछा गया की गुमला को एक्सीडेंट से बचाने के लिए आप सभी को सुरक्षा पालन करने की जरूरत है। हेलमेट हेलमेट और हेलमेट , गाड़ी चलाने से पहले इसको नजरअंदाज करना बड़ा खतरनाक हो सकता है। भले आपको पड़ोस में ही राशन लेने क्यों ना जाना पड़े हेलमेट बहुत जरूरी है।




एसआइपी एबीएसीयूएस के प्रतिनिधि ने सभी अभिभावक से बच्चों के मोबाइल इस्लेमाल को लेकर भी सबको जागरूक किया गया। मोबाइल एक नशा है जो बच्चों के फ्यूचर को खराब करता है, इस नशे की वजह से बच्चे खाना, पीना, बोलना , पढ़ना सब में कंजूसी करना चालू कर देता है। इस दौरान आये लोगो को यातायात नियमो एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से एसआइपी एबीएसीयूएस के प्रतिनिधि और सड़क सुरक्षा के प्रबंधक प्रभास कुमार, रोड इंजीनियरिंग एनलिस्ट प्रणय काशी और आइटी सहायक मंटू रवानी शामिल थे।

## वृद्ध महिला की कुएं में डूबने से मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेलागड़ा ग्राम निवासी वृद्ध महिला सोमार देवी की मौत कुआं में डूबने से हो गयी। घटना रविवार अहले सुबह की बतायी जा रही है। घटना का बाबत परिजन सुरेंद्र उरांव ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग साढ़े 5 बजे वह उठकर वह अपने कुआं की ओर गया। तो देखा कि टॉर्च जल रहा है। टॉर्च जलते देखा। वह कुएं के करीब पहुंचा तो देखा कि सोमारी देवी का शव कुएं के पानी के ऊपर तैर रहा है। सुरेंद्र ने घर वालों की इसकी सूचना दी। थाने को भी इसकी सूचना दी गयी। जहां पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया और पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। वही परिजन ने यह भी कहा कि सोमारी सुबह उठकर शौच के लिए निकली होगी और उक्त कुआं में फिसल कर जा गिरी होगी। जिससे उसकी मौत हो गयी।

# डायन बिसाही का आरोप लगाकर महिला से मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के धोधरा पाकईर टोली निवासी 40 वर्षीय महिला सोमारी देवी पति घासी उरांव के साथ रविवार दिन के 2 बजे गांव के ही कुछ लोगों ने डायन बिसाही का आरोप लगाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजन महिला को सदर अस्पताल लेकर आये जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी देते हुए सोमारी देवी ने बताया करीब एक माह पूर्व ट्रैक्टर से दबाकर तेतरु उरांव की मौत हो गयी थी वह शराब के नशे में था और ट्रैक्टर चला रहा था तभी ट्रैक्टर से गिरने से चक्का उसके शरीर में चढ़ गया और उसकी मौत हो गयी। उसके मौत का जिम्मेदार उसके परिवार वाले मुझे ही मानते हैं। कई बार डायन बिसाही बोलकर जान से मारने की धमकी भी दी है। बीते बुधवार को अंकित उरांव की मां हंसुआ लेकर मुझे मारने आयी थी। आज इसी मामले को लेकर गांव में पंचायत होना था तभी गांव के अंकित उरांव, पुनई उरांव अंगनी देवी, बंधु उरांव, आशीष उरांव मेरे घर आए। इसके बाद अंकित मुझे घर से बाल पकड़कर घसीटकर बाहर निकाला। इसके बाद लात घुसो से मुझे जमकर मारपीट किया। जब मैं बेहोश हो गयी तो वे लोग चले गये। घायल महिला का पति दूसरे प्रदेश में मजदूरी करता है। सोमारी अपने 12 वर्षीय बेटे के साथ घर पर रहती है। घटना के बाद वह काफी डरी सहमी है। मामले को लेकर परिजन सोमवार को गुमला थाना में आवेदन देने की बात कह रहे हैं।



## आंधी-तूफान में उड़ा घर का एस्बेस्टस



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डुको पंचायत के खपिया गांव में आंधी तूफान से महिला कुवारी देवी के घर का एस्बेस्टस हवा में उड़कर जमीन पर जा गिरा। जिससे अल्बेस्टर टूट गयी। वही घर में रखे राशन के चावल भी भींग कर बर्बाद हो गये। इस संबंध में पीड़ित कुवारी देवी ने बताया कि तेज हवा आंधी बारिश के कारण उसके घर के अल्बेस्टर पूरी तरह उड़कर जमीन पर जा गिरे। इसके साथ ही घर में रख खाने के राशन चावल भी पानी से भींग कर बर्बाद हो गये। इस घटना में लगभग?70 हजार रुपए से ऊपर की आर्थिक नुकसान होने की बात कही। पीड़िता ने अंचल प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। साथी अभी बताया कि वह ईट भट्ठा में मजदूरी कर कमाने गयी थी। जिसके बाद ईट भट्ठा से पैसे कमाकर लौटने के उपरांत घर बनायी थी। तेज आंधी बारिश के कारण पूरी एस्बेस्टस उड़ गयी। सहयोग की अपील भी की है।

# गुमला में भामाशाह की जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भामाशाह चौक पर जल्द ही भामा शाह की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। यह निर्णय पिछ्ले दिनों राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन जिला गुमला की ओर से अयोजित भामाशाह की जयंती पर लिया गया था। नीलेश कॉम्प्लेक्स भवन के सभागार में अयोजित इस समरोह में तेली समाज पुरोधा महा दानवीर भामाशाह की जीवनी बतायी गयी।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप नीलेश पूर्व भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शकुन्तला उरांव, समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेश कुमार लाल, मंच संचालन संजय कुमार साहू, एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ पदाधिकारी सरजू प्रसाद साहू ने की। मुख्य अतिथि दिलीप नीलेश ने अपने वक्तव्य में सभी स्वजातीय बन्धुओं को आपसी मतभेद भुला कर एकजुट रहने का आह्वान किया,एवं गुमला में भामाशाह चौक पर उनकी एक प्रतिमा लगाने का भी सुझाव दिया जिसे सभी लोगों ने एकमत से सहमति जतायी। अपने सम्बोधन में जिला अध्यक्ष महेश कुमार लाल ने भामाशाह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश भक्ति का जज्बा भामाशाह जी के योगदानों से सीखने की जरूरत है।

जिला अध्यक्ष ने उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष दिलिप नीलेश, गोपाल कुमार महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा गायत्री देवी, भाजपा नेत्री शकुन्तला उरांव, नीलाम्बर साहू, मनोज कुमार मुन्ना सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित कर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिलीप कुमार नीलेश शकुन्तला उरांव, गायत्री देवी, महेश कुमार लाल, पवन कुमार गुप्ता, संजय कुमार साहू मुन्नीलाल साहु, सरजू प्रसाद साहू समेत सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिकल सेल के खिलाफ गुमला में मुहिम

# 31 तक शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग का लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ जंग में गुमला जिला प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। जिले की 70% से अधिक आबादी आदिवासी समुदाय से संबंध रखती है, जहां यह आनुवंशिक रक्त विकार अत्यधिक व्यापक है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर जांच कराकर इस गंभीर बीमारी से बचाव में सहयोग करें। ज्ञात हो कि जिले में कुंडली मिलाओ ना मिलाओ, सिकल सेल जांच जरूर कराओ नामक अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान एसपीएमसीआइएल कोलकाता और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से संचालित हो रहा है। इस पहल के तहत 0-40 वर्ष आयु वर्ग के 8.5 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य तय किया गया है। अब तक, 2 फरवरी 2025 तक 7,04,736 लोगों की जाँच पूरी की जा चुकी है, जो राज्य के अन्य जिलों की तुलना में सबसे अधिक है। सिकल सेल रोग लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करता है, जिससे मरीज को गंभीर दर्द, अंगों के नुकसान और कम जीवन प्रत्याशा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। रोग की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने सिकल सेल पीड़ितों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने का निर्णय लिया है, ताकि वे आवश्यक सामाजिक और आर्थिक सहायता के पात्र बन सकें। जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि यदि 31 मई तक लक्ष्य पूरा हो जाता है, तो गुमला झारखंड का पहला ऐसा जिला बन जायेगा, जहां शत-प्रतिशत पात्र नागरिकों की सिकल सेल स्क्रीनिंग संपन्न हो चुकी होगी। प्रशासन ने शेष नागरिकों से अपील की है कि वे शीघ्र ही अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद्र या जिला अस्पताल में जाकर जांच कराएं और इस महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियान का हिस्सा बनें। यह न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि भावी पीढ़ियों को भी सिकल सेल से सुरक्षित रखने का उपाय है।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in


## परिजनों ने वृद्ध महिला को अस्पताल में छोड़ा मिशन बदलाव की टीम ने ली जिम्मेदारी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल गुमला में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। घाघरा प्रखंड के छठ मोहल्ला निवासी 65 वर्षीय वृद्धा फुलमनी कुजूर को इलाज के नाम पर परिजन अस्पताल में भर्ती कराकर चुपचाप छोड़कर भाग गये। यह मामला तब सामने आया जब मिशन बदलाव की जिला सचिव सैय्यदा खातून और नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी वर्मा अस्पताल विजिट पर पहुंचीं। टीम को अस्पताल के रूम नंबर 224, बेड नंबर 09 पर वृद्ध महिला अकेली, बेहद बीमार अवस्था में मिली। नर्स ने जानकारी दी कि फुलमनी कुजूर टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) से ग्रसित हैं और उन्हें समय पर दवा देना अत्यंत आवश्यक है। उनके पास कोई देखरेख करने वाला नहीं है, न ही आशा कार्यकर्ता सहिया बेबी देवी मौजूद हैं। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही है और फेफड़ों में पानी भर गया है। लंबे समय से भूखी फुलमनी ने फल खाने की इच्छा जाहिर की, जिसे देखते हुए मिशन बदलाव ने उन्हें फल और ब्रेड उपलब्ध कराये। साथ ही अस्पताल प्रबंधक प्रवीण एक्का को भी सूचना दी गयी ताकि भोजन की समुचित व्यवस्था की जा सके। ज्योति वर्मा ने कहा कि टीबी से ग्रसित मरीजों से डरने की जरूरत नहीं, बल्कि उनका सहयोग कर जान बचाना हमारी जिम्मेदारी है। परिजनों द्वारा महिला को बेसहारा छोड़ना निंदनीय है। इस संबंध में जल्द ही थाना में शिकायत दर्ज करायी जायेगी। मिशन बदलाव ने जिला प्रशासन और पुलिस से अपील की है कि वे इस मामले को गंभीरता से लें और वृद्ध महिला को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठायें। अस्पताल प्रबंधन द्वारा इलाज की हरसंभव कोशिश की जा रही है, और उम्मीद की जा रही है कि समय पर इलाज से उनकी जान बचायी जा सकेगी।

## स्पोर्ट्स



कोलकाता की टीम 11 मैचों में 5 में जीत और 5 हार के साथ अंक तालिका में छठे नंबर पर पहुंच गई है। वहीं राजस्थान की टीम 12 मैचों में तीन में जीत और नौ में हार के साथ 8वें नंबर पर मौजूद है

# केकेआर ने आरआर को एक रन से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का 53वां मुकाबला रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में केकेआर ने आरआर को मात्र एक रन से हरा दिया। कोलकाता के इडेन गार्डेंस स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में केकेआर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 206 रन बनाये। जवाब में राजस्थान की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 205 रन ही बना सकी और एक रन से मुकाबला हार गयर। इस मुकाबले में जीत के साथ कोलकाता की टीम 11 मैचों में 5 में जीत और 5 हार के साथ अंक तालिका में छठे नंबर पर पहुंच गयी है। वहीं राजस्थान की टीम 12 मैचों में तीन में जीत और नौ में हार के साथ 8वें नंबर पर मौजूद है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल को पहले ही ओवर में वैभव सूर्यवंशी के रुप में बड़ा झटका लगा। वैभव इस मैच में जल्दी आउट हो गये और मात्र 4 रन बना सके। अगले ओवर में कुणाल सिंह राठौर बिना खाता खोले आउट हो गए। दो विकेट जल्दी गंवाने के बाद सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कप्तान रियान पराग ने अच्छी साझेदारी की और छह ओवर की समाप्ति तक टीम के स्कोर को 50 रन के पार पहुंचा दिया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 50 रन से ज्यादा की साझेदारी हो गई थी, इस बीच यशस्वी बड़ा शॉट मारने की कोशिश में कैच आउट हो गये। यशस्वी ने 21 गेंदों में 5 चौके और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाये। फिर आठवें ओवर में राजस्थान को दो झटके लगे। पहले ध्रुव जुरेल और फिर वानिंदु हसरंगा बिना खाता खोले आउट हो गये। आधी टीम के पवेलियन लौटने के बाद रियान पराग ने शिमरॉन हेटमायर के साथ पारी को आगे बढ़ाया।



# चैतू उरांव ने संविधान बचाओ रैली में भाग लेने का किया आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा के संविधान बचाओ रैली पुराना विधानसभा धुर्वा रांची में आयोजित है। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के माननीय अध्यक्ष श्री मल्लिका अर्जुन खड़गे जी महासचिव संगठन प्रभारी श्री केसी वेणुगोपाल झारखंड प्रदेश के राजू पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शाह प्रभारी डॉक्टर वेल प्रसाद सहित कई प्रमुख राष्ट्रीय कांग्रेस नेता शामिल होंगे। गुमला जिला के 12 प्रखंडों के कार्यकर्ता रांची रैली में भाग लेने के लिए उत्साहित है पंचायत से लेकर जिला तक के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में संविधान बचाओ रैली में भाग लेने के लिए तमाम प्रखंड अध्यक्षौ ने अपने प्रखंड में पंचायत अध्यक्षों एवं बूथ अध्यक्षों को ज्यादा से ज्यादा रैली में भाग लेने के लिए निर्देश दिया गया। हमें उम्मीद है कि संविधान बचाओ रैली झारखंड के लिए मिल का पत्थर साबित होगा राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मल्लिकार्जुन खड़गे के आने से संगठन धारदार और मजबूत होगा झारखंड का विकास की गति और तेज हो जायेगी ।



## संवेदक संघ को कुछ संवेदक कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं: संतोष गुप्ता

**गुमला (आजाद सिपाही)।** संवेदक संघ के खिलाफ कुछ संवेदकों के द्वारा संगठन के पदाधिकारीयों पर जो आरोप लगाया गया है वह पूर्णत निराधार है यह कहना है संवेदक संघ के अध्यक्ष संतोष गुप्ता गुड्डू का। वे रविवार को दूरभाष पर आजाद सिपाही से बात कर रहे थे। उन्होने कहा कि आरोप लगाने वाले ये वही संवेदक है जो पूर्व में भी संगठन को कमजोर करने का प्रयास किए थे। एसीए मद का पेमेंट विभाग के द्वारा एक कमेटी गठित कर किया गया है इसमें संगठन के पदाधिकारी किसी तरह से सम्मीलित नहीं है। एसीए मद का पेमेंट सभी संवेदकों का हो जाय इसके लिए लोहरदगा गुमला के पदाधिकारियों के द्वारा कई बार रांची भी जाकर प्रयास किया गया है। संगठन आज भी एकजुट है यह संगठन संवेदको के ऊपर हो रही समस्याओं के समाधान के लिए ही बना है। परंतु अपनी ओछी मानसिकता के कारण कुछ संवेदकों के द्वारा संगठन को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। संवेदक संघ के किसी भी पदाधिकारी के द्वारा पद का दुरुपयोग नहीं किया गया है और अगर वैसी कोई बात है तो संगठन एक परिवार है परिवार के बीच में बैठकर इसका समाधान निकाला जा सकता है संगठन अपनी तीन वषों का कार्यकाल को निष्ठा के साथ पूरी करेगी संवेदकों के द्वारा संगठन को जो सहयोग किया गया है उसका पुरा ब्यौरा संगठन के कोशाध्यक्ष नीरज जी से जिन्हे जरूरत महसूस हो रहा है वे ले सकते हैं किन्हीं के कह देने से संगठन भंग नहीं होता है।

## सौगात : 7.93 करोड़ की लागत से होगा तेनुघाट डैम का जीर्णोद्धार कार्य, मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया शिलान्यास

# पर्यटन के प्रमुख स्थलों में शामिल होगा तेनुघाट डैम: योगेंद्र प्रसाद

### कहा- तेनुघाट डैम को पर्यटन के रूप विकसित करने को मिल रही 55 करोड़ की स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता



तेनुघाट डैम के सौंदर्यीकरण कार्यों का उद्घाटन करते मंत्री योगेंद्र प्रसाद।

**तेनुघाट।** जल संसाधन विभाग की ओर से तेनुघाट बांध की सुरक्षा और सौंदर्यीकरण के लिए डीएसआरपी 2021 की अनुशंसा पर आधारित कार्यों की शुरूआत हो गई है। रविवार को झाड़ी कटिंग, बोल्डर पिचिंग, नाली सफाई, ग्रास पिचिंग और सौंदर्यकरण कार्यों का विधिवत शिलान्यास राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया। तेनुघाट बांध के सुरक्षा मापदंडों को पूरा करने के लिए विभिन्न कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डैम के संपूर्ण विकास के हमारे लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में किया गया यह शिलान्यास ऐतिहासिक है। बताया कि 7.93 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न कार्यों के पूर्ण हो जाने के बाद तेनुघाट डैम को एक नई पहचान मिलेगी जिससे जलापूर्ति के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। शिलान्यास करने के बाद मंत्री जी ने कहा कि तेनुघाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। बताया कि तेनुघाट और आसपास के लोगों की वर्षों पुरानी मांग अब साकार होने जा रही है। तेनुघाट डैम को पर्यटन के रूप विकसित करने के लिए 55 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल रही है। बहुत जल्द काम शुरू होगा। मंत्री ने कहा कि आगे अन्य विभागों से भी काम किये जायेंगे, जिससे यह क्षेत्र पर्यटन के मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान प्राप्त करेगा। साथ ही कहा कि तेनुघाट में बिजली की समस्या का समाधान अतिशीघ्र हो जाएगा। इस मौके पर तेनुघाट के मुखिया नीलम श्रीवास्तव, पंसस अजीत कुमार पांडेय, रमेंद्र कुमार सिन्हा, रतन कुमार सिन्हा, दीपक कुमार गुप्ता, संजय यादव, राजन नायक, अख्तर अंसारी, रामचंद्र यादव, मुकेश कुमार, मनोज कुमार यादव, बबलू, सुजात, बसंत, अनिल कुमार यादव और पंकज नायक आदि मौजूद थे।

# गुणवत्तापूर्ण सड़कों का जाल बिछाने को सरकार कृतसंकल्पित : मंत्री



सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते मंत्री योगेंद्र प्रसाद।

**मंत्री ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास, लोगों से निगरानी करने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया/बेरमो।** राज्य के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने रविवार को गोमिया प्रखंड अंतर्गत बारीडारी पंचायत में तिरला मुख्य पथ से सोमस्वरवा गोंडरा तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार जनता की आवश्यकताओं को पूरा करने और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। क्षेत्र में उच्च गुणवत्तापूर्ण सड़कों का जाल बिछाने के लिए सरकार कृतसंकल्पित है। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा। इस मौके पर मुखिया तेजलाल महतो, किशुन महतो और संतोष करमाली सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# सस्ती दर पर मिलेगी दवाइयां लाभावित होंगे लोग: विधाय



**धनबाद के विधायक ने किया जन औषधि केंद्र का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** हीरापुर के ज्ञान मुखर्जी रोड, सेंट्रल बैंक के समीप प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के जन औषधि केंद्र का उद्घाटन विधायक राज सिन्हा ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। इससे धनबाद के लोगों को 200-250 रुपए की दवाइयां 20-25 रुपए में बहुत सस्ती दर पर मिलेगी। जिससे लोगों को बहुत राहत मिलेगा आम जनता को राहत देने वाली इन्हीं सब योजनाओं के लिए कहा जाता है कि मोदी है तो मुमकिन है। वहीं, पूजा शर्मा स्टोर के मालिक ने कहा 50 से 80 फीसदी तक सस्ती दवाइयां उपलब्ध है। इसके देशभर में 14000 से अधिक केंद्र कार्यरत है और केंद्र में 2000 से अधिक उच्च गुणवत्ता युक्त दवाइयां उपलब्ध होंगी। इस मौके पर स्टोर मैनेजर आनंद कुमार, अंशु फार्मासिस्ट अमित कुमार, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ सबिता राय चौधरी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया हीरापुर के ब्रांच मैनेजर दीपेंद्र, बिहारी लाल चौधरी, हीरापुर शाखा के कुसुम कुमार, यशोदा इंटरप्राइजेज के शिव प्रसाद शर्मा और नंद लाल शर्मा आदि उपस्थित थे।

# धनबाद पहुंचे केंद्रीय कोयला खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय कोयला खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे रविवार को धनबाद पहुंचे। जिनका विधायक राज सिन्हा, श्री राम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, भाजपा के महानगर जिला अध्यक्ष सरवन राय, हर्ष सिंह, मनोज मालाकार और रवि सिन्हा ने स्वागत किया। उदय प्रताप सिंह ने मंत्री से आउटसोर्सिंग में मजदूरों पर हो रहे शोषण पर संज्ञान लेने की मांग की। साथ ही कोलियरी क्षेत्र में पानी का छिड़काव सहित मजदूरों की अन्य समस्याओं से अवगत करवाया। इसके बाद सभी लोग धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ कार्यालय, विश्वकर्मा भवन, हीरापुर पुलिस लाइन के लिए रवाना हुए।

# टैंकर का ब्रेक हुआ फेल, आपस में टकराये चार वाहन

**टैंकर चालक सहित दो घायल, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल**

आजाद सिपाही संवाददाता







**धनबाद।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र में एनएच-19 जीटी रोड पर चार वाहनों की आपस में टक्कर हो गई। इस हादसे में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें सीएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटना की मुख्य वजह एक टैंकर का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। टैंकर चालक अमन ने बताया कि वह मध्य प्रदेश से कोलकाता जा रहा था। उसके आगे एक कंटेनर चल रहा था। कंटेनर चालक ने अचानक ब्रेक लगाया। पर टैंकर का ब्रेक फेल होने से वह कंटेनर से टकरा गया। इसके बाद पीछे से आ रही एक 407 और एक अन्य वाहन भी आपस में टकरा गए। दुर्घटना में टैंकर चालक अमन के दोनों पैरों की हड्डियां टूट गई हैं।

### टैंकर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त

गोविंदपुर पुलिस ने सभी दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। तीन वाहनों को पुलिस यार्ड में रखा गया है। टैंकर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण सड़क पर ही खड़ा था। जिसे बाद में हटा लिया गया। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच-19 के इस क्षेत्र में हादसे आम बात हो गए हैं। तेज रफ्तार, खराब सड़कें और ट्रैफिक नियंत्रण की कमी इसका मुख्य कारण है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती बढ़ाई जाए। साथ ही स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं और सड़कों की मरम्मत कराई जाए।

# लोको पायलट की पत्नियों का दिखा रौद्र रूप, गोमो स्टेशन पर जमकर हंगामा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोमो रेलवे क्रू लॉबी में लोको पायलट की पत्नियों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान उन्होंने डीआरएम के खिलाफ नारे भी लगाए। इतना ही नहीं महिलाओं ने कुछ देर के लिए रेल क्रू लॉबी का कामकाज भी पूरी तरह से ठप कर दिया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा कि जब तक रेल प्रशासन एनके गौतम का ट्रांसफर वापस नहीं लेती, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। दूसरी ओर, महिलाओं का रौद्र रूप देख अधिकारियों ने बाद की और सकारात्मक आश्वासन दिया, जिसके बाद महिलाओं का धरना समाप्त हुआ। इस दौरान करीब तीन घंटे तक महिलाओं ने क्रू लॉबी में धरना दिया। बतातें चलें कि गोमो के लोको पायलट एनके गौतम का ट्रांसफर शक्तिनगर कर दिया गया है। जिस कारण उनकी पत्नी सहित सैकड़ों संख्या में लोको पायलट की पत्नियों ने गोमो क्रू लॉबी को घेरकर ट्रांसफर को रद्द करने की मांग करने लगी। गौतम कुमार की पत्नी ज्योतिमाला कुमारी ने मोबाइल में खून की उल्टी की तस्वीर को दिखाते हुए बताया कि मेरे बेटे को खून की उल्टी हो रही थी। जिस कारण मेरे पति गौतम कुमार अपनी ड्यूटी करने के बाद कोडरमा रनिंग रूम में थे। वहां से सूचना पाकर वे गोमो घर आ गए, जिस कारण उनके पति का ट्रांसफर कर दिया गया. जिसका विरोध कर रहे हैं। वहीं, कुछ महिलाओं ने बताया कि उनके लोको पायलट पातियों से बंधुआ मजदूरों की तरह से रेल के अफसरों द्वारा काम करवाया जा रहा है। हम लोको पायलट के परिवार किसी तरह के त्योहारों को नहीं मना पाते हैं। धरना दे रही महिलाओं ने धनबाद डीआरएम के नाम लिखित रूप से अपनी मांगों को लेकर आवेदन दिया। वहीं अधिकारियों के आश्वासन के बाद करीब 3 घंटे बाद धरना समाप्त किया।

# मामा के घर घूमने आये किशोर की दामोदर नदी में डूबने से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के ढोरी खास के पास रविवार की दोपहर दामोदर नदी में नहाने गये 16 वर्षीय एक किशोर की डूबने से मौत हो गयी। उसकी पहचान आयुष जायसवाल (16) के रूप में हुई है। वह ओडिशा के बरबील का रहने वाला है। अपनी मां संजू देवी के साथ शुक्रवार को अपने मामा 5 नंबर धौड़ा निवासी भोला निषाद के यहां घूमने आया था। रविवार की दोपहर दो बजे आयुष अपने मामा के दो बेटों गोलू कुमार और श्याम कुमार के साथ ढोरी खास दामोदर नदी नहाने गया था। नहाने के क्रम में गहराई में चले जाने के कारण तीनों बच्चे डूबने लगा। तभी पास में मछली पकड़ रहे एक युवक ने किसी तरह दो बच्चों श्याम और गोलू को बचा लिया, लेकिन आयुष को नहीं बचा पाया। बीएमएस नेता ललन मल्लाह को इसकी खबर मिली तो वे तुरंत मौके पर पहुंच गये और बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह, बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह को सूचना दिया। प्रशासन ने तुरंत गोतखोर को इसकी सूचना देकर आयुष को खोजने के लिए बुलाया। देर शाम छह बजे गोतखोर की टीम घटनास्थल पर पहुंची। काफी अंधेरा होने के वजह से पहले तो नदी में उतारने के लिए असमर्थता जताई। बाद में टार्च की रोशनी से नदी में गोताखोर की टीम उतरी। तबे आयुष का शव नदी तट पर ही मिला। जिसे गोतखोर की टीम ने बाहर निकला। बतातेंच चलें कि आयुष के पिता विशाल जायसवाल धनबाद के रहने वाले है, जो ओडिशा के बरबील में काम करते है। वहीं, आयुष और उसकी मां भी रहती थी। आयुष अपने मां-बाप का इकलौता बेटा है।


# गलत टिकट देने पर कटा फाइन हंगामा के बाद वापस मिले पैसे




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गलत टिकट देने और धनबाद रेलवे स्टेशन पर टीटी द्वारा यात्री को पकड कर उसका 540 रुपया का काट दिये जाने के बाद जमकर हंगामा होने का मामला प्रकाश में आया है। धोखरा के ग्रामीणों द्वारा जमकर हंगामा करने और मामला बढ़ता देख रेलवे कर्मियों ने बाद में पैसा लौटा दिया। जानकारी के मुताबिक कर्माटांड़ स्थित ढोकरा हाल्ट टिकट काउंटर पहुंचे एक व्यक्ति ने धनबाद जाने के लिए टिकट काउंटर से टिकट खरीदा था। उस व्यक्ति को गोमो का टिकट दिया गया। जिसकी कीमत 30 रुपए है। वह व्यक्ति धनबाद में उतर गया। वहां से धनबाद स्टेशन टिकट काउंटर जाने के क्रम में टीटी ने टिकट दिखाने को कहा। उसने ढोकरा हाल्ट टिकट काउंटर से जो टिकट लिया था उसे दिखाया। पर टिकट देखते ही टीटी ने कहा कि यह टिकट गलत है। उसका फाइन कटेगा। इस पर भुक्तभोगी ने कहा कि उसने रेलवे के टिकट काउंटर से टिकट लिया है और पैसे भी दिए हैं फिर यह गलत कैसे हो सकता है? पर टीटी ने उसे व्यक्ति की एक न सुनी और 540 रुपए का चालान काट दिया। उसने वहां फाइन भर दिया और वापस ढोकरा हाल्ट टिकट काउंटर पहुंच गया। जिसने टिकट दी थी उसे सारी बात बतायी, लेकिन टिकट काउंटर पर बैठे व्यक्ति ने उसकी कोई मदद नहीं की। इस पर उक्त व्यक्ति ने इसकी जानकारी वहां के लोगों को दी, जिसके बाद ग्रामीण उग्र हो गए हैं और टिकट काउंटर में बैठे व्यक्ति की पिटाई कर दी। इससे भयभीत टिकट काउंटर में बैठे कर्मचारियों ने भीतर से टिकट काउंटर को बंद कर दिया और अपने वरीय अधिकारियों को फोन कर इसकी जानकारी दी। इसके बाद रेलवे प्रशासन सहित कई अधिकारी पहुंचे और मामले की जांच की। इसके बाद जिस व्यक्ति के साथ यह घटना घटी उस व्यक्ति का फाइन रसीद सहित टिकट काउंटर के कर्मचारियों ने पैसे वापस कर दिया गया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई नया मामला नहीं है। इससे पहले भी इस प्रकार की घटना घट चुकी हैं।

# गोविंदपुर एरिया-3 के नये क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक ने ग्रहण किया पदभार



**कतरास (आजाद सिपाही)।** ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड मुगमा एरिया के क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक यशवंत सिंह ने बीसीसीएल के गोविंदपुर एरिया 3 में क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया है। इस पर गोविंदपुर एरिया के वित्त प्रबंधक चंद्रेश चंद्र चौधरी, सचिन जायसवाल, अभिषेक गुप्ता, प्रशांत कुमार आदि ने उनका स्वागत किया। वहीं, नये वित्त प्रबंधक ने बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया को बारहों एरिया में नंबर वन बनाने के लिए सभी कर्मचारियों को नए-नए सुझाव दिये। बताते चलें कि यहां कार्यरत क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक रविकांत की पदोन्नति हो गयी है और वे नागपुर स्थानांतरित हो गये हैं।

# दामोदर एवं उसकी सहायक नदियों को बचाने के लिए सभी को मिलकर करना होगा प्रयास : रामचंद्र रवानी

### दामोदर एवं सहायक नदियों को बचाने को लेकर झारखंड किसान विकास संघ की बैठक



बैठक में उपस्थित गणमान्य लोग।

धनबाद (आजाद सिपाही)। दामोदर एवं उसकी सहायक नदियों पर चल रहे जन जागरण कार्यक्रम के तहत झारखंड किसान विकास संघ की ओर से साउथ बलिहारी स्थित पंचायत भवन के प्रांगण में रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी सुनीता कुमारी ने की। इसमें भागाबांध, बोर्रागढ़ क्षेत्र से होकर बहने वाली कालिजोरिया नदी को प्रदूषण मुक्त करने को लेकर अभियान चलाया गया। बैठक में वार्ड नंबर 10 के पूर्व पार्षद देवाशीष पासवान, संगठन के अध्यक्ष रामचंद्र रवानी, राम रतन राम, दशरथ तांती, महिला नेत्री पूनम सिंह, जैहुरून बीवी, किरण देवी, संगीता देवी, फैयाज अहमद, अब्दुल रज्जाक, पिंकी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर रामचंद्र रवानी ने कहा कि पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के तहत अगली बैठक मूनीडीह स्थित भठिंडा फॉल से शुरू होगी। दामोदर एवं उसके सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जा रहा हैं। प्रदूषित हो रही नदियों को देखकर तकलीफ होती है। सभी सहायक नदियां खतरे की ओर अग्रसर है। कुछ तो लुप्त हो गई है। प्रशासन के साथ मिलकर उसे प्रदूषण मुक्त करना और नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए हम सभी को मिलकर नदियां निरंतर बहती रहे इसका प्रयास किया जाना है। बतातें चलें कि विगत 22 अप्रैल पृथ्वी दिवस से लेकर पांच जून पर्यावरण दिवस तक कार्यक्रम संचालित होगी। इसमें महिलाए बढ़ चढ़ कर भाग ले रही है। बैठक के बाद सभी कालीजोरिया नदी पर जाकर देखा एवं स्थानीय लोगों से नदी को स्वच्छ करने के लिए आग्रह किया गया।

# गोमिया पंचायत के झामुमो अध्यक्ष बने रंजीत दास



**आइइएल (आजाद सिपाही)।** झामुमो गोमिया पंचायत के अध्यक्ष रंजीत कुमार दास को बनाया गया। वहीं नवनियुक्त पंचायत अध्यक्ष रंजीत दास ने बताया कि पार्टी के वरीय अधिकारियों ने जो जिम्मेवारी सौंपी है उसे पूरी ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा। साथ ही गोमिया पंचायत में पार्टी को मजबूत बनाने का प्रयास करूंगा। उधर, रंजीत दास को गोमिया पंचायत का अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।





# देवघर के प्रकाश केशरी को राष्ट्रपति भवन में मिला सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघरवासियों के लिए आज का दिन गर्व और गौरव से भरा रहा जब शहर के वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश केशरी को राष्ट्रपति भवन, नयी दिल्ली में आयोजित 'Ageing With Dignity' कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें आमंत्रित कर वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु उनके योगदान को सराहा।

कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों के सम्मान, सुरक्षा और जीवन गुणवत्ता में सुधार को बढ़ावा देना था। महामहिम राष्ट्रपति ने अपने भाषण में कहा कि बुजुर्ग लोग अतीत से जुड़े होते हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी। समाज के हर नागरिक को चाहिए कि वे बुजुर्गों की भलाई, सम्मान और खुशी के लिए स्वयं को समर्पित करें, उनके अनुभवों को महत्व दें और उनके सान्निध्य का आनंद लें।

प्रकाश केशरी, जो वर्षों से सामाजिक सेवा में सक्रिय हैं, विशेषकर बुजुर्गों और जरूरतमंदों के लिए काम करते रहे हैं। उनके लिए यह निमंत्रण एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इस सम्मान को सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि समस्त देवघरवासियों के लिए गौरव की बात बताया।

श्री केशरी ने कहा कि यह मेरे जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण क्षण है। यह सम्मान केवल मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि देवघर के हर उस व्यक्ति की मेहनत और सेवा का परिणाम है, जो समाज की बेहतरी के लिए समर्पित है। मैं भगवान बाबा बैद्यनाथ और बाबा बासुकिनाथ की कृपा तथा देवघरवासियों के आशीर्वाद का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। प्रकाश केशरी को इससे पूर्व भी कई सामाजिक मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है, लेकिन राष्ट्रपति भवन से मिला यह निमंत्रण विशेष रूप से प्रेरणास्पद है। यह सम्मान आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देता है कि सेवा का मार्ग कभी निष्फल नहीं होता। देवघर के स्थानीय लोगों ने इसे देवघर की संस्कृति और सेवा भावना की जीत बताया।

# देवघर में माता रानी का भव्य दरबार : यहां विज्ञान खामोश है और चमत्कार बोलते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ धाम की पवित्र धरती पर इन दिनों एक और आस्था का केंद्र बनकर उभरा है चांदनी चौक स्थित हीरा चंद कुंजिलवार का आवास। यहां माता रानी का भव्य दरबार सजा है। यहां हर दिन हजारों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। कोई अपनों के लिए दुआ लेकर आता है, तो कोई अपने टूटे सपनों को जोड़ने की उम्मीद लिये। इस दरबार की आत्मा हैं बाबा, जो खुद को सिर्फ माता रानी का सेवक बताते हैं, लेकिन उनके अनुयायियों की नजर में वो एक फरिश्ता हैं। बाबा का दावा है कि माता की कृपा से वह पिछले 30 वर्षों से गूंगे को आवाज, अंधे को रोशनी और लकवे से जूझते लोगों को चलने की ताकत दे रहे हैं। उनका कहना है कि ये मेरी नहीं, माता रानी की महिमा है। जो सच्चे मन से आता है, उसका दुख माता खुद हर लेती हैं।

श्रद्धालु इस चमत्कारी दरबार को देखकर भावुक हो उठते हैं। एक महिला ने बताया कि डॉक्टरों ने जवाब दे दिया था। हम टूट चुके थे, लेकिन यहां आकर जैसे किसी ने फिर से जीवन लौटा दिया। कई लोगों ने वर्षों पुरानी बीमारियों से मुक्ति पाने का अनुभव साझा किया है। वहीं कुछ इसे अंधविश्वास कहकर खारिज करते हैं, लेकिन बाबा ने उन लोगों को खुला चैलेंज दिया है: अगर कोई यह साबित कर दे कि ये सब झूठ है, तो उसे एक लाख रुपये इनाम दूंगा। देवघर की हवाओं में आजकल भक्ति की सुगंध है, मंत्रों की गूंज है, और उस शक्ति की उपस्थिति है – जो नजर नहीं आती, लेकिन लोगों की आंखों में उम्मीद और दिलों में विश्वास बनकर बस जाती है। यह सिर्फ एक दरबार नहीं, आस्था और चमत्कार का संगम है – जहां हर मनुहार सुनती हैं माता रानी।

# डीसी-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर** जिले में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर और पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग द्वारा सयुंक्त रूप से रविवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एएस कॉलेज, देवघर कॉलेज एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रिखीया में बनाये गये परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने को लेकर एनटीए द्वारा जारी दिशा निर्देश का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित अधिकारियों व केंद्राधीक्षकों को दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त विशाल सागर ने शांतिपूर्ण, नकल विहीन, पारदर्शिता से परीक्षा को लेकर सुरक्षा के सभी इंतजाम के अलावा परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की स्थिति के साथ अभ्यर्थियों के बॉयोमेट्रिक उपस्थिति, पेयजल, सीसीटीवी, शौचालय एवं बिजली व्यवस्था की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, अव्यवस्था या नकल की घटना न हो, इसका ध्यान रखें।

**कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम** : परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। साथ ही धारा 144 के अंतर्गत परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित था। प्रत्येक केंद्र पर मजिस्ट्रेट की तैनाती थी।

# कार्तिकनाथ ठाकुर ने सरकार से की तीर्थ पुरोहितों के लिए स्वास्थ्य बीमा की मांग



**देवघर (आजाद सिपाही)।** बाबा बैद्यनाथ धाम के पंडा धर्मरक्षिणी सभा के पूर्व महामंत्री कार्तिकनाथ ठाकुर ने राज्य और केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि तीर्थ पुरोहितों को भी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्षों से तीर्थ क्षेत्र में सेवा दे रहे पुरोहित आज भी सरकारी योजनाओं से वंचित हैं, जिससे उन्हें कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि तीर्थस्थलों पर सेवाएं देनेवाले सभी मान्यता प्राप्त पुरोहितों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जाये।

# बाल विवाह रोकने को लेकर जागरूकता बैठक



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के मारगोमुंडा प्रखंड के पट्टाजोड़ी गांव में लड़कियों को बाल विवाह से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। कम उम्र में शादी करने से लड़कियों का विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और खेलकूद यह सभी रुक जाता है। मानसिक, शारीरिक हानि होती है। इसलिए कम उम्र में शादी करना अपराध है। लड़की की शादी उम्र कानूनन 18 वर्ष और लड़का की 21 वर्ष है। बैठक में किशोरियों को आश्रय के मुस्कान प्रवीण ने बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूक किया। इस बैठक में आश्रय से तमन्ना प्रवीण, आमना खातून आदि ने भाग लिया।

# देवघर पुलिस और रेडक्रॉस सोसाइटी का रक्तदान शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर रेडक्रॉस सोसाइटी और देवघर पुलिस के संयुक्त प्रयास से शनिवार को शहर के एक निजी होटल में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान में जिले के 12 थानों की पुलिस ने सक्रिय भागीदारी निभायी और सेवा परमो धर्म की भावना को साकार करते हुए उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन ने जानकारी दी कि तीन दिन तक चलने वाले इस शिविर का कुल लक्ष्य 300 यूनिट रक्त संग्रह करने का है। पहले दिन के लिए 100 यूनिट का लक्ष्य रखा गया था, जिसे पूरा करने की दिशा में उल्लेखनीय योगदान देखने को मिला। इस अभियान की अगली कड़ियों में 8 मई को सारठ और 11 मई को मधुपुर में रक्तदान शिविर आयोजित किये जायेंगे।

देवघर पुलिस द्वारा जनसेवा के इस कार्य में दिखायी गयी तत्परता और समर्पण की सर्वत्र सराहना हो रही है। एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग ने बताया कि सोशल पुलिसिंग के तहत रेडक्रॉस सोसाइटी के साथ मिल कर यह रक्तदान सिविल आयोजित किया गया है। इसमें जिले के सारे पुलिस पदाधिकारी और कर्मी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि आनेवाले दिनों में जिले के अन्य स्थानों में भी ऐसे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। साथ ही एसपी ने जिलावासियों से भी अपील की है कि रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभायें।

एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग ने बताया कि सोशल पुलिसिंग के तहत रेडक्रॉस सोसाइटी के साथ मिल कर यह रक्तदान सिविल आयोजित किया गया है। इसमें जिले के सारे पुलिस पदाधिकारी और कर्मी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में जिले के अन्य स्थानों में भी ऐसे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा।









































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**